CMYK

तापमान
अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 77,044.29
निफ्टी 23,437.20

सोना 97,500
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


लखनऊ, गुरुवार 17 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 166 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### चीन के 125 प्रतिशत के जवाब में ट्रम्प का 245 प्रतिशत टैरिफ

विस्तृत खबर देश-विदेश पर




### वानखेड़े में अब रोहित शर्मा के नाम पर भी होगा स्टैंड

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

25 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट, बिहार-झारखंड में ज्यादा खतरा

## गर्मी का 80 साल का रिकॉर्ड टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राजस्थान का बाड़मेर लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बुधवार को देश के 25 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान लगाया है। बिहार, असम और ओडिशा में तेज बारिश की आशंका है। झारखंड, ओडिशा और मेघालय में ओले भी गिर सकते हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि 15 अप्रैल श्रीनगर का बीते 80 सालों में सबसे ज्यादा गर्म दिन था। शहर का तापमान सामान्य से 10.2 डिग्री ज्यादा 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। श्रीनगर में इस वक्त औसत तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रहता है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में इससे पहले 20 अप्रैल, 1946 को सबसे ज्यादा तापमान 31.1 डिग्री दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि 15 अप्रैल को कश्मीर घाटी के अलग-अलग इलाकों में तापमान सामान्य से 8.1 से 11.2 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं, राजस्थान का बाड़मेर लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा। जिले का तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। इधर, हिमाचल में ओलावृष्टि-तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 4 जिलों में भारी बारिश भी हो सकती है। अगले 5 दिन राज्य में मौसम खराब बना रहेगा। हरियाणा में बूंदाबांदी की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी। बिहार के 22 जिलों में बारिश-आंधी का येलो अलर्ट

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, दो नक्सली मारे गए

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव-नारायणपुर सीमा पर बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में दो कट्टर नक्सली मारे गए तथा सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कब्जे से एके-47 और दोनो नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। क्षेत्र में खोजी अभियान जारी है। छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सलियों की कोंडागांव-नारायणपुर सीमा पर आमद देखी गई है, जिसमें सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की घेराबंदी की, जिसमें बुधवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया। आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पूर्वी बस्तर डिवीजन के डिविजनल कमेटी सदस्य हलदर और एरिया कमेटी सदस्य रामे को मार गिराया है और उनके शव बरामद कर लिया है।

## कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धन शोधन मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने के विरोध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ बुधवार को यहां प्रदर्शन किया।

पार्टी महासचिव सचिन पायलट ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कोई तथ्य नहीं है और ईडी की कार्रवाई 'राजनीति से प्रेरित' है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के पास कोई सबूत नहीं है और वह केवल विपक्ष की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पूरे मामले को भाजपा द्वारा रची गई 'साजिश' करार दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा डर के कारण प्रतिशोध की और ओच्छी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी भाजपा के दुष्प्रचार को अदालत में चुनौती देगी।

### कांग्रेस घोटालेबाज़ों का महिमामंडन न करे : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस की देश भर में प्रवर्तन निदेशालय एवं सीबीआई के दफ्तरों पर धरना प्रदर्शन की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है और पूछा है कि कांग्रेस को कानून को अपना काम करने देना चाहिए और घोटालेबाज़ों का महिमामंडन नहीं करना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुत परेशान है और देशभर में धरना देने की बात कर रही है। धरना देने का अधिकार उनका है, लेकिन जमीन और फंड लूटने का अधिकार उन्हें (कांग्रेस को) नहीं है। श्री प्रसाद ने कहा कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र 1937 में शुरू किया गया था। इसमें 5 हजार शेयर होल्डर्स थे, ये नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रही है।

### यूपी के सभी जिलों में खुलेंगे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय

**लखनऊ।** उप्र के सभी जिलों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दफ्तर खोले जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा है कि 1995 में गठन के बाद से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों, क्षेत्र, कार्यप्रकृति में व्यापक परिवर्तन आ चुका है। बदलते समय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इनमें बदलाव किया जाना चाहिए। बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित किया जाए, साथ ही, प्रत्येक जिले में एक-एक कार्यालय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाए जा सकते हैं।

### पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पर सम्मेलन में 80 देशों के राजनयिक हुए शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विदेशी उद्यमियों को देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कारोबार और आर्थिक सहयोग में भाग लेने के लिए आकर्षित करने के उद्देश्य से भारत में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों से उस क्षेत्र में कारोबार की संभावनाओं और अवसरों का पता लगाने का आह्वान किया है। उत्तर-पूर्वी अंचल के कारोबार और विकास में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने और वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य राजधानी में आयोजित बैठक में 80 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक अगले माह 23-24 तारीख को आयोजित किए जा रहे पूर्वोत्तर शिखर सम्मेलन से पहले किए जाने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा थी। बैठक को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री डा. सुकांत मजूमदार ने संबोधित किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सम्मेलन के लिए एक वीडियो संदेश भेजा था।

### भारतीय सेना ने सबसे तेज राहत और बचाव अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** भूकंप से तबाह म्यांमार में भारतीय सेना के इतिहास का सबसे तेज राहत और बचाव अभियान चलाया गया, जिसमें 650 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी गई और सेना द्वारा स्थापित अस्थाई अस्पताल में 65 सर्जरी के साथ-साथ ढाई हजार से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। भारत ने म्यांमार में राहत और बचाव अभियान के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया था और इस सफल ऑपरेशन के बाद भारतीय सेना का दल मंगलवार देर शाम स्वदेश लौट आया। स्वदेश वापसी के बाद सेना की 50 पैराशूट ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर नवीन कुमान ने वायु सेना स्टेशन हिंडन पर मीडिया को बताया कि यह सेना के इतिहास का अब तक का सबसे तेज राहत और बचाव अभियान था।

# हिंसा पर चिंता के बीच वक्फ कानून पर सुनवाई आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई शुरू

■ वक्फ संशोधन अधिनियम संविधान में मुस्लिम आस्था के आवश्यक और अभिन्न पहलुओं में हस्तक्षेप करता है: सिब्बल



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई की, जो गुरुवार को भी जारी रहेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई गुरुवार (आज) तक के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि वह गुरुवार को भी इस मामले में सुनवाई करेगी।

सीजेआई खन्ना ने बुधवार की सुनवाई के अंत में वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ पश्चिम बंगाल में पिछले दिनों भड़की हिंसा पर चिंता जताई। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन, एएम सिंघवी और सीयू सिंह ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें दीं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं। शीर्ष अदालत के समक्ष बहस की शुरुआत श्री सिब्बल ने की। उन्होंने अनुच्छेद 25 और 26 का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम संविधान में मुस्लिम आस्था के आवश्यक और अभिन्न पहलुओं में हस्तक्षेप करता है। उन्होंने प्रस्तुत किया कि संशोधित प्रावधानों में 'कानून के अनुसार' वाक्यांश आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को कमजोर करता है और विधायी अतिक्रमण के लिए द्वार खोलता है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि चुनौतियों को बिंदुवार प्रस्तुत किया जाए। इस पर श्री सिब्बल ने धारा 3(आर) के प्रावधान को चुनौती देकर शुरुआत की, 'यह उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को तब तक बने रहने की अनुमति देता है, जब तक कि विवाद न हो या सरकार द्वारा दावा न किया जाए।' इसके बारे में उन्होंने तर्क दिया कि यह वक्फ के सार को कमजोर करता है। धारा 3ए (2): यह प्रावधान, जो वक्फ-अल-औलाद और महिलाओं को विरासत से संबंधित है, श्री सिब्बल ने सवाल किया कि 'इस्लामिक विरासत में हस्तक्षेप करने वाला राज्य कौन है, जो केवल मृत्यु के बाद प्रभावी होता है?' इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हिंदू समुदायों के लिए समान कानून मौजूद हैं और अनुच्छेद 26 धर्मनिरपेक्ष है और सभी धर्मों पर लागू होता है। फिर श्री सिब्बल ने धारा 3सी को भी चुनौती दी। अधिनियम के लागू होने के बाद सरकार द्वारा पहचानी गई संपत्तियों को अब वक्फ नहीं माना जाएगा। धारा 3सी(2): सरकार को बिना किसी निर्धारित समयसीमा के ऐसी संपत्तियों को एकतरफा घोषित करने की अनुमति देता है, जिसे उन्होंने असंवैधानिक बताया। संरक्षित स्मारकों पर प्रावधान को लेकर उन्होंने तर्क दिया -शेष पृष्ठ दो पर

### भाषा का धर्म नहीं होता, उर्दू को मुसलमानों की भाषा मानना गलत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अकोला जिले के पाटुर नगर परिषद के बोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू भाषा के उपयोग को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भाषा का धर्म नहीं होता और उर्दू को केवल मुसलमानों की भाषा मानना सच्चाई और भारत की विविधता की एक दुर्भाग्यपूर्ण गलतफहमी है। यह याचिका पूर्व नगर सेविका वर्षाताई संजय बगाड़े ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि नगर परिषद का कार्य केवल मराठी में ही हो सकता है और उर्दू का उपयोग बोर्ड पर भी नहीं होना चाहिए। पहले यह याचिका नगर परिषद और फिर बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। अंत में याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भाषा किसी धर्म की नहीं, बल्कि समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है।

### 52वें सीजेआई बनेंगे जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस बीआर गवई के नाम की आधिकारिक सिफारिश की है। उनके नाम को मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेज दिया गया है। इसके साथ ही जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई का भारत का 52वां मुख्य न्यायाधीश बनना तय हो गया है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो रहा है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम है। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया है। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 7 महीने का होगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवम्बर 2025 है। जस्टिस गवई का 24 नवम्बर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया। 1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की।

## नया कानून संघीय ढांचे के खिलाफ: ममता

### इंडिया समूह को इसका विरोध करना चाहिए

कोलकाता, वार्ता



**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुधवार को नए वक्फ कानून को संघीय ढांचे के खिलाफ बताया और इंडिया समूह के घटकों से केंद्र की भाजपा नीत सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम का एकजुट होकर विरोध करने का आग्रह किया।

सुश्री बनर्जी ने आरोप लगाया कि यह कानून देश के संघीय ढांचे को 'कमजोर' करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मौलिक अधिकारों को छीन लिया है। यह कानून संघीय ढांचे के खिलाफ है। मैं आपके माध्यम से इंडिया समूह से अपील करूंगी कि हम एकजुट हों और साहसपूर्वक मिलकर इसके खिलाफ लड़ें। यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है, इसका असर हर किसी पर पड़ेगा। आज वे एक समूह को निशाना बना रहे हैं। कल वे दूसरे को निशाना बनाएंगे। इसके बाद वे समान नागरिक संहिता की बात कर रहे हैं। सुश्री बनर्जी ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में इमामों, मुअज्जिमों और बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में बोलते हुए भाजपा पर देश के संघीय ढांचे के मूल ढांचे को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डा. बीआर अंबेडकर ने पूरे देश के लिए इस संविधान का मसौदा तैयार किया था। भाजपा को यह समझना चाहिए कि यह भारत का है, किसी एक पार्टी का नहीं।

### मुर्शिदाबाद हिंसा की NIA जांच को लेकर कई याचिकाएं दायर

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय में मुर्शिदाबाद हिंसा मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराए जाने को लेकर कई याचिकाएं बुधवार को दायर की गईं। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन याचिकाओं में हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविर स्थापित करने और विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी की ओर से हिंसा प्रभावित धुलियान का दौरा करने की अनुमति भी मांगी गई है।

## अमित शाह का भतीजा बनकर चार करोड़ ठगे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कोर्ट ने की आरोपी की जमानत याचिका खारिज

■ 90 करोड़ का टेंडर दिलवाने का झांसा दिया, 2021 से न्यायिक हिरासत में

**दिल्ली की** पटियाला हाउस कोर्ट ने एक हाई-प्रोफाइल ठगी के मामले में आरोपी अजय कुमार नय्यर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। नय्यर पर आरोप है कि उसने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भतीजा बताकर एक कारोबारी से 3.9 करोड़ रुपये ठगे। आरोपी 10 नवम्बर 2021 से न्यायिक हिरासत में है।

एडिशनल सेशन जज (एडीजे) डा. हरदीप कौर ने सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपों की गंभीरता और अपराध की प्रकृति को देखते हुए अदालत आरोपी को जमानत देने के पक्ष में नहीं है। इसलिए यह जमानत याचिका खारिज की जाती है। अदालत ने कहा कि आरोपी ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री का भतीजा बताकर शिकायतकर्ता से राष्ट्रपति भवन के नवीनीकरण के लिए 90 करोड़ रुपये का टेंडर दिलवाने का झांसा दिया और इसके बदले में शिकायतकर्ता से नकद और आरटीजीएस के माध्यम से 3.9 करोड़ रुपये लिए। सरकारी वकील ने बताया कि शिकायतकर्ता अब तक जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहा है और उसने अभियोजन पक्ष के दावों की पुष्टि की है। जमानत याचिका के दौरान आरोपी के वकील ने यह दलील दी कि नय्यर 39 महीने से जेल में है, मामले की जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। साथ ही यह भी बताया गया कि अन्य सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सिर्फ जेल में लंबी अवधि बिताना और चार्जशीट का दाखिल हो जाना जमानत का आधार नहीं हो सकता। अदालत को इस दौरान अपराध की गंभीरता, आरोपी का व्यवहार, अपराध दोहराने की संभावना, गवाहों को प्रभावित करने या डराने का खतरा और न्याय प्रक्रिया में बाधा आने की संभावना जैसे कारकों पर भी विचार करना होता है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि आरोपी अन्य सह-आरोपियों के समान आधार पर जमानत की मांग नहीं कर सकता, क्योंकि उसका रोल उनसे अलग और ज्यादा गंभीर है।

## नेशनल हेराल्ड जब संपत्ति व पैसे का लेन-देन नहीं हुआ, तो मनी लॉन्ड्रिंग कैसा: सिंघवी

■ सोनिया गांधी व राहुल पर चलाया जा रहा मामला राजनीति से प्रेरित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि काले धन को वैध बनाने को लेकर जो मामला कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य पर चलाया जा रहा है, वह राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि इसमें किसी भी स्तर पर पैसे का लेनदेन नहीं हुआ है, तो फिर यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग का कैसे हो सकता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब इस मामले में पैसे का लेन-देन ही नहीं हुआ है, तो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला यह कैसे बन गया। इस तरह से यह राजनीतिक रूप से की गई बदले की भावना की कार्रवाई है और यदि ऐसा नहीं होता तो यह मामला सबसे बड़ा हास्यास्पद मामलों में से एक होता। उन्होंने कहा कि ये अजीबोगरीब केस है, जिसे मैं प्रमाणित भी करूंगा। अगर ये राजनीतिक द्वेष का उदाहरण नहीं होता, तो कानूनी रूप से हास्यास्पद होता। बिना किसी पैसे या संपत्ति के ट्रांसफर हुए कैसे ये केस मनी लॉन्ड्रिंग का मामला बन गया, यह कहानी कैसे शुरू हुई, देश को इस बारे में जानना जरूरी है। एजेएल जानी-मानी कंपनी है, जो दशकों पुरानी है। अर्थिक रूप से यह कंपनी सफल नहीं रही। उन वर्षों में अलग-अलग समय में कांग्रेस ने इस कंपनी को लोन दिया। ऐसे में कई दशक बाद ये रुपया कुल 90 करोड़ रुपये हो गया।

### दार्जिलिंग सांसद की सहमति के बाद वक्फ संशोधन विरोधी रैली रद्द

**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग के सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्टा ने फुलबाड़ी में प्रस्तावित वक्फ संशोधन अधिनियम विरोधी रैली के रद्द होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बुद्धिमत्ता की जीत हुई है और प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप कर क्षेत्र की शांति को बचा लिया है। उन्होंने राज्य प्रशासन और सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव के इस निर्णय की सराहना की, जिससे सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग हिल्स, तराई और डूआर्स जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहेगा। हालांकि, श्री बिष्टा ने चिंता व्यक्त की कि लाइव प्रसारण के दौरान फुलबाड़ी जामा मस्जिद के इमाम द्वारा यह दावा किया गया कि मेयर ने भविष्य में इस रैली को अनुमति देने का आश्वासन दिया है। इसे लेकर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस की यह दोहरी नीति - एक ओर रैली को रद्द करना और दूसरी ओर भविष्य में अनुमति देने का आश्वासन देना - क्षेत्र की जनता के लिए अस्वीकार्य है। राजू बिष्टा ने वक्फ संशोधन अधिनियम का समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को अधिक पारदर्शी, लोकतांत्रिक और समावेशी बनाने के उद्देश्य से लाया गया है।

## सफर के दौरान रेल यात्री अब निकाल सकेंगे कैश

### मुंबई-मनमाड रूट पर पंचवटी एक्सप्रेस बनी देश की पहली एटीएम वाली ट्रेन



**मुंबई।** मुंबई-मनमाड के बीच चलने वाली पंचवटी एक्सप्रेस देश की पहली ऐसी ट्रेन बन गई है, जिसमें एटीएम मशीन लगाई गई है। इस सुविधा की शुरुआत भारतीय रेलवे के इनोवेटिव एंड नॉन-फेयर रेवेन्यू आइडियाज स्कीम के तहत की गई है। यह एटीएम ट्रेन के एसी कोच में लगाया गया है और इसका पायलट रन भी पूरा कर लिया गया है।

अब यात्री ट्रेन में सफर करते हुए भी कैश निकाल सकेंगे, जिससे खास तौर पर लंबे सफर के दौरान उन्हें बड़ी सुविधा मिलेगी। यह एटीएम भुसावल रेलवे मंडल और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की साझेदारी से लगाया गया है। हालांकि, इगतपुरी से कसारा के बीच कुछ जगहों पर नेटवर्क की थोड़ी दिक्कत देखी गई, लेकिन पूरे सफर में मशीन ने अच्छी तरह काम किया। एटीएम के लिए ट्रेन में पूरा नेटवर्क सिस्टम लगाया गया है। जिससे उसकी कनेक्टिविटी बनी रहे। भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने बताया कि एटीएम के ट्रायल के परिणाम सकारात्मक रहे हैं। अब लोग सफर के दौरान भी पैसे निकाल सकेंगे। हम मशीन की परफॉर्मेंस पर लगातार नजर रखेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यह एटीएम मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस में भी उपलब्ध रहेगा, क्योंकि दोनों ट्रेनें एक ही रेक साझा करती हैं। सुरक्षा के लिए एटीएम को शटर सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया। एटीएम के लिए बनाए गए स्पेस में सुरक्षा के लिए शटर लगाया गया है। 22 डिब्बों वाली इस ट्रेन में सभी डिब्बे वेस्टीब्यूल से जुड़े हुए हैं, जिससे सभी यात्री एटीएम तक पहुंच सकते हैं। इस मशीन से सिर्फ पैसे निकालने ही नहीं, बल्कि चेकबुक ऑर्डर करने और अकाउंट स्टेटमेंट निकालने की सुविधा भी दी गई है। सुरक्षा के लिए एटीएम को शटर सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अगर यह सेवा यात्रियों के बीच लोकप्रिय होती है तो इसे अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जा सकता है।

### मणिपुर में 11 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने पिछले 24 घंटों में चार अलग-अलग घटनाओं में 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के हीरोक-पीएस के अंतर्गत बाजार के पास से चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोग थौबल जिले के आम लोगों से जबरन वसूली में शामिल थे। उनके पास से पिस्तौल और हथगोला बरामद किया गया। एक अन्य घटना में मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के वेइथौ चिरू से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

# अलीगढ़ से भागे सास और दामाद नेपाल बॉर्डर से पकड़े

**अलीगढ़, वार्ता**

**जनपद** के गांव मछरियासे भागे सास और दामाद को नेपाल के बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों 10 दिन से फरार थे। पुलिस ने इन्हें बिहार के नेपाल बॉर्डर से पकड़ा है। बीते छह अप्रैल को दादों थाना क्षेत्र के मछरिया गांव नगला निवासी राहुल मडराक थाना क्षेत्र मनो. हरपुर गांव निवासी अपनी होने वाली सास सपना देवी को लेकरफरार हो गया था। पुलिस दोनों को लेकर दादों थाने पहुंची, चूंकि दोनों की गुमशुदगी मडराक थाने में दर्ज गई थी, तो यहां से मडराक थाना पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

एसपी ग्रामीण अमृत जैन ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है और बताया कि पूछताछ में सास सपना देवी ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए। सपना ने बताया कि पति जितेंद्र शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था। इसी वजह से उनसे दामाद राहुल के साथ जाने का फैसला किया। सपना देवी ने पुलिस अधिकारियों से एक गुजारिश भी की। उसका कहना था कि वह मडराक थाने पर नहीं जाएगी, दादों थाने की पुलिस से उसे मदद चाहिए। पुलिस ने दोनों की लोकेशन ट्रैस कर ली थी। लोकेशन ट्रैस होने के बाद पुलिस की दो टीमों को नेपाल बॉर्डर भेज गया। इसी बीच सास-दामाद को अलीगढ़ पुलिस के आने की भनक लग गई और इन्होंने खुद बुधवार को दादों थाने में आकर सरेंडर कर दिया। हालांकि पुलिस अधिकारियों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी नेपाल बॉर्डर से दोनों की गिरफ्तारी की बात कह रहे हैं। अलीगढ़ का सास-दामाद केस काफी सर्खियों में रह। जिस लड़के राहुल के साथ सपना देवी अपनी बेटी शिवानी की शादी करने वाली थी, उसी के साथ फरार हो गई। शादी के 9 दिन पहले अचानक सास-दामाद के गायब होने से दोनों परिवारों में हड़कंप मचा गया।

# केजीबीवी के हर विद्यालय में बनेगी एस्ट्रोनॉमी लैब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में एस्ट्रोनॉमी लैब की स्थापना का निर्णय लिया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति विद्यालय चार लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है और कुल 29.84 करोड़ रुपए की परियोजना को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और उसमें 54 महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी ने इस पहल को नई ऊर्जा दी है। प्रदेश सरकार चाहती है कि यूपी की बेटियां भी आने वाले समय में इसरो, डीआरडीओ और नासा जैसे संस्थानों में अपनी भूमिका निभाएं। लैब्स में प्लेनेटेरियम की तर्ज़ पर छात्राएं सौरमंडल, ग्रह-उपग्रह, खगोलीय घटनाएं जैसे सूर्यग्रहण व चंद्रग्रहण का अध्ययन करेंगी। स्पेसक्राफ्ट, मिसाइलें, स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, इसरो परियोजनाएं और भारतीय वैज्ञानिकों के मॉडल इन प्रयोगशालाओं का हिस्सा होंगे। इस लैब में बालिकाओं द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित विभिन्न वर्किंग मॉडल तैयार किए जाएंगे। इन वर्किंग मॉडल का उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में किया जाएगा।

# सोनिया-राहुल पर कार्रवाई कलयुग का प्रतीक



■ जिस परिवार ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उस पर मुकदमा दर्ज कराया: तिवारी

**लखनऊ, वार्ता**

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर निराशा जताते हुए पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि जिस परिवार ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और जिस अखबार ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल बजाया, उस पर ईडी से फर्जी मुकदमा लिखवाना कलयुग का प्रतीक है।

तिवारी ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कलयुग इसी को कहते हैं कि आजादी की लघई लघ्ने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले परिवारीजनों के खिलाफ तथा उस 'नेशनल हेराल्ड' अखबार के खिलाफ, जिसने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल बजाया था उसके खिलाफ उस संगठन ने जिसने वर्ष 1942 में अंग्रेजों का साथ दिया था और अंग्रेजों की फौज में भर्ती की अपील की थी, वह राजनैतिक पार्टी ईडी से फर्जी मुकदमा लिखवा रही है तथा अंग्रेजों के सपनों को पूरा कर रही है। भाजपा उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'। उन्होने कहा कि एसोसिएटड जनरल लिमिटेड के अखबार नेशनल हेराल्ड की स्थापना पंडित जवाहर लाल नेहरू, रफी अहमद किदवई और पुरुषोत्तम दास टंडन जैसे लोगों ने की थी। नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम की आवाज थी, जब अधिकांश अखबार अंग्रेजों की बातें छापते थे। नेशनल हेराल्ड को ब्रिटिश हुकूमत ने बैन भी किया था। एजेएल पर कर्ज चढ़ने के कारण कांग्रेस ने 2002-2011 के बीच 100 बैंक हस्तांतरण/ चेक के माध्यम से उसे 90 करोड़ रुपए का लोन दिया और यह लोन वीआरएस, ग्रेज्यूटी, पीएफ, टैक्स और बिजली बिल अदा करने के काम आया। तिवारी ने कहा है कि यह कहना झूठ है कि यंग इंडिया ने एजेएल को टेकओवर कर लिया और यह भी सरासर झूठ है कि 'गांधी परिवार' इससे खूब पैसा बना रहा है। यंग इंडिया सेक्शन 25 की अलाभकारी कंपनी है, जिसमें एक भी पैसे का मुनाफा, डिवीडेंट, वेतन वगैरह शेयर होल्डर को नहीं मिल सकता। यंग इंडिया के चार शेयरहोल्डरों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ऑस्कर फर्नांडिस, मोतीलाल वोरा थे, जबकि एजेएल 700 शेयरहोल्डर थे, ईजीएम में उनकी सहमति के बाद ही कर्ज शेयर में तब्दील हुआ, जिससे यंग इंडिया भी एक और शेयरहोल्डर बन गया। यंग इंडिया ने एजेएल का टेकओवर नहीं किया सारे असेट्स और आय एजेएल के हैं, यंग इंडिया के नहीं है। कोई भी रेंटल एजेएल को जाता है न कि यंग इंडिया या उसके किसी भी शेयर होल्डर को। एजेएल के पास 5000 करोड़ की प्रॉपर्टी नहीं है। आयकर विभाग ने ने तो खुद एजेआई की सारी प्रापर्टी का आंकलन मात्र 359 करोड़ रुपए पर किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुत्रवधु की हत्या कर ससुर ने फांसी लगा की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कांट क्षेत्र में बुधवार सुबह मामूली विवाद में ससुर ने अपनी पुत्रवधु की गर्दन पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी और कुछ घंटों बाद गांव के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि हठीपुर कुरिया गांव निवासी सुमित्रा (30) का उसके ससुर राजपाल (70) से किसी बात को विवाद हो गया था, जिससे गुस्से में आकर उसने कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी राजपाल मौके से फरार हो गया था। कुछ घंटे बाद आरोपी राजपाल का शव गांव के बाग में आम के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। ग्रामीणों से हुई पूछताछ के अनुसार आरोपी शराब का आदी था और संभवत: मृतका से इसी को लेकर कुछ कहासुनी हो गई, जिसके चलते उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से प्रहार करके उसकी हत्या कर दी। उसके बाद राजपाल ने फांसी लगा कर हत्या कर ली। द्विवेदी ने बताया कि मृतका का पति ट्रक ड्राइवर है और वह अक्सर ट्रक लेकर बाहर जाता है घटना वाले दिन भी वह बाहर ही था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच कर दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नैनी में युवक की हत्या, कब्रिस्तान में फेंका शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नैनी कोतवाली के अरैल स्थित करबला कब्रिस्तान में बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नैनी कोतवाली के अरैल स्थित करबला कब्रिस्तान में बुधवार भोर में एक युवक का शव लोगों देखकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव की शिनाख्त उसी क्षेत्र क्षेत्र के मुरादपुर निवासी मोहसिन खान (22) के रूप में की। उन्होंने परिंजनों के हवाले से बताया कि मंगलवार शाम को वह किसी शादी आयोजन में खाना बनाने के लिए गया था लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। सुबह सूचना मिली कि कब्रिस्तान में किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ममता दीदी को शांतिदूत दिखाई दे रहे दंगाई: योगी

# बंगाल में जलाए जा रहे हिन्दुओं के घर



■ कांग्रेस ने नहीं बनने दिया बाबा साहब का स्मारक

■ आगरा में तीन दिवसीय भीम नगरी महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

**आगरा, वार्ता**

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी को दंगाई शांतिदूत दिखाई दे रहे हैं। इनका इंतजाम डंडे से ही हो सकता है। पश्चिम बंगाल में हो रहे दंगों में गरीब हिंदू व दलितों के घर जलाए जा रहे हैं। कांग्रेस, सपा व बाकी सब चुप हैं। ये बातें मुख्यमंत्री ने आगरा में आवास विकास कालोनी, सेक्टर-11 में आयोजित तीन दिवसीय भीम नगरी महोत्सव का उद्घाटन के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी ने घोषणा की कि लखनऊ की तरह आगरा में भी डा. बीआर अंबेडकर शोध केंद्र बनेगा। यहां बाबा साहब के जीवन व दर्शन के साथ विदेश, अर्थ व समाज नीति पर शोध होंगे। साथ ही कहा कि इस शोध केंद्र के साथ एक छात्रावास भी बनाया जाएगा, जहां उच्च शिक्षा के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को भी राजकीय भवन घोषित करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीरो पावर्टी योजना का नाम डा. अंबेडकर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। बाबा साहब चाहते थे कि गरीब, वंचित और दलितों को उनका हक मिले। सरकार उनके सपने को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जीरो पावर्टी मिशन का फायदा सबसे ज्यादा गरीबों को होगा। जिनके पास घर नहीं है, उन्हें घर मिलेगा। रोजगार व राशन मिलेगा। आयुष्मान कार्ड, पेंशन और जमीन के पट्टे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015-16 में सपा सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी थी। जैसे ही 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आई। हमने तत्काल छात्रवृत्ति को फिर चालू कराया। इससे पहले केंद्रीय भीम नगरी आयोजन समिति के संरक्षक करतार सिंह भारतीय ने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को राजकीय स्मारक घोषित करने की मांग रखी। इसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया। 18 मार्च 1956 को बाबा साहब आखिरी बार आगरा आए थे। अनुसूचित जाति फेडरेशन का रामल. ीला मैदान में अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन के बाद डा. अंबेडकर ने चक्कीपाट में भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की थी। इसे ही बुद्ध विहार कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1956 से लगातार निकल रही शोभायात्रा और 1996 से आयोजित हो रही भीम नगरी से लोग बाबा साहब के सपनों को जीवंत किए हुए हैं। करीब 35 मिनट के भाषण में कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रही। उन्होंने कहा वो कौन लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहब को चुनाव हराने का काम किया। कौन लोग हैं, जिन्होंने उन्हें विदेशी समिति में नहीं लिया। कौन लोग हैं, जिन्होंने दिल्ली में स्मारक नहीं बनने दिया। ये वही लोग हैं, जो संसद में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं।

## सिर्फ कांग्रेस ही हरा सकती है बीजेपी को



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिलास्तर की राजनीति को महत्व देते हुए कहा कि पार्टी का जिला अध्यक्ष समझौतावादी उम्मीदवार नहीं होगा। वो आप लोगों की मदद से जिला चलाएगा, जिले में उसके फैसले मान्य होंगे। उम्मीदवार को ऊपर से निर्देश नहीं मिलेंगे। हम बस यही चाहते हैं कि संगठन और चुनाव लड़ने वालों के बीच एक जुड़ाव बने। राहुल गांधी ने एक बार फिर कहा कि अगर कोई बीज. ेपी को हरा सकता है, तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी है। अगर हमें देश में आरएसएस और बीजेपी को हराना है, तो इसका रास्ता गुजरात से होकर जाता है। साथ ही उन्होंने पार्टी के अंदर भीतरघात का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे कुछ लोग बीजेपी से मिले हुए हैं, उनकी पहचान कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय गुजरात के दौरे पर हैं। उन्होंने अरावली जिले के मोडासा शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में चल रही लड़ाई महज राजनीतिक नहीं है, बल्कि बीजेपी-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई भी है। कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर हमें देश में आरएसएस और बीजेपी को हराना है, तो इसका रास्ता गुजरात से होकर जाता है। हमारी पार्टी की शुरुआत गुजरात से ही हुई थी। आपने हमें हमारे सबसे बड़े नेता महात्मा गांधी और सरदार पटेल दिए, लेकिन गुजरात में हम लंबे समय से हतोत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपके जिले के कई सीनियर नेताओं से मिला, जिन्होंने मुझे बताया कि हमारे बीच प्रतिस्पर्धा रचनात्मक नहीं, बल्कि विनाशकारी है। दूसरी बात यह कि स्थानीय टिकट वितरण में स्थानीय लोगों को शामिल नहीं किया जाता। राहुल गांधी ने कहा कि घोड़े तीन प्रकार के होते हैं, एक बारात का घोड़ा, दूसरा रेस का घोड़ा और तीसरा लंगड़ा घोड़ा। रेस का घोड़ा दौड़ेगा, जबकि बारात को घोड़ा नचाएंगे। जिले की राजनीति को जिले से चलाए जाने की बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह था कि जिले को अहमदाबाद से नहीं चलाया जाना चाहिए।

# ईडी का कोई औचित्य नहीं, खत्म की जाए

■ उड़ीसा दौरे पर पहुंचे सपा सुप्रीमो अखिलेश ने उठाई मांग

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आयकर विभाग के रहते प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कोई औचित्य नहीं है और ऐसे विभाग को खत्म कर देना चाहिए। उड़ीसा के दो दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ईडी जैसे विभाग को समाप्त कर देना चाहिए। आर्थिक अपराध के मामलों को देखने के लिए इनकम टैक्स समेत कई संस्थाएं हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ईडी बनाई थी। आज ईडी की वजह से कांग्रेस को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब ईडी का कानून कांग्रेस की सरकार ने बनाया था। तब उस समय बहुत दलों ने इसका विरोध किया था। हमें जानकारी मिली थी कि महाराष्ट्र में जो नेता भाजपा के खिलाफ थे, वे ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स से बच नहीं पाए। जब लोग जीएसटी दे रहे है, इनकम टैक्स जैसा विभाग है, तो ईडी की क्या जरूरत है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता के बुनियादी सवालों बध्ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए नए-नए फैसले ले रही है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सपना सामाजिक न्याय के राज की स्थापना, सबको सम्मान और बराबरी का हक दिलाने का था। हम समा. जवादी लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपने को पूरा करने के लिए काम करेंगे।

### अखिलेश को एनएसजी सुरक्षा दी जाए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और सपा मुखिया अखिलेश यादव को एनएसजी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आपका ध्यान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सुरक्षा की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। अखिलेश यादव को पूर्व में जेड सुरक्षा के साथ साथ एनएसजी कवर सुरक्षा प्राप्त थी, जिसमें पूर्व में एनएसजी कवर हटा दिया गया था। सपा प्रवक्ता ने कहा समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी



**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 309.40 अंक की छलांग लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,044.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.65 अंक की बढ़ोतरी लेकर 23437.20 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के साथ ही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,746. 22 अंक और स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 47,698.35 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4078 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2636 में तेजी जबकि 1309 में गिरावट रही, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2068 में लिवाली जबकि 834 में बिकवाली रही, वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.27, सीडी 0.38, ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.07, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.33, दूरसंचार 1.08, यूटिलिटीज 0.05, बैंकिंग 1.45, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.74, धातु 0.28, तेल एवं गैस 1.78, पावर 0.14, रियल्टी 0.71, टेक 0.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.46, जापान का निक्केई 1.01 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.91 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 262 अंक की तेजी के साथ 76,996.78 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,543.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## कश्मीर में ड्रग तस्करों पर कार्रवाई कई गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस टीम पर हमले के बाद पुलिस ने बारी ब्राह्मणा के बलोले खड्ड इलाके में छापे मार कर कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

गत नौ अप्रैल को हुए इस हमले में थाना प्रभारी (एसएचओ) सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बारी ब्राह्मणा के नए एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर बलोले खड्ड और गुज्जर बस्ती में छापेमारी कर नशा तस्करों और पिछले सप्ताह पुलिस पर हमला करने वालों को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि मादक पदार्थों की तस्करी का गढ़ माने जाने वाले बलोले खड्ड में गत नौ अप्रैल की रात नशा तस्करों के हमले से एसएचओ और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, अन्य जिंसों के भावों में परिवर्तन नहीं



**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजार के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 33 रिंगिट उतरकर 4197 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट उतरकर 47.40 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपए, पाम ऑयल 366 रुपए और वनस्पति तेल 365 रुपए प्रति क्विटल सस्ता हो गया जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपए प्रति क्विटल चढ़ गया। वहीं, मूंगफली तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3250-3350 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हिंसा पर चिंता...**

कि वक्फ संपत्तियों को केवल इसलिए अमान्य नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें बाद में प्राचीन स्मारक घोषित कर दिया गया है। इस पर, न्यायमूर्ति खन्ना ने पीठ की ओर से टिप्पणी की कि स्मारक का दर्जा दिए जाने से पहले घोषित किए जाने पर वक्फ का दर्जा बरकरार रहेगा।

इसके अलावा श्री सिब्बल ने धारा 3ई पर निशाना साधते हुए तर्क दिया कि अधिनियम में प्रशासनिक संदर्भ में मुसलमानों को अनुसूचित जनजातियों के रूप में अनुचित रूप से सूचीबद्ध किया गया है और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना की आलोचना की। उन्होंने इसकी तुलना हिंदू और सिख बंदोबस्त से की और कहा कि उनकी संबंधित परिषदों में सभी नामांकित व्यक्ति अपने-अपने धर्मों से हैं। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि धार्मिक अधिकारों को संपत्ति के मुद्दों के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए, संपत्तियां धर्मनिरपेक्ष हो सकती हैं, केवल प्रशासन में धार्मिक आयाम हो सकते हैं। श्री सिब्बल ने तर्क देते हुए कहा कि धारा 9 कथित रूप से मुस्लिम सदस्यता को अनुपातहीन रूप से प्रतिबंधित करती है। धारा 14 को नामांकन के माध्यम से वक्फ बोर्डों के पूर्ण अधिग्रहण की अनुमति देने के रूप में देखा जाता है। धारा 36, औपचारिक पंजीकरण के बिना उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अनुमति देने का बचाव किया गया। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने संवेदनशीलता को स्वीकार करते हुए टिप्पणी की, हमें बताया गया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय भी वक्फ भूमि पर हो सकता है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उपयोगकर्ता-आधारित वक्फ अमान्य है, लेकिन चिंताएं वास्तविक हैं। श्री सिंघवी ने अयोध्या फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को ऐतिहासिक रूप से मान्यता दी गई थी, और सवाल किया कि क्या संसद अब धारा 2(आर)(आई) के तहत इसके आधारभूत आधार को हटा सकती है। याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान, समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान बर्क शामिल हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, वाईएसआरसी पार्टी, समस्त केरल जमीयत उलेमा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से याचिकाएं दायर की गई हैं।

# धार्मिक मामलों में कोई दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं: मदनी

**नई दिल्ल, वार्ता**

जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का कहना है कि मौजूदा वक्फ कानून संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और धार्मिक मामलों में दखलंदाजी करता है। यह देश की एकता और अखंडता के लिए बेहद खतरनाक है।

उन्होंने साफ कहा है कि मुसलमान अपने धार्मिक मामलों में किसी भी तरह की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं कर सकते। मदनी ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने कहा है 'जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधि. नियम 2025 पर बहस शुरू की। मौजूदा वक्फ कानून संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और धार्मिक मामलों में दखलंदाजी करता है।

मदनी ने कहा कि इस बिल का फायदा उठाकर सांप्रदायिक ताकतें देश की शांति और एकता को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। यह कानून ऐसे समय लाया गया है जब पूरे देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत की आंधी चल रही है। इससे पहले मदनी ने बताया था कि जमीयत ने न केवल वक्फ संशोधन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है, बल्कि कानून को लागू होने से रोकने के लिए अंतरिम निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है।

याचिका में कहा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रशासन और वक्फ व्यवस्था दोनों के लिए विनाशकारी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर याचिका का डायरी नंबर 18261/2025 है. उम्मीद है कि हमें अदालत से न्याय मिलेगा।



वक्फ संशोधन बिल को लेकर बोले मौलाना अरशद मदनी

## यूपी में 11 आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार रात आईपीएस के 11 अधिकारियों के तबा. दले कर दिए हैं। नीलाब्जा चौधरी अपर पुलिस महानिदेशक, एटीएस, लखनऊ को अपर पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, लखनऊ बनाया गया है, जबकि अजय कुमार मिश्रा पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जे. रविन्द्र गौड़ पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बनाया गया है, वहीं दीपक कुमार पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा बनाया गया है। प्रेम कुमार गौतम पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज को पुलिस महानिरीक्षक, एटीएस, लखनऊ बनाया गया है। शैलेश कुमार पाण्डेय पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा को पुलिस महानि. रीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा बनाया गया है। श्लोक कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा बनाया गया है, जबकि दिनेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अटल पेंशन योजना में फतेहपुर देश के सभी आकांक्षात्मक जिलों में अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का आकांक्षात्मक जिला फतेहपुर ने अटल पेंशन योजना में लक्ष्य के सापेक्ष 376 प्रतिशत नामांकन कर देश के 112 आकांक्षात्मक जिलों में प्रथम स्थान पर है।

उत्तर प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक जिलों ने केंद्र सरकार की विभिन्न वित्तीय समावेशन की योजनाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। फतेहपुर के अलावा प्रदेश के अन्य सभी सात आकांक्षात्मक जिलों का भी प्रदर्शन अटल पेंशन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और पीएम जन सुरक्षा बीमा योजना में उल्लेखनीय रहा है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि विकास की दृष्टि से पिछड़े प्रदेश के सभी आठ आकांक्षात्मक जिलों ने केंद्र सरकार की लक्षित वित्तीय समावेशन की योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष बेहतर प्रदर्शन किया है। हाल ही में पेश की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, चंदौली और सोनभद्र आकांक्षात्मक जिलों में हुए वित्तीय सुरक्षा कार्यों की वास्तविक स्थिति पेश की है। प्रदेश का फतेहपुर जिला वर्ष 2023-24 में अटल पेंशन योजना में 2,886 के लक्ष्य के सापेक्ष 10,850 का नामांकन कर देश के सभी 112 आकांक्षात्मक जिलों में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। यही नहीं चित्रकूट जिले ने अटल पेंशन योजना में 7,468 नामांकन कर लक्ष्य के सापेक्ष 259 प्रतिशत अधिक का प्रदर्शन किया है, जबकि चंदौली और सिद्धार्थनगर ने क्रमशः 5658 और 5308 नामांकन किए हैं, जो भी लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन है। अटल पेंशन योजना के साथ पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और पीएम जन सुरक्षा बीमा योजना में भी प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक जिलों का प्रदर्शन लक्ष्य के सापेक्ष बेहतर रहा है। पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बहराइच जिले ने 9772 के लक्ष्य के सापेक्ष 180 प्रतिशत अधिक 17560 नामांकन वर्ष 2023-24 में किए हैं, जो प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों में सर्वाधिक है। हालांकि पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक जिलों ने लक्ष्य से अधिक नामांकन किए हैं। इसी क्रम में पीएम जीवन सुरक्षा बीमा योजना में 30303 के लक्ष्य के सापेक्ष चित्रकूट और फतेहपुर जिलों ने क्रमश: 42439 एवं 40996 नामांकन किए हैं। जो लक्ष्य के सापेक्ष क्रमश: 140 और 135 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन है।

## भूसा संग्रहण अभियान शुरू, गोशालाओं में व्यवस्था दुरुस्त करें

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि गोआश्रय स्थलों हेतु भूसा संग्रहण के लिए 15 अप्रैल से विशेष अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने ब्लकक व पंचायत स्तर पर भूसा क्रय की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा और जनप्रतिनिधियों व दानदाताओं से सहयोग लेने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए गोशालाओं में स्वच्छ पेयजल, शेड, बिजली, हरा चारा और दवाओं की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन माह के लक्ष्य को प्राथमिकता दी जाए और रेडियम बेल्ट अभियान 20 अप्रैल से शुरू हो। धर्मपाल सिंह ने दुग्ध समितियों को सक्रिय बनाए रखने, हर महीने किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने और पराग उत्पादों की मार्केटिंग मजबूत करने पर भी बल दिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी और योजनाओं का जमीन पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# करछना में दलित मजदूर की नृशंस हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इलाहाबाद जनपद की करछना तहसील के इसौटा ले. हंगपुर गांव में एक दलित युवा मजदूर की सामंती मानसिकता से ग्रस्त दबंगों द्वारा गोली मारकर की गयी हत्या की वारदात ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश राज्य सचिव मंडल ने इस वीभत्स हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना महज एक आपराधिक कृत्य नहीं, बल्कि सामंती दंभ और जातीय घृणा से उपजी मानसिकता का भयावह परिणाम है कि जिसे मौजूदा योगी सरकार की मूक सहमति और प्रशासनिक उदासीनता

**भाकपा (मार्क्सवादी) ने सरकार से कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय की मांग की**

से खुला संरक्षण मिल रहा है। पार्टी का प्रतिनिधिमंडल, राज्य सचिव मंडल के सदस्य (मरेडअखिल विकल्प के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिला और घटना की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी, और अब उसकी हत्या के बाद परिवार पूरी तरह असहाय हो गया है। पीछे बचे हैं वृद्ध माता-पिता और तीन नाबा. लिग बच्चे कु जिनका जीवन अब अंधकार में डूब गया है। यह केवल एक हत्या नहीं है अपितु यह एक मेहनतकश दलित परिवार की रोटी, सुरक्षा और अस्तित्व पर हमला है। पार्टी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह घटना राज्य में पनप रही जातिवादी दबंगई और शासन-प्रशासन की मिलीभगत का खतरनाक प्रमाण है। अगर अब भी सरकार नहीं चेती तो ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति होती रहेगी। दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले कृ ताकि कोई दूसरा दबंग ऐसा दुस्साहस न कर सके। पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा और बच्चों की शिक्षा व भरण-पोषण की सरकारी गारंटी दी जाए। मृतक के परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और प्रशासन उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराए। प्रतिनिधिमंडल में, अखिल विकल्प, दिग्विजय सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# डिफेंस सेक्टर से 25 हजार करोड़ के रक्षा उत्पादों का होगा निर्यात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** दुनिया भर में रक्षा के मामले में देशों के आत्मनिर्भर बनने की प्रवृत्ति ने डिफेंस सेक्टर को सात गुना बढ़ा दिया है। यही वजह है कि रक्षा क्षेत्र के उद्यमी यूपी के डिफेंस कॉरिडोर को विश्व के प्रमुख निर्यातक बाजार के रूप में देख रहे हैं। अगले चार वर्ष में सिर्फ यूपी से 25 हजार करोड़ के रक्षा उत्पादों का निर्यात होगा।

प्रदेश में डिफेंस सेक्टर में ड्रोन, जहाज से लेकर तोपें और गोला बारूद बन रहे हैं। विश्व में अनिश्चितता का माहौल है। रही-सही कसर अमेरिका की टैरिफ नीति ने पूरी कर दी है। इससे देशों में आत्मनिर्भर बनने की होड़ मची है। हर मुल्क इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है। वैश्विक उथल-पुथल के बीच यूरोपीय देशों में हथियारों की खरीद तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सबसे तेजी से डिफेंस कॉरिडोर विकसित करने का लाभ यूपी को मिल सकता है। इस सेक्टर में असीम संभावनाएं हैं। ये आंकलन रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों का है। एमकेयू के चेयरमैन मनोज गुप्ता कहते हैं कि डिफेंस कॉरिडोर के साथ एक्सप्रेसवे के किनारे भी रक्षा इकाइयों को जमीन देने से राज्य के रक्षा उत्पादों के निर्माण में 20 फीसदी की ग्रोथ अगले एक साल में आएगी। उन्होंने कहा कि अडानी, ब्रह्मोस, भारत डायनामिक्स के साथ 50 से ज्यादा रक्षा उत्पादक कंपनियों ने यूपी में निवेश किया है। कुछ में उत्पादन भी शुरू हो गया है। अमेरिका की टैरिफ रणनीति के बाद वहां से उत्पाद महंगे होंगे, लेकिन भारत में सस्ते होंगे। रक्षा उद्यमी अविनाश सिंह का मानना है कि सरकारी नीतियों ने इस सेक्टर की ग्रोथ में तेज वृद्धि की है। यही वजह है कि अगले चार वर्ष में सिर्फ यूपी से 25 हजार करोड़ के रक्षा उत्पादों का निर्यात होने का अनुमान है।

# फर्जी दस्तावेज के जरिये एक करोड़ का लोन हड़पा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** हसनगंज की डालीगंज स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में फर्जी दस्तावेज लगाकर 11 लोगों पर एक करोड़ 6 लाख 15 हजार एक्सप्रेस क्रेडिट लोन हासिल करने का आरोप लगा है। इस मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक विपिन सिंह ने सभी 11 लोन धारकों, तीन बिचौलियों, तत्कालीन शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर और मैनेजर बैंकिंग ऑपरेशन के खिलाफ हसनगंज थाने में सोमवार को केस दर्ज कराया है।

विपिन सिंह के अनुसार 15 जुलाई 2023 से 30 जनवरी 2024 के बीच 11 खाताधारकों को एक्सप्रेस क्रेडिट लोन पास किया गया। इस अवधि के दौरान शाखा के कारोबार में आश्चर्यजनक वृद्धि मिली। शक होने पर जांच की गई तो पता चला कि नियम को दरकिनार करते हुए फर्जी दस्तावेज के सहारे उक्त 11 खाताधारकों को एक करोड़ 6 लाख 15 हजार का लोन पास किया गया था। जांच में सामने आया कि लोन हासिल करने के लिए वेतन पर्ची, फर्जी केवाईसी, फर्जी जन्मतिथि का प्रमाण पत्र लगाया गया था। इस फर्जीवाड़े में बैंक के कुछ कर्मचारी और कुछ बिचौलिए भी शामिल रहे। जांच पूरी हो जाने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक विपिन सिंह ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी। एफआईआर में तत्कालीन शाखा प्रबंधक संजीव त्रिपाठी, फील्ड ऑफिसर अमृता चटर्जी और मैनेजर बैंकिंग आपरेशन अमित जैन नामजद हैं। आरोप है कि तीनों ने ऋण दस्तावेजों का मूल्यांकन करने और बैंक के दिशा निर्देशों की देखरेख में लापरवाही की है। मैनेजर बैंकिंग ऑपरेशन अमित जैन ने बैंक से संबंधित आईडी व पासवर्ड को बिचौलियों के साथ साझाकर बैंक की गोप. नीयता भंग की।

# डीएम का सख्त रुख करनैलगंज में चारागाह भूमि से हटा अतिक्रमण

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश और सख्त पहल पर करनैलगंज तहसील के ग्राम छिटनापुर, परगना पहाड़ापुर में बुधवार को चारागाह भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। यह कार्रवाई सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की जिलाधिका. री की विशेष मुहिम के तहत की गई, जिसमें प्रशासनिक टीम ने प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप किया। उपजिलाधिकारी करनैलगंज के कार्यालय से जारी के आधार पर गठित राजस्व टीम ने तहसीलदार की अध्यक्षता में पुलिस बल के सहयोग से यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान ग्राम छिटनापुर, पहाड़ापुर स्थित चारागाह गाटा संख्या 805 पर हुए अवैध कब्जे को हटाया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिले में सार्वजनिक उपयोग की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना प्राथमिकता में है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी चारागाह, खेल मैदान, तालाब और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों की नियमित निगरानी की जाए और आवश्यकतानुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस सख्ती से ग्रामीणों में यह संदेश गया है कि अब किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सरकारी भूमि की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी अतिक्रमण की सूचना तत्काल दें।

# शिक्षा में सुधार या सिर्फ दिखावा, अमेठी के बीएसए आदेश पर उठे तीखे सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** जिले के वित्तविहीन मान्यता प्राप्त स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबें थोपने पर रोक लगाने के लिए बीएसए अमेठी द्वारा 2 अप्रैल को जारी आदेश ने नयी बहस छेड़ दी है। आदेश में एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकों को अनिवार्य करने की बात तो है, लेकिन इसकी देरी ने खुद शिक्षा विभाग की नीयत और गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनता पूछ रही है कृजब फरवरी-मार्च में अधिकांश अभिभावक किताबें खरीद चुके होते हैं, तो अप्रैल में जारी आदेश का क्या औचित्य है? क्या यह फैसला बच्चों की भलाई के लिए है या केवल दिखावे की खानापूर्ति। अभिभावक असमंजस में हैं, क्या अब वे दोबारा एनसीईआरटी की किताबें खरीदें? और जिन बच्चों ने पहले से प्राइवेट किताबें ले ली हैं, क्या वे अब दो-दो पाठ्यक्रम पढ़ेंगे? इससे तो पढ़ाई की पूरी व्यवस्था उलझ जाएगी। आदेश जिन अफसरों को भेजा गया, कृमुख्य विकास अधिकारी, बीईओ, मंडलीय सहायक निदेशक बेसिक, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि ने क्या किसी ने यह नहीं पूछा कि यह आदेश सही समय पर क्यों नहीं जारी हुआ? क्या सबकी जिम्मेदारी केवल आदेश फाइल में लगाने तक सीमित रह गई है? शिक्षा विभाग की चुप्पी ने आम जनता में यह धारणा बना दी है कि जब तक किताबों की बिक्री हो जाती है, तब तक प्रशासन आंखें मूंदे रहता है, और जब सब कुछ बिक चुका होता है, तब नियम याद आते हैं। अब सवाल बड़ा है क्या यह आद. श जमीन पर उतरेगा या केवल नोटिस बोर्ड की शोभा बढ़ाएगा? शासन की मंशा पर नहीं, लेकिन अमेठी के शिक्षा अमले की सक्रियता और समयबद्धता पर जनता जवाब चाहती है।

## आग की चपेट में आकर किसान की मौत

**सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया खुर्द गांव में एक बुजुर्ग किसान की आग से जलकर मौत हो गई। 85 वर्षीय भगवानदीन राशन लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि पड़ोसी के खेत में आग लग गई है। खेत में उनका गेहूं का भूसा रखा था। भूसे को बचाने की कोशिश में वे आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें विसवां साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डकक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सदरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजस्व विभाग की टीम भी लेखपाल जितेंद्र के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बुजुर्ग की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## बीट प्रणाली को प्रभावी बनाने को पुलिस अधीक्षक ने दी सख्त हिदायतें

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना व चौकियों से आए बीट अधिकारियों को बीट प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस रेगुलेशन के पैरा-63 के तहत कानून-व्यवस्था नियंत्रण के लिए बीट व्यवस्था के सभी दायित्वों का विस्तार से समझाया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द वत्रा 'सुमन'
0522-4041004
मुख्यालय:
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुजौलापुर निवासी अमरपाल पुत्र भारत उम्र 22 वर्ष अपने दोस्त ग्राम बनिहार निवासी अभिषेक पुत्र गोवर्धन उम्र 18 वर्ष के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। रास्ते में हरगांव - दतेली मार्ग पर ग्राम गुरधपा के निकट बाइक की सामने से आ रही स्कूटी से टक्कर हो गई। इस हादसे में अमरपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। अभिषेक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करने पर डकक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सात मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को सौंपे

**सीतापुर।** मानपुर थाना पुलिस ने सीईआइआर पोर्टल की मदद से कोई हुए 7 मोबाइल फोन बरामद किए। यह फोन मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र स्वर्गीय विनोद कुमार, ग्राम बलदेव नगर निवासी सुनीता देवी पत्नी नन्हेलाल, मखुवापुर निवासी अमित कुमार पुत्र राम आसरे, बेसन पुरवा निवासी विष्णु पुत्र रामचंद्र कश्यप, महर्षिपुर निवासी सोनी पत्नी छविनाथ यादव, मानपुर निवासी अनुभव अवस्थी पुत्र अनूप कुमार, सहवानपुर निवासी सुनील पुत्र संकटा प्रसाद के थे। फोन बरामद होने के बाद पुलिस ने मोबाइल स्वामियों को यह फोन सुपुर्द कर दिए।

## विश्व धरोहर दिवस पर यूपी के पांच शहरों में होगी हेरिटेज वॉक

**लखनऊ।** विश्व धरोहर दिवस (18 अप्रैल) के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और आगरा में विशेष हेरिटेज वकॉक का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं और आम जन को प्रदेश की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। हेरिटेज वॉक में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित गाइड ऐतिहासिक स्थलों की जानका. री देंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्थानीय व्यंजन और हस्तशिल्प का अनुभव भी कराया जाएगा। यह वॉक ढाई से तीन घंटे की होगी जिसमें ट्रांसपोर्ट, गाइड, प्रवेश शुल्क और नाश्ता शामिल रहेगा।

# 2027 के चुनाव को लेकर मायावती की हुंकार

### कहा: पार्टी की कमान मैं ही संभालूंगी, किसी को उत्तराधिकारी नहीं बनाऊंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों की अहम बैठक को संबोधित करते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अभी से कमर कसने का आह्वान किया।

मायावती ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बहुजन मिशन को मजबूत करें और 2027 में सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत से जुटें। उन्होंने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि जब तक वह जीवित हैं, पार्टी की बागडोर किसी और को नहीं सौंपी जाएगी। न ही वे किसी को उत्तराधिकारी घोषित करेंगी। भतीजे आकाश आनंद को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें पार्टी में कोई पद नहीं दिया गया है। पार्टी में जो भी होगा, वह मेरे निर्देशन में ही होगा। मायावती ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और कांशी राम की विच. रधारा को सच्चे अर्थों में आगे बढ़ाने की बात करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को मिशनरी भावना के साथ जुटने को कहा। इस बैठक में दोनों राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में बहन मायावती ने 14 अप्रैल को बाबा साहेब डक्. भीमराव अंबेडकर की जयंती तथा 15 अप्रैल को संस्थापक कांशी राम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेशभर में पार्टी द्वारा मनाए गए कार्यक्रमों की सराहना की और उन्हें मिशनरी भावना का प्रतीक बताया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान समय में जब देश की आर्थिक व्यवस्था वैश्विक दबावों से जूझ रही है, तब केंद्र और राज्य सरकारों को जनता के असल मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन वे केवल कुछ विशेष वर्गों और क्षेत्रों तक सीमित होकर काम कर रही हैं। इसके विप. रीत, बीएसपी की नीतियाँ समावेशी विकास और सभी तबकों के सम्मान की बात करती हैं। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बीएसपी सरकारों ने हमेशा धर्म को कम मानकरकर कार्य किया और सामाजिक न्याय की भावना से शासन चलाया। पार्टी ने यह संकल्प दोहराया कि आने वाले चुनावों में बहुजन वर्ग की एकजुटता के दम पर संगठन को और मजबूती दी जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे 2 मार्च को दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा रिपोर्ट जल्द सौंपें और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में पूरी निष्ठा से कार्य करें।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की बैठक

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बैंक शाखावार लम्बित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुये सभी संबंधित शाखा प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एचडीएफसी बैंक की विभिन्न शाखाओं में लम्बित प्रकरणों के संबंध में जोनल कार्यालय को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि बैंकों के स्तर पर लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रशासन स्तर से निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 35 जनपद स्तरीय अधिकारियों की तैनाती करते हुये उन्हें बैंक शाखाएं आवंटित की गयी हैं। जिलाधिकारी ने आयवित बैंक के सीतापुर एवं बिसवां क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रगति में सुधार किया जाये। इसके साथ ही अन्य सभी शाखाओं पर लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, लीड बैंक मैनेजर अनल कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सकरन कस्बे में हुई एप्जा की बैठक

**सीतापुर।** ब्लॉक सभागार सांड़ा में मंगलवार को देर शाम अकृत इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित हुई पत्रकारों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए एप्जा के चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग एम सारथी ने बताया कि महोली के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या चौथे स्तम्भ की हत्या है। उन्होंने कहा कि घटना को 34 दिन बाद हत्या का खुलासा जिस तरीके से सीतापुर पुलिस ने किया है। उससे मृतक पत्रकार का परिवार सन्तुष्ट नहीं है। मृतक पत्रकार की पत्नी ने मामले में एप्जा से मदद मांगी है। जिसके चलते एप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्र ने राघवेन्द्र के परिवार को 50 लाख का मुआवजा व उसकी पत्नी को सरक. री नौकरी की मांग की है। जिसको लेकर एप्जा आगामी 29 अप्रैल से जिला मुख्यालय पर घरना करेगा। जो न्याय न मिलने तक चलता रहेगा। अनुराग सारथी ने सभी पत्रकारों से घरना में शामिल होने की अपील की है। इस दौरान शिवकुमार जायसवाल,शिवकुमार गुप्ता,प्रताप भार्गव,प्रवीण श्रीवास्तव,सन्तोष मिश्र,आलम अंसारी,राममोहन राजपूत,प्रेम दीक्षित,सुधीर सिंह,हरेन्द्र यादव,राजकुमार राजप. ूत,अभिषेक मिश्र के अलावा भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## गांजा व तमंचा रखने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी पुलिस ने आरोपी राजू सिंह उर्फ रज्जू को 1.5 किलो अवैध सूखे गांजे के साथ शिवरामपुर से पकड़ा।

## थाने में हिस्ट्रीशीटरों की बैठक बुलाई

**सीतापुर।** सकरन थाना परिसर में बुधवार को थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को बुलाकर उनकी पाठशाला लगाई। थानाध्यक्ष ने सख्त लहजे में सब को बताया कि अगर अपने परिवार व समाज में रहना चाहते हो तो अपराध को छोड़कर एक अच्छे नागरिक बन कर अपने परिवार के साथ हंसी खुशी जिंदगी बिताओ। परिवार व समाज की सेवा करके एक अच्छे नागरिक बनों एसओ ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को हर 15 दिन में थाने पर हाजिरी लगाने का आदेश दिया। गांवों में किसी संदिग्ध व अजनबी के आने की सूचना पुलिस को देने की बात कहते हुए क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों में पुलिस का सहयोग किए जाने की बात कही। इस दौरान थाने पर मौजूद 25 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों ने भविष्य में अपराध न करने की शौगन्ध खाई। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया कि सकरन थाना क्षेत्र में करीब एक सैकड़ा पुराने एचएस है। जिसमें से अधिकतर अपराधियों ने अपराध करना छोड़ दिया है।

# मनरेगा में मानव दिवस सृजन में उप्र देश में पहले स्थान पर

## ग्रामीण विकास से ही बनेगा विकसित भारत: केशव प्रसाद मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र और चहुंमुखी विकास अत्यंत आवश्यक है। इसी दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांवों की योजनाएं धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिएं और हर ग्रामीण को किसी न किसी आजी. विका मूलक कार्य से जोड़ा जाए।

श्री मौर्य ने मंगलवार को 7-कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय पर ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रदेश में 33.64 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए हैं, जो कि निर्धारित लक्ष्य 26 करोड़ से कहीं अधिक है। मानव दिवस सृजन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि इसमें 42 प्रतिशत महिला सहभागिता रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024-25 में मनरेगा के तहत प्रदेश के 6.22 लाख परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया गया, जो कि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला श्रमिकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का कार्य और तेज किया जाए, जिससे उनके आजीविका संवर्धन में मदद मिले। साथ ही, 100 दिन कार्य करने वाले श्रमिकों का बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए। अब तक लगभग 70 प्रतिशत श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है। उन्होंने सुझाव दिया कि श्रम मंत्रालय से पत्राचार कर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे 100 दिन कार्य करने वाले परिवारों का बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में स्वयं संज्ञान हो सके। मुखी विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों की आंत. रिक गलियों एवं जल निकासी के कार्यों की जिलावार रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। अमृत सरोवर जल से लबालब भरे दिखें, इसके लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सर्वे कार्य में कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। गांवों को सड़कों से जोड़ने हेतु कनेक्टिविटी कार्यों में तेजी लाई जाए। मनरेगा से गांवों की गलियों व नालियों का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों को कृषि के साथ-साथ उद्यमों से तकनीकी का अधिकतम उपयोग कर लोगों को योजनाओं के प्रति जाग रूक किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जिन जिलों में ग्राम्य विकास के क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किया गया है, वहां के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाए। साथ ही सोशल आडिट के कार्यों को और अधिक गति दी जाए तथा मनरेगा कन्वर्जेंस के कार्यों का रैंडम परीक्षण कराया जाए। इस अवसर पर राज्य मंत्री (ग्राम्य विकास) विजय लक्ष्मी गौतम, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार, प्रमुख सचिव (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) बी. एल. मीणा, आयुक्त ग्राम्य विक. ासजी. एस. प्रियदर्शी, यूपीआरआरडीए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के निदेशक ईशम सिंह, निदेशक (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) विजय बहादुर द्विवेदी, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के अपर निदेशक बी. डी. चौधरी, एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-NHH-TW-155-25-1 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-LBA-MX-145-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-LLJ-MX-146-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

1122/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सात ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कोर्ट के आदेश पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव इकौंदा रमेश चौधरी का परिवार रहता है। 11 अप्रैल 2024 को उन्होंने अपनी बेटी विनीता चौधरी की शादी मुरादाबाद की प्रतिभा कॉलोनी पारसनाथ में रहने वाले निशांत के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में विनीता को कम दहेज लाने के ताने दिए जाने लगे। ससुराल वाले मायके से स्कॉर्पियो और 50 लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाते थे। विवाद के बीच 31 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। दहेज पीड़िता विनीता फिलहाल मायके में रहती है। आरोप है कि बीती दो फरवरी को विनिता मायके में थी, उसी दौरान वहां पहुंचे निशांत ने दहेज की मांग पूरी नहीं कराने पर साथ रखने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत डिडौली पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब अदालत के आदेश पर मामले में पति निशांत समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

# अवैध रूप से चल रहे वाटर पार्कों पर होगी कार्रवाई

## प्रभारी मनोरंजन कर अधिकारी ने एसडीएम से किया पत्राचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बिना अनुमति के जिले में कई दर्जन वाटर पार्क व मनोरंजन पार्क चलाये जा रहे है। जिससे पानी की बर्बादी के साथ मनोरंजन कर विभाग को भी लाखों के राजस्व की हानी हो रही है। प्रभारी मनोरंजन कर अधिकारी ने जिले के सभी एसडीएम को पत्राचार कर इनके खिलाफ कार्रवाई को लिखा है।

पिछले कुछ समय से जिले में स्वीमिंग पूल तथा वाटर पार्क बिना किसी रोकटोक के खोले जा रहे है। यहां युवा पूरी टोली के साथ आकर सारी दोपहर मौज मस्ती करते है। कई बार यहां हादसे में बच्चों की जान भी जा चुकी है। हालांकि सरकार का नियम है कि कोई भी वाटर पार्क व स्वीमिंग पूल बिना मनोरंजन कर विभाग की अनुमति के नहीं चलेगा। इसके लिये रजिस्ट्रेशन कराना भी अनिवार्य होगा। लेकिन इसके बाद भी



लोगों ने इसे बिजलेस के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। जिले में इसके रजिस्ट्रेशन के लिये आनलाइन पोर्टल है। परन्तु अभी तक मात्र एक वाटर पार्क का ही आवेदन यहां आया है। हालांकि जिले में बड़ी संख्या में इनका संचालन किया जा रहा है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोग इस व्यवसाय में तेजी से बढ़ रहे है। सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। परन्तु

### दर्जनों संचालित मगर पोर्टल पर मात्र एक आवेदन

संचालकों ने अपनी कमाई के लिये वाटर पार्क में आने का टिकिट भी रखा हुआ है। परन्तु रजिस्टेश करने में इनके संचालकों की कोई रूचि नहीं है। जिस कारण हर साल सरकार को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। अब तक जिले में कई दर्जन वाटर पार्क व स्वीमिंग पूल संचालित किये जा रहे है। परन्तु इनके रजिस्ट्रेशन कराने में संचालकों की कोई रूचि नहीं है। कई बार स्वीमिंग पूल में बच्चों की जान भी जा चुकी है। जिस पर अब प्रभारी मनोरंजन कर अधिकारी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम को पत्राचार कर अवैध रूप से चल रहे वाटर पार्क व स्वीमिंग पूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई को लिखा है।

# गजरौला व हसनपुर कोतवाल के पर कतरे

## अपराधों पर रोकथाम न होने पर गिरी गाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आंनद ने थाना व चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए दो कोतवाल के पर कतर डाले। हसनपुर व गजरौला में अपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा था। एक के बाद एक कई वारदातें पुलिस अफसरों के सामने चुनौती बनी थीं। अपराध पर काबू पाने में दोनों कोतवाल नाकाम साबित हो रहे थे। गजरौला में हुई हत्या के मामले में भी थाना पुलिस की कार्यशैली निष्क्रिय दिख रही थी। वहीं शिकायत ये भी थी कि गजरौला के कोतवाल फोन नहीं उठाते हैं, क्षेत्र में गश्त भी नहीं करते हैं। बीते दिनों जिले के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी. से भी उनकी शिकायत की गई थी। लिहाजा, मंगलवार देर रात एसपी ने हसनपुर कोतवाल रविंद्र प्रताप को हटाते हुए डायल 112 प्रभारी वरुण कुमार को हसनपुर का नया कोतवाल बनाया। उनके स्थान पर हसनपुर के कोतवाल रहे निरीक्षक रविंद्र प्रताप को बतौर प्रभारी डॉयल 112 की जिम्मेदारी दी। हसनपुर से एसएसआई कुमरेश त्यागी को हटाते हुए उन्हें समन सेल प्रभारी बनाया। गजरौला कोतवाल सनोज प्रताप को हटा कर उन्हें आईजीआरएस व लोक शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी। उनके स्थान पर पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत अखिलेश प्रधान को गजरौला थाने की कमान सौंपी। इसके अलावा एसपी ने रजबपुर थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक आदमपुर बनाया। उनके स्थान पर अमरोहा शहर की कोट चौकी प्रभारी कोमल तोमर को रजबपुर का एसओ बनाया। वहीं, आदमपुर थाना प्रभारी सुक्रमपाल राणा को रहरा का एसओ बनाया जबकि रहरा थाना प्रभारी अलका चौधरी को प्रभारी फीडबैक और फालोअप सेल भेजते हुए प्रभारी अपराध शाखा लोकेंद्र सिंह को सोशल मीडिया सेल प्रभारी बनाया। स्वाट टीम प्रभारी निशांत राठी को एसएसआई हसनपुर के पद पर तैनाती दी। सोशल मीडिया सेल प्रभारी राजेश कुमार तिवारी को पीआरओ के पद पर वापस बुला लिया। समन सेल प्रभारी सोमेंद्र सिंह को अपराध शाखा भेजते हुए हसनपुर की मनोटा चौकी प्रभारी सतेंद्र सिंह को कोट चौकी का प्रभारी बनाया। गजरौला में तैनात दरोगा ईशम सिंह को हसनपुर की मनोटा चौकी का चार्ज दिया।

# 26 को होगी योगासन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल को नगर के खेतान वर्ल्ड स्कूल में होगा। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की बैठक में सभी की जिम्मेदारी तय की गई। जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन अमरोहा गत 4 वर्षों से जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करता आ रहा है। बैठक में ने एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पुरुजीत सिंह व दीक्षा कौशिक, कोषाध्यक्ष कोमल चौधरी, सचिव नौबहार सिंह, संयुक्त सचिव सचिन चौधरी, पूनम शर्मा तथा गौरव धारीवाल, सचिन सिद्धू, राजकुमार सिंह, लोकेश यादव समेत अनेकों उपस्थिति रहे।

## सोनिया, राहुल व वाड्रा को झूंठा फंसाने का आरोपी, कलेक्ट्रेट पर गरजे कांग्रेसी

# जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही भाजपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कांग्रेस ने केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करने व नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की सम्पत्तियों को सील करने तथा राहुल गांधी, सोनिया गांधी व राबर्ड वाड्रा को फंसाने का आरोप लगाते कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार आयी है राष्ट्रीय जांच एजेंसियां इन्हीं के इशारे पर काम कर रही है। उन्होने कहा कि राजनीतिक द्वेश के कारण सोनिया, राहुल व वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है। इसके अलावा नेशनल हेराल्ड अखबार की सम्पत्ति भी सील की गयी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जन्म जुल्म व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया गया है। इसके अलावा जब कांग्रेस कार्यकर्ता अंग्रेजों के सामने नहीं झुके तो मोदी सरकार के आगे क्यों घुटने टेकेंगे। भाजपा अम्बेडकर जी के संविधान को कमजोर करने में लगी है। सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों का खुलेआम दुरूपयोग किया जा रहा है। इसके खिलाफ पार्टी चुप नहीं बैठेगी तथा पूरे देश में भाजपा के खिलाफ धरने प्रदर्शन किये जायेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में चौधरी सुखराज सिंह, फैज आलम राईनी, राजकुमार अरूण, शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, मोहसिन अली, इकबाल अंसारी, मंगल सिंह गुर्जर, तालिब इदरीसी, यासिर अंसारी आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

# पैट्रोल पम्प से चार बैटरे चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। अज्ञात चोरों ने जंगल किनारे पेट्रोल पंप से चार बेटरों को चोरी कर लिया। पेट्रोल पंप स्वामी ने पुलिस को तहरीर दे दी है। कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि क्षेत्रवासियों में काफी भय का माहौल व्याप्त है। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल में स्थित बंद पड़े पेट्रोल पंप से बीती रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा चार बैट्रे चोरी कर लिया। सुबह होने पर पेट्रोल पंप पर लगे बैट्रे चोरी होने की जानकारी हुई तो होश उड़ गये। पीड़ित दिव्यांश अग्रवाल के द्वारा बंद पड़े पेट्रोल पंप से चार बैट्रे चोरी होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

# एसडीएम ने पकड़ी गेहूं लदी ट्रैक्टर-ट्राली

## एसडीएम की कार्रवाई से मचा हड़कम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। निजी आढ़तों व गांव-गांव घूम रहे व्यापारियों द्वारा गेहूं सरकारी सेंटरों से अधिक रेट पर खरीदा जा रहा है, जिसके चलते तमाम किसान सरकारी क्रय केंद्र पर नहीं पहुंच रहे। एसडीएम चंद्रकांता ने गेंहू लदी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा जो प्राइवेट मंडी में गेहूं तौलने जा रहा था। एसडीएम ने वार्ता कर किसानों के गेहूं की सरकारी क्रय केंद्र पर तौल कराई है।

बुधवार दोपहर एसडीएम चंद्रकांता गेंहू क्रय केंद्र के निरीक्षण व क्षेत्र में भ्रमण को निकली थी। इस दौरान बाईपास मार्ग पर एक गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली को जाते देखा एसडीएम ने पीछा कर ट्रैक्टर ट्राली को रुकवाया पूछताछ की तो पता चला कि गेहू को निजी व्यापारी को बेचने के लिए ले जाया जा रहा है। एसडीएम ने ट्राली को सरकारी क्रय केंद्र पर भेज दिया चालक से गेहूं खरीद संबंधित लाइसेंस सुबह कागजात की जानकारी ली तो वह नहीं दिखा सका एसडीएम ने चालक से गेहूं सरकारी मंडी में बेचने के लिए कहा तो जिसपर उसने एसडीएम की बात को मानते हुए गेहू को सरकारी केंद्र पर तौल दिया। कार्यवाही के दौरान क्रय केंद्र प्रभारी शेखर वर्मा भी मौजूद रहे। वहीं अफसरों की कार्रवाई से खलबली मची हुई है। गेहूं केंद्र प्रभारी शेखर वर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली चालक के पास गेहूं खरीद संबंधित कोई दस्तावेज नहीं था जिसके चलते गेहूं को सरकारी करें केंद्र पर तुलवाया गया है।

# घरेलू मीटरों से निकाला जा रहा अधिक बिल

## भाकिसं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान संघ ने बिजली मीटरों में छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाते राशन कार्डों में की गई गड़बड़ी को दुरुस्त करवाये जाने की मांग की है।

बुधवार को उप जिलाधिकारी के माध्यम से भारतीय किसान संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज दिया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते घरेलू मीटरों से रीडर अधिक बिल निकाल रहे है। किसानों को सिंचाई करने के लिए भी बिजली नहीं मिल रही है। इन चार माह में भीषण गर्मी पड़ेगी। किसानों की फसलों को बचाने के लिए 16 घंटे सप्लाई दिलवाई जाये। किसानों की जमीनों को अंश बंटवारा लेखपाल द्वारा फार्मो में गलत कराया गया है। गांव में कैंप लगाकर शीघ्र इसका निस्तारण कराया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी समस्याये हैं उनका जल्द से जल्द निराकरण कराया जाये। ज्ञापन पर ओमवीर सिंह चौहान चौधरी कर्मेंद्र सिंह सुभाष सिंह धर्मपाल सिंह अशोक कुमार दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

# संचारी रोगों की रोकथाम को रैली निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। संविलियन विद्यालय पेली तगा के छात्रों ने संचारी रोग नियंत्रण के लिए बुधवार को गांव में जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक महेश सिंह ने कहा कि संचारी रोग वे बीमारियां है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में या किसी जानवर से दूसरे व्यक्ति में या दूषित भोजन एवं दूषित पानी के प्रयोग से फैलती है। शिक्षक अमित तेजा ने कहा अपने हाथों को नियमित साबुन से धोये और उसके बाद अच्छी तरह से सुखाएं। छात्रों ने बीमारियों से रोकथाम व उपचार को लेकर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। रैली समापन के बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक महेश सिंह, अमित तेजा, धर्मवीर सिंह, अरुण कुमार शर्मा, कुमारी मेघा सिंह, कुमारी अंजली, कृष्णा, अनीता त्यागी, ख्यालीराम त्यागी, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर अश्लील डांस का वीडियो वायरल

## वीडियो की जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। अंबेडकर जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंच पर अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में आयोजित कार्यक्रम का है। अंबेडकर जयंती के मंच पर अश्लीलता के तांडव से बार बालाओं के ठुमकों से कार्यक्रम भी शर्मसार हो गया। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मंच पर बार बालाओं ने जमकर अश्लील डांस किया। आयोजकों ने अंबेडकर जयंती के नाम पर कार्यक्रम में डांस का ऐसा तड़का लगाया कि मंच पर मर्यादा तार-तार हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में मंच पर अश्लील गानों पर बार बालाएं ठुमके लगाती नजर आ रही हैं, जबकि सामने ग्रामीणों की भारी भीड़ बैठी है। वीडियो वायरल होते ही मामले ने तूल पकड़ लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की बात कह रही है। लेकिन सवाल उठ रहा है कि अंबेडकर जयंती जैसे पावन अवसर पर इस तरह की अश्लीलता कैसे और किसकी अनुमति से परोसी गई। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आया है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# पश्चिम बंगाल में ध्वस्त है कानून व्यवस्था: शास्त्री

## श्री लड्डू गोपाल सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। श्री लड्डू गोपाल सेवा समिति ने पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर सुनियोजित अत्याचारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही में अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। संगठन के संस्थापक मयंक शास्त्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर सुनियोजित तरीके से हमले लगातार बढ़ रहे हैं। बुधवार को श्री लड्डू गोपाल सेवा समिति के पदाधिकारी तहसील मुख्यालय पर एकत्र हुए यहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। संस्थापक मयंक शास्त्री ने मांग की है कि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटनाओं की सीबीआई जांच हो, हमले में पीड़ित परिवारों को संरक्षण पुनर्वास और उचित मुआवजा दिया जाए, प्रशासनिक निष्क्रियता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त दंडात्मक कार्यवाही हो, राज्य में अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लागू हो, देशभर में धार्मिक अल्पसंख्यकों या बहुसंख्यको पर हो रहे हमलों की निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय सांप्रदायिकता निगरानी आयोग की स्थापना हो। इस दौरान मोहित शर्मा गौतम प्रजापति अमित प्रजापति विशाल वशिष्ठ पिंकी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# एम्बूलेंस चालक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। टैम्पो चालक की मौत में बेटे की तहरीर पर एम्बूलेंस नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस एम्बूलेंस चालक की तलाश में जुट गयी है।

घटना 24 फरवरी की है। यहां जामा मस्जिद निवासी शरीफ पुत्र सगीर सुबह सात बजे टैम्पो अड्डे से चलकर मुरादाबाद टैम्पो लेकर जा रहे थे। जैसे ही वह बुढ़नपुर पुल के पास पहुंचे तो पीछे से आयी एम्बूलेंस संख्या यूपी22 एटी 0250 ने टक्कर मार दी। जिससे शरीफ घायल हो गये थे। उनका इलाज मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल में चल रहा था। जहां टैम्पो चालक की मौत हो गयी। बेटे नसीम की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बाबा साहब के पोस्टर पर अभद्र हरकत, कोतवाली में दी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़**। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर के पोस्टर के साथ की गई अभद्र हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना ने बहुजन समाज में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है।

आजाद समाज पार्टी काशीराम के जिला कोषाध्यक्ष वासु कुमार ने पिलखवा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में बझेड़ा खुर्द गांव का निवासी प्रशांत राणा, डा. अंबेडकर की तस्वीर के साथ अशोभनीय व्यवहार करता दिख रहा है। वासु कुमार ने बताया कि आरोपी प्रशांत राणा, सोनू का पुत्र और रनसिंह का पौत्र है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य से बहुजन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच



# मेरे विरुद्ध षड़यंत्र कर रहे लेखपाल

## कानूनगो ने एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मैं तहसील धनौरा में काम करने में असुरक्षित महसूस कर रहा हूं तहसील धनोरा में कार्यरत लेखपाल मेरे विरुद्ध षडयंत्र रचकर किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। ये कहना है तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षक धीरे सिंह का उन्होंने एक लेखपाल पर गाली गलौज करने के भी आरोप लगाए हैं।

तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षक धीरे सिंह का आरोप है कि कुछ लेखपाल बिना किसी कारण के उनके विरुद्ध षड्यंत्र रचते रहते हैं और अपने संघीय पदों का दुरुपयोग करके उनके विरुद्ध व्यवहार का आरोप लगाकर हड़ताल करने की धमकी देकर प्रताड़ित करते हैं जबकि उन्होंने किसी भी लेखपाल के विरुद्ध कोई दुर्व्यवहार नहीं किया है। आरोप हैं कि बीती चार अप्रैल को देव रात्रि उनके फोन पर लेखपाल अनुज कुमार ने फोन कर गाली गलौज की। उन्होंने कहा है कि वह मंडी धनौरा तहसील में काम करने में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आरो की तहसील में कार्यरत लेखपाल विकास यादव और अनुज कुमार उनके विरुद्ध षडयंत्र रचकर किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। राजस्व निरीक्षक ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# 22 को पेंशनर्स का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। सरकार द्वारा नियमावली में बदलाव किये जाने के विरोध में पेंशनर्स 22 अप्रैल को देशव्यापी धरना प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट पर धरना देंगे तथा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। धरना प्रदर्शन की सफलता को संगठन ने तैयारी शुरू कर दी है। पदाधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है।

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम अब्दुल रहमान राशिद हुसैन (ABDUL RAHMAN RASHID HUSAIN) से बदलकर अब्दुल रहमान (ABDUL REHMAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
**अब्दुल रहमान पुत्र श्री राशिद हुसैन, उझारी, अमरोहा।**

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम नदीम अली (NADEEM ALI) से बदलकर नदीम चौधरी (NADEEM CHOUDHARY) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
**नदीम चौधरी पुत्र श्री हामिद अली, उझारी, अमरोहा**

# चामुंडा मन्दिर में तोड़फोड़, मूर्ति खंडित

## कार्रवाई की मांग को प्रधान समेत महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** महिला ने चामुंडा मन्दिर में रखी मूर्तियों व सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि पूजा करने आयी महिलाओं के साथ भी मारपीट की। ग्राम प्रधान समेत महिलाओं ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर जमकर हंगामा होता रहा। जबकि एसओ का कहना है कि मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की कोई बात नहीं है विवाद जमीन से लेकर जुड़ा है।

घटना रहरा की है। यहां स्थित चामुंडा मन्दिर में मंगलवार की रात महिला ने तोड़फोड़ कर दी। इतना ही नहीं मन्दिर में स्थापित मूर्तियां, पंखे, टीन, लाइट आदि को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जब कुछ महिलाएं मन्दिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचीं तो यह देखकर हड़कम्प मच गया। कुछ ही देर में बात जंगल की आग की तरह लोगों में फैल गयी। इस दौरान जब पूजा के लिए मन्दिर में महिलाएं पहुंची तो उन्होंन देखा कि एक महिला



लाठी डंडे व पत्थर से मन्दिर में तोड़फोड़ कर रही है। जब उन

■ **थानाध्यक्ष बोले, भूमि विवाद से जुड़ा है मामला, जांचकर होगी कार्रवाई**

महिलाओं ने इसका विरोध किया तो आरोपी महिला ने उनके साथ गाली गलौच व मारपीट की कोशिश की। जिससे महिलाएं भड़क गयीं तथा वह इकट्ठा होकर थाने पहुंची। उन्होने पुलिस को घटना से अवगत कराते आरोपी महिला पर कार्रवाई की मांग को शिकायती पत्र सौंपा। जिस पर ग्राम प्रधान बबली, रेनू त्यागी, रूचि त्यागी, मुनेश, बबीता, कांता देवी, राजबाला, सोनम, सुमन, अनीता, बब्लू, शुभम त्यागी आदि के हस्ताक्षर हैं। उधर थानाध्यक्ष सुकर्मपाल सिंह राणा से जब इस बाबत जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का कोई मामला नहीं है। जबकि उक्त विवाद जमीन से जुड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



■ जोया। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# मिट्टी की ढांग में दबकर मजदूर की मौत

## इलाज को अस्पताल ले जाते रास्ते में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** खेत से मिट्टी लेने गया युवक ढांग गिरने से दब गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज को ले जाते रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना से परिवार मे कोहराम मच गया।

मामला थाना क्षेत्र के गांव गलसुआ से जुड़ा है। यहां के रहने वाले वाहिद खेत से मिट्टी लेने गया था। उसने जब ढांग के नीचे खुदाई शुरू की तो अचानक मिट्टी की ढांग उस पर गिर गयी। मौके पर मौजूद वाहिद के बेटे ने दौड़कर घर इसकी सूचना दी। जानकारी होते ही परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पहुंचे तथा आनन फानन में मिट्टी हटाकर वाहिद का बाहर निकाला। परन्तु तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही वाहिद (45) ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। वह अपने पीछे दो बेटे व एक बेटी को छोड़ गया है। जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

# अम्बेडकर का झंडा फाड़ने वालों पर कार्रवाई हो

## दलितों ने कोतवाली के बाहर किया हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का झंडा फाड़े जाने से गुस्साये दलितों ने कोतवाली के बाहर हंगामा काटते हुए दूसरी जाति के लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मनौटा में टावर पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का उनकी जयंती पर झंडा लगाया गया था। आरोप है कि कुछ लोगों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के झंडे को फाड़ दिया। यह देखकर दलित समाज के लोगों में भारी गुस्सा फैल गया। दलित समाज के दर्जनों लोग मंगलवार की शाम कोतवाली पर पहुंच गये और उन्होंने झंडा फाड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा काटना शुरु कर दिया। पुलिस ने दलित समाज के लोगों को समझा कर शांत कर दिया। दलित समाज के लोगों का कहना था कि गांव में दूसरी जाति के लोगों ने बाबा साहब के झंडे को फाड़ा है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के झंडे को फाड़ा है जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। इस दौरान दलित समाज के लोगों ने झंडा फाड़ने वालों के खिलाफ नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन भी किया। पुलिस मामले की जांच करने में लगी हुई है। इस अवसर पर इंद्रेश कुमार कौशल दिनेश कुमार बबलू सुरेश रोहित कमल वीरेंद्र समेत बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग मौजूद थे।

# किसान की मौत पर मिले एक करोड़ मुआवजा

## भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप ने कहा कि किसान की मौत होने पर सरकार परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दे। उनका कर्ज माफ किया जाये। अवारा पशुओं से किसानों की फसल सुरक्षित रखी जाये।

गांव डिडौली में भाकियू भानू के प्रदेश महासचिव ठाकुर पोपाल सिंह के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप का कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जवान के शहीद होने पर सरकार उसके परिजनों को पांच करोड़, मीडिया कर्मी की मृत्यू होने पर चार करोड, पुलिस कर्मी की मौत पर दो करोड़ मुआवजा देती है परन्तु किसान की मौत पर कुछ नहीं दिया जाता। उन्होने मांग करते कहा कि किसानो के परिवार वालों को एक करोड़ मुआवजा दिया जाये, उनका कर्जा माफ किया जाये। अवारा पशुओं को गौशाला भिजवाय जाये। किसान आयोग का गठन किया जाये। इस मौके पर ववीत धामा, डा. होतेराम सैनी, अशरफ अली, तुलसी सिंह, अंकुर कुमार, अजीम पाशा, इमरान, उवैस पाशा, सनी ठाकुर, नजर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिले चेयरमैन

## सीएम ने हसनपुर आने का किया वादा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की है। अगले महीने हरियाणा के सीएम ने हसनपुर आने का वादा किया है।

मंगलवार को हसनपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजपाल सिंह सैनी ने हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास पर मुलाकात की। पालिका अध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने अगले महीने हसनपुर आने का आश्वासन दिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री के हसनपुर आगमन पर सैनी समाज द्वारा उनका भव्य रूप से स्वागत किया जायेगा। उम्मीद की जा रही है उम्मीद व्यक्त किया जा रही हैं जल्दी हरियाणा के मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारियां की जायेगी। राजपाल सिंह सैनी के हरियाणा के मुख्यमंत्री से घनिष्ठ संबंध हैं। नायब सिंह सैनी जब हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे तब भी राजपाल सिंह सैनी ने चंडीगढ़ पहुंचकर उनको बंधाई दी थी। पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर यह साबित किया है कि उनके भाजपा हाई कमान में गहरे संबंध है। पिछले दिनों प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी के आवास पर पहुंचे थे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया था।

# नीलगाय के हमले में घायल मजदूर ने दम तोड़ा

## छह दिन पूर्व हुआ था हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** सड़क पर जा रहे मजदूर पर नीलगाय ने हमला कर दिया। जिससे उसके सिर की नस फट गयी। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में आज उसने दम तोड़ दिया।

घटना दस अप्रैल की है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा कमाल निवासी चन्द्रप्रकाश वर्मा पुत्र टीकालाल ग्राम प्रधान की जमीन बटवाई पर लेकर खेती का काम करते थे। वह दस अप्रैल को गांव स्थित गन्ना सैंटर से भवालपुर अड्डे जा रहे थे। रास्ते में नीलगाय ने उन्हें



जोरदार टक्कर मार दी। इतना ही नहीं कई बार उन पर हमला भी किया। जिससे चन्द्रप्रकाश के दीमाग नस फट गयी तथा कई पस्लियां टूट गयीं। उनका इलाज टीएमयू में चल रहा था जहां उनकी मौत हो गयी।

# मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने मासूम को रौंदा, मौत

## 15 दिन पहले आई थी मौसी के घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपनी मां एवं छोटे भाई के साथ 15 दिन पूर्व मौसी के घर आई 3 वर्षीय मासूम को अवैध खनन मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया। मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बिना कानूनी कार्यवाही परिजन शव को घर ले गये।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव भदौरा निवासी टिंकू की पत्नी सुमन 15 दिन पहले अपने मासूम बेटे दीक्षित तथा तीन वर्षीय बेटी सूर्यांशी के साथ कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौला निवासी अपनी बहन ताराव. ती पत्नी बलवीर के घर रिश्तेदारी में गई थी। बुधवार को टिंकू की तीन वर्षीय बेटी सूर्यांशी अपनी मौसेरी बहन सोनिका व मोनिका के साथ गांव में स्थित परचून की दुकान से सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान अवैध खनन मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने तीन वर्षीय सूर्यांशी को कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों के द्वारा गंभीर रूप से घायल मासूम को गांव स्थित एक निजी चिकित्सक को दिखाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से मां सुमन समेत परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक मासूम दो बहन भाईयों में बड़ी थी। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को मौके से पकड़ लिया।परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही मृतक मासूम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। दोनों पक्षों में फैसला हो गया है ।फिलहाल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# आर्य समाज के बाहर नल उखाड़ने पर नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद द्वारा आर्य समाज मंदिर के बाहर लगा नल उखाड़ने पर नोटिस जारी किया गया है। 3 दिन के भीतर नल यथा स्थान पर न लगवाए जाने पर पालिका अधिनियम के तहत कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। नगर पालिका कार्यालय में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार वार्ड संख्या 18 में आर्य समाज मंदिर के बाहर क्रियाशील हालत में लगे हैंडपंप को चेतराम सिंह आर्य द्वारा अवैध तरीके से उखाड़ कर खुर्द बुद्ध कर दिया गया जिससे आसपास के लोगों को पानी की परेशानी हो रही है। शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी ने चेतराम सिंह आर्य को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर हैंड पंप को अपने स्थान पर लगवाने के निर्देश दिए गए है। ऐसा न करने पर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई के चेतावनी दी गई है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि हैंडपंप उखाड़ने के मामले में चेतराम सिंह आर्य को नोटिस जारी किया गया है।

# इण्डियन नेशनल कैम्प में दिव्यांशी का चयन

## नगर पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला बाक्सर दिव्यांशी सैनी का इंडियन नेशनल कैम्प में सलेक्शन होने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

26 मार्च को हरियाणा राज्य के रोहतक जिले के राजीव गांधी स्टेडियम में एशियान का ट्रायल हुआ। जिसमें महिला बाक्सर दिव्यांशी सैनी का चयन इंडियन नेशनल कैम्प के लिये किया गया है। जिससे परिजनों समेत लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। चेयरमैन शशि जैन, समाज हिल्टन कान्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा स्टाफ के साथ नगर के रेलवे स्टेशन पहुंचे इसके अलावा सैनी समाज के लोग भी बड़ी संख्या पहुंचे तथा दिव्यांशी का स्वागत किया। महिला बाक्सर भाजपा महिला मोर्चा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष विनीता सैनी की बेटी है। वह देहात थाना क्षेत्र के गांव पंडकी की रहने वाली है। वर्ष 2022 में दिव्यांशी ने मुरादाबाद में हुई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड, कर्नाटक में नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य, वर्ष 2023 में हरियाणा रोहक में खेलों इंडिया नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर जबकि इसी वर्ष उत्तराखंड में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया था। कोच निर्भय विश्नोई व मनीष सैनी के नेतृत्व में वह निरंतर जिले का नाम रोशन कर रही है। स्वागत करने वालो में मंगतराम सैनी, लेखराज सैनी, अजय सैनी, मुक. ेश सक्सैना, हरीश अरोड़ा, देशराज गोले, मीराक्षी वर्मा, गोपाल सैनी, आशा आर्य, अर्चना औलख, गीता दक्ष, सुनैना, हेमलता मौजूद रहीं।



■ अमरोहा। रेलवे स्टेशन पर दिव्यांशी सैनी का स्वागत करतीं चेयरमैन शशि जैन व परिजन।

# ट्राली के पहिये के नीचे दबकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रिश्ते की चाची की अंतिम संस्कार में आया 45 वर्षीय युवक ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिर गया और उसके ऊपर ट्राली का पहिया चढ़ गया। उसकी मौके पर ही मौत गई। घटना की जानक. ारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार कमल सिंह (45) पुत्र रोशन सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर माफी थाना चांदपुर जनपद बिजनौर बुधवार को अपनी चाची चंद्रो देवी (55) के अंतिम संस्कार परिवार व ग्रामवासियों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से आया था। अंतिम संस्कार के बाद शाम के समय सब लोग घर वापस जाने के लिये ट्रैक्टर ट्राली में सवार हो गए। कमल सिंह ट्रैक्टर पर बैठा था, बताते हैं कि चालक ने ट्रैक्टर

■ **चाची के अंतिम संस्कार में तिगरी आया था कमल**

स्टार्ट कर दिया। इसी दौरान अचानक गियर लगने के बाद एकदम से झटका लगकर ट्रैक्टर आगे चला और कमल सिंह उछलकर नीचे गिर गया, इसी बीच उसके ऊपर ट्राली का पहिया चढ़ गया, जिससे कमल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से साथ आए ग्रामीणों व परिवार के लोग उदास हो गए। उन्होंने कमल सिंह के परिवारवालों को बताया तो चीख पुकार मच गई। बताते हैं कि कमल सिंह एक ईंट भट्टे पर काम करके अपने परिवार का गुजारा करता था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया।

# क्रय केन्द्र प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गेहूं खरीद में लाप. रवाही बरतने पर डीएम ने भारतीय खाद निगम पीसीयू पीसीएफ के केन्द्र प्रभारी पर कड़ी नाराजगी जताते फटकार लगायी। जबकि कठोर कार्रवाई की हिदायत दी। जबकि एडीसीओ कोआपरेटिव द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिये जाने पर शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गेहूं खरीद के संबंध में एजेंसी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। भारतीय खाद निगम पीसीयू पीसीएफ की कम खरीद पर केन्द्र प्रभारी पर नाराजगी व्यक्त करते कठोर कार्रवाई के आदेश दिये। जबकि एडीसीओ कोआपरेटिव द्वारा संतोषजनक जवाब न दिये जाने पर शासन को पत्र लिखा। उन्होने कहा कि क्रय केन्द्र एजेंसियां प्रतिदिन 200 कुंतल गेहूं की खरीद करें। डीएम ने पीसीएफ एफसीआईपीसीयू के मैनेजर को भी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, एसडीएम सुधीर कुमार समेत सभी क्रय केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे।

## गेहूं की खरीद में लापरवाही पर डीएम खफा



# प्राथमिक विद्यालय से हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने हजारों रुपयों की कीमत का सामान चोरी कर लिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सिरसा जट की है। 11 अप्रैल की रात में ताले तोड़कर चोर प्राथमिक विद्यालय में घुस गए। यहां से इन्वर्टर, बैटरी के अलावा एलईडी चोरी कर ली। स्टाफ को घटना की जानकारी अगले दिन विद्यालय पहुं. चने पर हुई। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, चोरी की दूसरी घटना गांव देहरा मिलक की है। यहां महेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान योजना में ट्यूबवेल पर सोलर पैनल लगा रखा है। बीती दो मार्च की रात चोरों ने पैनल के नीचे लगे तांबे का तार चोरी कर लिया। इस मामले में भी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम समाज की भूमि पर टावर लगवाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर व नौनेर की सीमा पर ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करके एक निजी मोबा. इल कंपनी का टावर लगवाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि पर पहले से ही विवाद चल रहा है, लेकिन उसके बाबजूद भी एक पूर्व प्रधान परिवार के लोग उक्त भूमि पर मोबाइल टावर लगवा रहे हैं। शिकायती पत्र पर शराफत, नरेश कुमार, आबिद कुमार राजेंद्र सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

# दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट

## गांव दीननगर शेवपुर में शादी में हुई थी मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव दीननगर शेखपुर में बीती मंगलवार की रात अपनी बहन के घर भात मांगने से आए पिता-पुत्र की उनके भतीजे से शराब के नशे में कहासुनी हो गई। जिसके बाद यहां मारपीट शुरु हो गई।

जिसके में पिता-पुत्र को पीट कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों घायलों का मेडीकल परीक्षण कर जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक बिसौली थाना क्षेत्र के गांव तारापुर निवासी मेंहदी हसन ने पुलिस को बताया कि बीती मंगलवार की रात गांव तारापुर से अपनी बहिन के लड़के इमरान की शादी में भात लेकर अपने गांव के ही टेंपू से अपने परिवार के साथ अपने पुत्र शाहिद एवं पुत्र बधूओं को साथ लेकर क्षेत्र के गांव दीननगर शेखपुर शादी में अपनी बहिन के घर पहुंचा तो उसी समय उनका सगा भतीजा भूरा पुत्र जलालउद्दीन भी पहुंच गया, जो शराब के नशे में था। जब परिवार के साथ गांव तारापुर से आ रहा था उपरोक्त भूरा अपने साथ आने को कह रहा था, उसने भूरा को अपने साथ ले जाने से मना कर दिया। इसी बात से आक्रोश होकर भूरा उनके गंदी-गंदी गालियां देने लगा। इसके बाद भूरा ने अपने भाई सलमान को भी बुला लिया और दोनों लोगो ने उसे एवं उसके पुत्र शाहिद के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। आज बुधवार की सुबह पुलिस ने दोनों घायलों को मेडीकल परीक्षण कराने के लिए सीएचसी भेज दिया। साथ ही पुलिस घटना की जांच करने में जुट गई है।

# ट्यूबवेल का ताला तोड़कर दस हजार का सामान चुरा ले गए अज्ञात चोर



**पंचू गोपाल, शाह टाइम्स**

**ओरछी।** चोरियों का सिलसिला जारी है लगातार क्षेत्र में अज्ञात चोर सक्रिय क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त कर रहे अज्ञात चोर किसानों से लेकर व्यापारी तक परेशान है किसान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर जंगलों में एक किसान के ट्यूबवेल को निशाना बनाकर उसमें रखा लगभग दस हजार का समान चुरा ले गए। किसान पदम सिंह का ट्यूबवेल गांव व एमएफ बदायूं मुरादाबाद राजमार्ग से चंद कदम दूरी पर है ट्यूबवेल का ताला तोड़कर अंदर रखा एक कुंतल पानी पाइप कपलिंग लोहे की व एक कुंटल लोहा टंकी वाला चुरा ले गए। किसान पदम सिंह ने बताया बीती रात लगभग ग्यारह बजे अपने खेतों से गेहूं निकलवा कर ट्यूबवेल का ताला लगाकर घर चले गए थे बुधवार की सुबह ट्यूबवेल पर आकर देखा ताला टूटा हुआ मिला अंदर रखा सामान गायब था आस पड़ोस वालों से पूछताछ की थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को शिकायती पत्र दिया। छुटपुट चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही अज्ञात चोर घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण अज्ञात चोर सक्रिय रहते हैं मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। पुलिस देखती रह जाती है सूचना पर पहुंच कर जांच पड़ताल जरूर करते हैं लेकिन खुलासा करने में दूरियां बनाए रखते हैं। अज्ञात चोरों के हौसले हो चुके बुलंद वारदात को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जाते हैं हालांकि जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं जो ओरछी चौराहे पर पुलिस पिकेट मौजूद है। पुलिसकर्मियों गस्त करते रहते हैं फिर भी आसानी से अज्ञात चोर फरार हो जाते हैं।

# सीएचसी का सीएमओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को जनपद बदायूं के बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने निरीक्षण कर कहा कि सीएचसी पर नदारद रहने वाले डॉक्टरों पर की जाएगी करवाई।

हम आपको बता दे की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा स्टोर और डिलीवरी प्वाइंट की गहन जांच की। और वहां मौजूद महिला स्वास्थ्य कर्मियों से प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं से संबंधित पूछताछ की और साफ-सफाई को लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य कर्मियों को चेताया कि यदि बाहर की दवा लिखने की शिकायत मिली तो कार्यवाही की जाएगी। और सीएमओ ने बताया कि सीएचसी पर कुछ डॉक्टर नहीं आते हैं जिसकी वजह से अस्पताल पर आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है वही जिसकी जांच करने के लिए आए हुए हैं और कहा कि जांच करने के बाद जो भी लापरवाह डॉक्टर है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विकास भवन में हुआ किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें-बैक, कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग आदि से जुड़े हुए समस्त अधिकारी उपस्थित रहें किसान दिवस प्रारम्भ करते हुए उप कृषि निदेशक बदायूँ ने समस्त कृषक एवं अधिकारियों का स्वागत किया, साथ ही समस्त किसान भाइयों को फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया तथा अपील की कि समस्त किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले। किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से या सेल्फ मोड् से तथा सहायक मोड् के माध्यम से पोर्टल पर स्वयं कर सकते है। कृषक श्री नरव्रेश सिंह निवासी ग्राम करौलिया द्वारा राजकीय नलकूप सं0 40 फेंल हो जाने के कारण ग्रामवासियों द्वारा सरकारी गूलो की भूमि पर अवैध रूप से जोत लिया है के सम्बन्ध में शिकायत की जिसपर अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड् प्रथम द्वारा अवगत कराया कि उक्त नलकूप को नया बनवाने हेतु परियोजना तैयार हो गई है। जिसपर अगले वित्तीय वर्ष में कार्य कराया जायेगा। कृषक श्री सूरजपाल ग्राम धर्मपुर रोटा विकास खण्ड वजीरगंज ने मक्का की फसल में सूडी लगने की जानकारी चाही जिसपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि क्लोरोपायरीफास या कोराजीन नामक दवा का छिड़काव किया जाये तथा उनके द्वारा कृषि विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानक. ारी विस्तार से किसान भाईयों को दी गई। उप कृषि निदेशक द्वारा किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु अनुरोध किया। अन्त में उप कृषि निदेशक बदायूँ द्वारा किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों एवं किसान बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की गयी।

# हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**सुनील कुमार विश्वकर्मा, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** मुंडिया धुरेकी सब सुख लहै तुम्हारी सरना । तुम रक्षक काहू को डरना अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता अस बर दीन जानकी माता का गुणगान करते हुए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में नगर में बहुत धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मे हनुमान जी की झांकियां सहित शंकर पार्वती नृत्य राधा कृष्ण नृत्य माता काली का अखाड़ा श्री राम दरबार श्री खाटू श्याम की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। सभी झांकियां की छटा बहुत मनमोहक थी। शोभायात्रा नगर के सभी प्रमुख मार्गो से होती हुई निकाली गई। हनुमान जी की शोभा यात्रा का सभी भक्तो ने जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर अध्यक्षा मति अनुपम पाठक जी ने भगवान बालाजी की पूजा अर्चना के साथ किया। सुरक्षा की दृष्टि से फैजगंज बेहटा पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।इस अवसर पर कमेटी की ओर से कमेटी अध्यक्ष सुनील टाँक, उपाध्यक्ष, हरवीर सिंह, प्रबंधक, अमित कुमार शर्मा (संकित शर्मा) सह प्रबंधक, प्रेमपाल आर्य, कोषाध्यक्ष, वीरेश पाराशरी, सयोंजक, आशीष उपाध्याय, सह संयोजक, सुमित पाठक, सह संयोजक, विजय कुमार शर्मा।

# बिल्सी में निकाली गई बाबा साहब की शोभायात्रा, उमड़ी लोगों की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा बड़ा ही धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र के तमाम लोग शामिल हुए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी पूरी तरीके से सतर्क रहा और पुलिस ने हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी। डॉक्टर अंबेडकर समाज कल्याण समिति के उमेश सागर ने जानकारी देते हुए बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा बड़ा ही धूमधाम के साथ निकाली गई है। शोभायात्रा बिल्सी नगर के मोहल्ला नंबर 5 होली चौक से प्रारंभ हुई जो नगर में भ्रमण करते हुए मोहल्ला नंबर दो में पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में तमाम महापुरुषों की झांकियां शामिल हुई। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष कविंद्र सक्सेना ने शोभायात्रा का स्वागत गेट बनवाकर पुष्प वर्षाकर जोरदार स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञान देवी सागर ने अपने आवास से शोभायात्रा का पुष्प बरसाकर स्वागत किया। इसके अलावा वार्ड नंबर 11 की सभासद खुर्शीद बानो ने साहबगंज चौराहा पर जलपान की व्यवस्था कराई। इसके अलावा मोहल्ला नंबर दो में भी मुस्लिम समाज के युवकों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा का स्वागत किया और शोभायात्रा में आए सभी लोगों को जलपान की व्यवस्था करवाई। इस मौके पर तेजेंद्र सागर, ओम प्रकाश सागर, अजय अरुण, राजवीर सिंह, राजीव सागर, बॉबी आर्य, तेजस्वी सागर, विनय सागर, अकरम कुरैशी, अमजद खान, सुनील दत्त, मुनीश सागर, इस्लाम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# डा.भीमराव अंबेडकर विशाल रैली का किया आयोजन



**रुखसार, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा में डॉ. आंबेडकर के जन्मदिन को समता दिवस के रूप में नगर की हर गली में क्श्र बजाकर बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। पूर्ण नगर फैजगंज बेहटा में जुलूस को प्रशासन की मोजुदगी में निकलबाकर वार्ड नंबर एक में जाकर अंबेडकर पार्क में समापन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुशाग्र सागर सतीश प्रेमी, अजय प्रधान रामातार पूर्व सभासद गौरव सागर अनमोल सागर, उमेश सागर, राहुल चंद्रवीर बलवीर सिंह, आराम सिंह चरण सिंह आदि कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के लिये निकाली गयी रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** स्कूल चलो अभियान के तहत सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा सब पढ़ें, सब बढ़ें और बेटा-बेटी एक समान, शिक्षा का दो सबको वरदानष जैसे नारे लगाए। रैली कालेज परिसर से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस कालेज में पहुंच कर खत्म हुई। ग्राम में सड़कों पर खड़े स्थानीय लोगों ने बच्चों की पहल की सराहना की।कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने क्षेत्र के सभी अभिवावकों से कक्षा आठवीं में पास सभी बच्चों का कक्षा 9 वीं में नामांकन अवश्य कराने की अपील की। रैली में विपलव भारती, डॉ प्रमोद शर्मा, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी शर्मा, अनुमोल शर्मा, यश पाल सिंह, नितिन मिश्रा आदि साथ रहे।

# प्रत्येक छात्र -छात्रा को प्रवेश दिलाना जरूरी है: नरेंद्र पाल सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नए शिक्षा सत्र में छात्र छात्राओं के दाखिले को लेकर स्थानीय मदनलाल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र पाल सिंह समेत समस्त शिक्षक स्टाफ बेहद फिक्रमंद दिखाई दिया । बीते बुधवार को कस्बा बिसौली में स्थित मदन लाल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र पाल सिंह, एन सी सी के विभागाध्यक्ष रतिंद्र कुमार सहित समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं व स्कूली छात्र छात्राओं ने मिलकर रैली का आयोजन किया जिसमें कक्षा आठ तक के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने को जागरूक किया गया। यह विशाल जागरूकता कार्यक्रम बीते बुधवार को स्थानीय मदन लाल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन आयोजित किया गया।

# प्रधानाध्यापक को ग्राम प्रधान के पति ने पीटा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के विकास क्षेत्र सहसवान के गांव अल्लीपुर में संविलियन विद्यालय अल्लीपुर में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत नीरज चांडक को गांव अल्लीपुर के तथाकथित प्रधान कप्तान सिंह एवं उसके पुत्र विनोद ने लात घुसो से बुरी तरह पीटा। बताते चलें कि अल्लीपुर निवासी कप्तान सिंह दबंग एवं झगड़ालू व्यक्ति है जो अपने को गांव का प्रधान बताता है। जबकि ग्राम प्रधान उसके पुत्र विनोद की पत्नी है। आज मध्यान भोजन वितरण के समय कप्तान सिंह विद्यालय में आकर अचानक वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। वीडियो रिकॉर्डिंग करने से मना करने पर उसने प्रधानाध्यापक के साथ गाली गलौज करने लगा जब प्रधानाध्यापक ने अपने मोबाइल से रिकॉर्डिंग चालू की तो कप्तान सिंह एवं विनोद ने नीरज चांडक का मोबाइल छीन कर बुरी तरीके से लात घुसो से पीटना शुरू कर दिया। चीख पुकार पर प्रधानाध्यापक के सहायकों एवं स्टाफ ने दबंग कप्तान सिंह एवं उसके पुत्र विनोद से उन्हें बचाया। कप्तान सिंह ने जाते-जाते प्रधानाध्यापक को जान से मारने की धमकी भी दे डाली और तो और प्रधानाध्यापक की जेब में रखे 400 रुपये भी निकाल लिए। मारपीट में प्रधानाध्यापक के शरीर में जगह-जगह छोटे आई हैं और प्रार्थी को जमीन पर गिरकर करने से प्रार्थी के कमर में काफी चोट आई है। उक्त प्रकरण की जानकारी होने पर तत्काल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री संजीव शर्मा ने अपनी टीम के साथ सहसवान पहुंचकर पूरे प्रकरण की जानकारी ली एवं कोतवाली सहसवान में मुकदमा पंजीकृत कराया। संजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षक के सम्मान के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा यदि तथाकथित प्रधान कप्तान सिंह एवं उसके पुत्र पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती तो ऐसी दशा में शिक्षक संघ बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# हज यात्रियों हेतु प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम हुआ निर्धारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो0 खघलिद ने जानकारी दी है कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज प्रशिक्षण व टीकाकरण कार्यक्रम शीघ्र सम्पन्न कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंन जनपद के समस्त हज यात्रियों को सूचित किया है कि हज-2025 हेतु हज यात्रियों को प्रशिक्षण 18 अप्रैल 2025 को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक अल-फारिया अस्पताल (बेसमेन्ट) लालपुल-कचहेरी रोड नाहर खर्घा सरायं बदायूँ में दिया जायेगा। समस्त हज यात्रियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना अनिवार्य है। जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ स्थित अचल केन्द्र में हज यात्रियो को मैनिनगोकॉकल मैनिनजाइटिस वैक्सीन तथा सीजनल इन्फलुएन्जा वैक्सीन का टीकाकरण 21 तथा 22 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जाएगा। सभी हज यात्री समय से पहुंच कर वैक्सीन, टीकाकरण अवश्य करायें। हज-2025 की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को वैक्सीन, टीकाकरण हेतु अपने साथ आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साइज फोटो, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट, कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्ड लाना अनिवार्य है।

# महेश नवमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष बने नीलकमल माहेश्वरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** बिल्सी- नगर के माहेश्वरी समाज के युवाओं की एक बैठक नगर पालिका के सभासद प्रखर माहेश्वरी उर्फ मिंकी के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। जिसमें महेश नवमी महोत्सव 2025 को मनाए जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सर्व सम्मति से नगर के मोहल्ला संख्या दो निवासी नीलकमल माहेश्वरी को महोत्सव समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिनका फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वह महेश नवमी 2025 विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई जाएगी। महोत्सव के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और वयोवृध्द लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जाएगें। साथ ही माहेश्वरी के निर्धन एवं गरीब बच्चों के शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में काम करने का भी काम किया जाएगा। बैठक में प्रखर माहेश्वरी, अखिल मालपानी, अमित डैनी, आदित्य माहेश्वरी, राकेश माहेश्वरी सर्राफ, सचिन कुमार राठी, राजू माहेश्वरी, मनीष तोषनीवाल, अखिल मालपाणी, मधुप राठी आदि मौजूद रहे।

# डीएम के स्थानांतरण पर कलेक्ट्रेट में दी गई भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव को शासन स्तर से विशेष सचिव उच्च शिक्षा बनाया गया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनको भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर अधिकारियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह, बुके व शाल आदि भेंट किए। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य व स्वस्थ्य जीवन की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि वह जनपद बदायूं में पूर्व में नगर मजिस्ट्रेट भी रही हैं। उनका कार्यकाल का अनुभव अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने टीमवर्क को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने कार्यकाल के विभिन्न स्मरणों को याद करते हुए साझा किया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली की प्रशंसा भी की। निधि श्रीवास्तव ने जनपद बदायूँ 14 जुलाई 2024 को जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण किया था। उनके कार्यकाल में उन्होंने 24 जनवरी को कलेक्ट्रेट में 10 रुपए में भरपेट भोजन के लिए अन्नदा रसोई प्रारंभ की।

कलेक्ट्रेट परिसर में आमजन के बैठने के लिए पार्क बनवाया, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई, प्याऊ ठीक करवाकर संकेतक भी पेंट करवाए। उन्होंने कहा कि बदायूँ के लोग अमन पसंद हैं और उन्हें विभिन्न अवसरों पर उनका सहयोग भी प्राप्त हुआ है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत अंडरपास पर चित्र व स्लोगन सहित वॉल पेंटिंग करवाई। विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। क्षय रोगियों को स्वयं गोद लेकर पोषण पोटली दी तथा अन्य अधिकारियों व समाज के अन्य लोगों को भी क्षय रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को स्पोर्ट्स किट भी वितरित की। उनके मार्गदर्शन में सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग में सुधार हुआ। मण्डलायुक्त ने भी अपने निरीक्षण के दौरान जनपद में कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। विभिन्न महत्वपूर्ण व विकासपरक परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा कर उनके कार्यों को गति दी। विभिन्न सरकारी योजनाओं के सम्बंध में विभिन्न विभागों की गठित समितियों की बैठक कर नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों को समय से पूर्ण कराने पर जोर दिया। आकांक्षा समिति को सक्रिय कर विभिन्न कार्यक्रमों से जोड़ा। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर वहां राहत पहुंचाई। कावड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया आदि विभिन्न कार्य उनके द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए। विदाई समारोह के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी प्रशासन व अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित अन्य अधिकारियों ने जिलाधिकारी की क्रियाशीलता, कर्मठता, कार्य दक्षता व रचनात्मकता आदि की प्रशंसा की व कहा कि उन्हें जिलाधिकारी से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने जिलाधिकारी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# एक नजर

## बाइक से वापस लौट रहे बाइक सवार युवकों को डीसीएम ने मारी टक्कर

**पंचू गोपाल, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा वुधवार को देर शाम थाना क्षेत्र के गांव गनगोली निवासी युवक जयकिशन पुत्र जयपाल व उसका साथी छोटे पुत्र देवी राम अपने निजी कार्य से चंदौसी शहर से बापस लौट रहे थे। तभी एम एफ हाइवे पर गांव खेड़ादास के समीप सामने से आ रही।

डीसीएम ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार रोड पर दूर जा गिरे, और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है । एस एस आई नरेंद्र सिंह ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है, डीसीएम थाने को थाने लाया गया है।

## विधानसभा बिसौली में हुआ लोधी क्षत्रिय सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** विधानसभा बिसौली में लोधी क्षत्रिय सम्मेलन तीन मंडलों में संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि भारत सरकार में मंत्री आदरणीय बी एल वर्मा जी के छोटे सुपुत्र हर्ष वर्धन सिंह राजपूत रहे और उनके साथ विशिष्ट अतिथि सोवरन सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत में दिनेश राजपूत मंडल अध्यक्ष करनपुर और साथ में सभी क्षेत्र के सम्मानित लोग साथ रहे बैठक मंडल बग्रेन एवं मंडल बिसौली ग्रामीण का कार्यक्रम ग्राम धर्मपुर में हुआ मंडल आशफपुर का कार्यक्रम ग्राम दानपुर में हुआ मंडल करनपुर का कार्यक्रम ग्राम रफातपुर प्रमोद सिंह राजपूत के यहां हुं।

## 16 अप्रैल को विकास भवन में होगा किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किसान दिवस पूर्व की भांति विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 16 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे से आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें जिसमें इच्छुक कृषक किसान दिवस में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने सुनीं शिकायतें

**सदस्या ने शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने के दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडे ने बुधवार को बहेड़ी तहसील सभागार में महिला फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचीं, और आयोग की सदस्या के समक्ष अपनी आप बीती सुनाई। पुष्पा पांडे ने धैर्य पूर्वक सभी महिलाओं की शिकायतों को सुना, और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने महिलाओं को न्याय दिलाने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता दोहराई। बताया कि सुनवाई के दौरान दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, संपत्ति विवाद और कार्य स्थल पर उत्पीड़न से संबंधित कई मामले सामने आए। आयोग की सदस्या ने प्रत्येक मामले की गंभीरता को समझते हुए पीड़ितों को कानूनी सहायता और उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पुष्पा पांडे ने कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह से सजग है, और हर संभव प्रयास कर रहा है कि महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसी जनसुनवाईयों का उद्देश्य महिलाओं को अपनी समस्याओं को सीधे आयोग तक पहुंचाने का एक मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। तहसील प्रशासन के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे, और उन्होंने आयोग की सदस्य को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। पुष्पा पांडे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई जाए, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। महिलाओं ने आयोग की सदस्या द्वारा उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनने और उचित कार्रवाई का आश्वासन देने पर संतोष व्यक्त किया। इस जनसुनवाई से पीड़ित महिलाओं को न्याय की उम्मीद जगी है। इस दौरान बहेड़ी उप जिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार भानू प्रताप, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की आयोजक अमिता अरोरा, समाजसेवी हृदयेश पंडित व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सदस्या के सामने उठा विधवा की जमीन पर कब्जा करने का मामला

एक महिला की जमीन पर कब्जा करने का मामला यहां तहसील सभागार में आई महिला आयोग की सदस्या के सामने उठा। उन्होंने इसको गम्भीरता से लेते हुए दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा।

बुधवार को महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडे ने फरियादियों की समस्याओं को सुना, और उनका निस्तारण करने का अश्वासन दिया। मोहल्ला रामलीला की रहने वाली विधवा अर्चना ने अपनी समस्या को महिला आयोग की सदस्या के सामने रखा। महिला ने कहा कि उसकी शेरगढ़ चौराहे की जमीन पर कुछ लोग कब्जा करने में लगे हुए हैं, और वह लोग उसकी जमीन पर निर्माण करना चाह रहे हैं, उसकी शिकायत पर पुलिस ने उनके द्वारा किए जाने वाला अवैध निर्माण तो रुकवा दिया है, लेकिन दबंग कब्जा करने की लगातार कोशिश कर धमकियां दे रहे हैं। वह लोग कई बार निर्माण कराने का प्रयास कर चुके हैं, और उन्होंने बुनियाद भरने के इरादे से निर्माण सामग्री मौके पर एकत्र कर रखी है। इस पर महिला आयोग की सदस्या ने गम्भीरता से लेते हुए कार्यवाही करने को कहा।

# हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के तहत हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** शासन के आदेशानुसार स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 15 दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान टैग लाईन के अंतर्गत अभियान के रूप में विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत जिला पंचायत, तहसीलों, विकास खंडो, क्षेत्र पंचायतों, ग्राम सभाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में विकासखण्ड नवाबगंज में स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण व प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. आशुतोष गंगवार, खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), प्रधानाध्यापक ज्योति सक्सेना, ग्राम प्रधान रामबाला, ग्राम पंचायत सचिव उत्तम कुमार, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। विकासखंड मझगवां में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बैठक कर लोगों को संक्षिप्त जीवन परिचय एवं संविधान पर चर्चा की गई, एवं प्रभात फेरी भी निकाली गई। ग्राम पंचायत भमौरा आलमपुर जाफराबाद में बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। ग्राम पंचायत चंपतपुर ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद में भी गोष्ठी का आयोजन किया गया, और संविधान निर्माण की प्रक्रिया व बाबा भीमराव अम्बेडकर के योगदान के बारे में बताया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड शेरगढ़ के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम में प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर संविधान निर्माण प्रक्रिया के बारे में चर्चा हुई, तथा संविधान निर्माण की प्रक्रिया ने बाबा साहेब के योगदान के बारे में बताया गया।

# डीएम ने बेसहारों को दिया सहारा बुजुर्गों ने डीएम से मांगी थी मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** डीएम रविन्द्र कुमार ने दो बेसहारा बुजुर्गों का कोई सहारा नहीं होने पर बृद्ध आश्रम भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक बरेली के जोगी नवादा और पीलीभीत जिले के दो जरूरतमंद डीएम द्वारा की जा रही जनसुनवाई के दौरान पहुंचे। इस दौरान दोनों लोगों ने डीएम रविंद्र कुमार को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के साथ रहने खाने की दिक्कत है। उनका कोई सहारा भी नहीं है। वह चाहते हैं कि उन्हें बृद्ध आश्रम भेज दिया जाए। इसके बाद डीएम रविन्द्र कुमार ने उनकी स्थिति और उनके द्वारा बताए गए हालात को देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी को बुलाकर दोनों बुजुर्ग को बृद्ध आश्रम के लिए भिजवा दिया। डीएम रविन्द्र कुमार ने बताया कि आज वह अपने दफ्तर में जनसुनवाई कर रहे थे, इसी दौरान दो बुजुर्ग उनके पास आये और अपना आवेदन देते हुए बताया कि वह बेसहारा हैं। उनके पास कई तरह की दिक्कतें हैं। वह चाहते हैं कि उन्हें किसी आश्रम में सहारा दे दिया जाए। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारी को बुलाकर दोनों को शहर के बृद्ध आश्रम में भिजवा दिया है। हालांकि उनकी उम्र 60 वर्ष से कम थी, पर मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि प्रशासन के पास कोई मदद के लिए आए तो उसकी मदद की जाए।

# केन्द्र प्रभारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होते ही गांवों में दौड़े सेन्टर इंचार्ज



**किसानों से गेहूं लाने की लगाई गुहार**

**शाह टाइम्स ( जफरूद्दीन मंसूरी )**

**नवाबगंज।** प्रशासन की उदास.ीनता के चलते गेहूं की खरीद नहीं बढ़ पा रही है। मंगलवार को एक केन्द्र प्रभारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होते ही बुधवार को अधिकतर सेन्टर इंचार्ज क्षेत्र के गांवों की ओर दौड़ पड़े, और उन्होंने खेतों पर जाकर किसानों से अपना गेहूं सेन्टर पर लाए जाने की अपील की।

क्षेत्र की उप मंडी स्थल परिसर में जिला प्रशासन ने एक नहीं 17 गेहूं क्रय केंद्र खोल रखे हैं। 17 मार्च से शुरू हुई गेहूं की खरीद में अब तक यानि 16 अप्रैल तक कुल 15 हजार कुंतल गेहूं की खरीद हो सकी है। कल मंगलवार को रिछा के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कृष्ण दास द्वारा कचनारी गौंटिया के केंद्र प्रभारी अर्जुन आर्य के केंद्र पर मौजूद न रहने पर उनके खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, केंद्र प्रभारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होते ही क्षेत्र के गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों में खलबली मच गई है।

बुधवार को क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अरविन्द कुमार राठी के साथ ही निरीक्षक रेनू रानी, ज्योति, मार्केटिंग इंस्पेक्टर अजय कुमार आदि तहसील के ग्रामों खाईखेड़ा, नरहरपुर गौरी खेड़ा, धमीपुर, सुंदरी आदि का दौरा कर किसानों के खेतों पर जाकर उनसे अपना गेहूं क्रय केंद्र पर लाए जाने की अपील की।

## बाजार गर्म तो कौन लाए सेन्टर पर गेहूं

बाजार में गेहूं की कीमत अधिक होने से किसान अपना गेहूं क्रय केंद्र पर न लाकर बाजार में अधिक कीमत पर बेच रहा है। सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए निर्धारित किया है, जबकि बाजार में इसकी कीमत 2450 से लेकर 2500 तक बताई जा रही है। किसान इसकी वजह से अपना गेहूं सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर न लाकर खुले में धड़ल्ले से बेच रहा है।

## उत्तराखंड प्रदेश को जा रहा है बड़ी तादाद में गेहूं, प्रशासन बेखबर

तहसील और जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते तहसील के किसानों का गेहूं जिले से बाहर धड़ल्ले से भेजा जा रहा है। इसमें मुख्य भूमिका मंडी विभाग की है, मंडी विभाग की सांठ गांठ से क्षेत्र का गेहूं पड़ोसी राज्य उत्तराखंड को खुलेआम भेजा जा रहा है, इससे सरकार को हर रोज हजारों रुपए राजस्व की चोरी तो हो ही रही है, साथ ही क्षेत्र में खुले गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों का गेहूं नहीं आ पा रहा है। लोगों का मानना है कि अगर प्रशासन बाहर गेहूं भेजे जाने पर रोक लगा देता है तो सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद बढ़ जाएगी।

## एक नजर

### रंजिशन ग्रामीण को घेरकर की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रंजिशन ग्रामीण से गांव के ही कुछ लोगों ने घेरकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरो.पियो पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र गांव मदनापुर निवासी जमुना प्रसाद ने पुलिस को बताया कि गांव के ही कुछ लोग किसी बात को लेकर उनसे रंजिश मानते हैं। गत दो दिन पहले उपरोक्त ने उन्हें गांव में जाते ही रोका और गंदी-गंदी गालियां देने लगे और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा।ग्रामीण ने अपनी जान माल का खतरा बताया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शौकत अली,रियासत अली,निवासी मदनापुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 25 अप्रैल तक जमा करें सदस्यता शुल्क, जल्द होगा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव जल्द होने की संभावना है, बुधवार को हुई संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में इसका निर्णय लिया गया है।

संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में 25 अप्रैल तक अधिवक्ताओं से सदस्यता शुल्क जमा करने की अपील की गई है, इसके बाद कार्यकारिणी का चुनाव कराए जाने का ऐलान किया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में अधिवक्ता साथियों से सीओपी नम्बर भी संगठन को उपलब्ध कराए जाने की अपील की गई है। मिली जानक.ारी के मुताबिक सीओपी नम्बर प्राप्त अधिवक्ता ही चुनाव लड़ सकता है, और वह ही चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। इस बैठक में सचिव दुष्यंत गंगवार, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, बिनोद कुमार मिश्रा, मो. ताहिर, अजय सिंह, नेत्रपाल गंगवार, विनोद कुमार ने भाग लिया।

### कार की टक्कर से दो बाइक सवार हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** अगरास शंखा रोड पर राजस्व लेखपाल की अनियंत्रित कार की टक्कर से दो बाइक पर सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारो को एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार थाना शाही के गांव अकसौरा निवासी नरेशपाल और उनकी पत्नी मनीला दूसरी बाइक सवार थाना शेरगढ़ के गांव मवई काजियांन निवासी जाहिद हुसैन एक अज्ञात बरेली से अपने गांव लौट रहे थे।दोपहर के समय जैसे ही वह अगरास-शंखा रोड पर एक इंजियरिंग कालेज के पास पहुंचे सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने दोनो आगे पीछे चल रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार चारो लोग गंभीर घायल हो गए।कार भी रोड किनारे खाई में चली गई।कार को राजस्व लेखपाल चला रहे थे।पुलिस ने चारो बाइक सवार घायलों को अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने कार और दोनो बाइक थाना परिसर में खड़ी कर दी है।

# पंनवारिया के पीड़ित परिवार से मिला सपा का शिष्ट मंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** तकरीबन पांच-छह दिन पहले पंनवारिया ग्राम में विनोद लोधी की हत्या कर दी गई थी। पीड़ित परिवार पुलिस में रिपोर्ट लिखाने गया तो पुलिस ने पीड़ित परिवार की रिपोर्ट दर्ज नहीं की और थाने से लौटा दिया। रिपोर्ट न लिखने से व सुनवाई न होने से हताश पीड़ित परिवार लखनऊ जाकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिला और उन्हें अपनी पीड़ा से अवगत कराया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार की हर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया, और जिला बरेली के एक शिष्टमंडल को पीड़ित परिवार से घर जाकर मिलने व हर तरह की पीड़ित परिवार को मदद करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक पंडित आरके शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अगम मौर्य, बी वर्मा पाल साहब सहित शिष्ठ मंडल पंनवारिया ग्राम पहुंच पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिला, और उन्होंने उनका दुख साजा किया, पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया। यहां पर पूर्व सांसद वीरपाल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयत्न करेगी, और दोषी पर सख्त कार्रवाई कर जेल भिजवाया जाएगा, और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि किसी भी बेगुनाह को न फंसाया जाए जो असल दोषी है उन्हीं को सजा मिले, पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय मिले। यहां शिष्टममंडल के साथ यहां पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिह यादव, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, विधानसभा अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह यादव, नगर अध्यक्ष मशकूर खान, भूपेंद्र सिंह, आकाश प्रेमी, ओमपाल सिंह, रविंद सिह यादव, द्रोण कश्यप, संजीव कश्यप, अनुज मौर्य आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अष्ठम भव्य एवं दिव्य श्री वाला जी दरवार सजाकर पूर्णरात्रि हुआ जगराता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** कस्बे के रामलीला मैदान में श्री वाला जी मंडल शीशगढ़ के पदाधिकारियों ने श्री वाला जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अष्ठम वार भव्य एवं दिव्य दरवार सजाया।दिव्य दरबार में बाला जी महाराज की दिव्य ज्योति जलाकर पूर्ण रात्रि जगराता हुआ।जगराते में पिंकी नारायण रामपुर,और रामकुमार लक्खा दिल्ली ने सुन्दर सुन्दर भजन गाकर माहौल को भक्ति मय बना दिया।भजनों के साथ ही बाला जी महाराज के जयघोष से पूरा दरवार गूँज रहा था।कस्बे के साथ ही दूरद.राज से पहुँचे भक्त भी रात भर भजन सुनकर ताली बजाकर नाचते झूमते रहे।

बताते चले कि पिछले आठ बर्षो से श्री वाला जी मंडल शीशगढ़ के पदाधिकारियों के द्वारा श्री रामलीला मैदान शीशगढ़ में श्री वाला जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य भव्य व दिव्य श्री बाला जी महाराज का विशाल दरवार लगाया जाता है।दिव्य दरवार की तैयारी 15 दिन पूर्व से ही शुरू कर दी जाती है।प्रोग्राम में बाला मंडल शीशगढ़ के सौरभ अग्रवाल, राजकुमार वर्मा,राजीव गुप्ता, त्रिमल सिंह राठौर, के.पी.शर्मा, राजीव कठेरिया, लक्ष्मी देवल,राजीव कठेरिया,वीरेंद्र कठेरिया आदि के साथ ही बाला मंडल दिनेशपुर के महंत राजेन्द्र अग्रवाल का विशेष सहयोग रहता है।

# डीएम ने बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वप्रथम आधार कार्ड बनाने की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि विकासखण्ड नवाबगंज तथा शेरगढ़ में बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रगति धीरे चल रही है, जिसपर सुधार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा की गयी और पाया गया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत नगर क्षेत्र में कुछ विद्यालयों के बाउंड्री वॉल का कार्य अधूरा है, जिसपर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि नगर क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाए। साथ ही पीएम श्री विद्यालयों का प्रतिमाह निरीक्षण किये जाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में समस्त एबीएसए से जानकारी ली गई कि स्कूलों में मिड डे मील के मीनू के अनुसार खाना बना रहा है या नहीं, जिसपर अवगत कराया गया कि समस्त स्कूलों में मीनू के अनुसार बन रहा है। समस्त एबीएसए को निर्देश दिए गए कि अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण करें, और यह भी सुनिश्चित करें कि विद्यालय में शौचालय, विद्युत, पंखे, पीने के पानी, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था दुरुस्त है या नहीं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, परियोजना निदेशक चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, समस्त एबीएसए सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी भर्ती में रिश्वत लेने वाले सीडीपीओ को विभाग ने किया निलंबित

## डीएम को जनसुनवाई के दौरान मिली थी शिकायत, सीडीओ को दिए गए थे जांच के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम रविन्द्र कुमार को जन सुनवाई के दौरान आंगनबाड़ी भर्ती में अनियमितताओं एवं रुपए के लेन-देन आदि की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसपर उन्होंने सीडीओ जग प्रवेश को जांच के आदेश दिए गए थे।

सीडीओ द्वारा जांच की गयी और निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया कि रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयन कराने के लिए सीडीपीओ कृष्ण चंद्र की आवे.दक से 1 लाख 65 हजार रूपए में बात हुई थी। उनका ऑनलाईन आवेदन भी सीडीपीओ कृष्ण चन्द्र के द्वारा अपने जान पहचान के कैफे से कराया गया था। बतौर एडवान्स उनसे 70 हजार की धनराशि भी बीते वर्ष 12 नवम्बर को ले ली गयी थी, जो आवेदक द्वारा ब्याज पर लेकर कृष्ण चन्द्र को दी गयी थी। परन्तु कृष्ण चन्द्र द्वारा दूसरी आवेदक आशा पत्नी बाबूराम से 2 लाख 50 हजार रूपए लेकर शिकायतकर्ता के आवेदन में जान बूझकर त्रुटि करा दी गयी। फलस्वरूप उनका आवेदन निरस्त कराते हुए आशा पत्नी बाबूराम का चयन करा दिया गया, जबकि उनके अंक चयनित आवेदक से अधिक हैं, और वह बीपीएल श्रेणी में भी है। शिकायतकर्ता द्वारा साक्ष्य के रूप में वीडियो रिकार्डिंग भी उपलब्ध करायी गयी है। उक्त वीडियो रिकॉर्डिंग देखने से कृष्ण चन्द्र बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा उत्कोच लेने की शिकायत प्रथम



रविन्द्र कुमार, डीएम बरेली।

दृष्टया सही प्रतीत हो रही है।

उक्त के क्रम में निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग को लिखा गया तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी के खिलाफ निलम्बन की कार्यवाही की संस्तुति की गयी।

निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कृष्ण चन्द्र बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा अपने पदीय दायित्वों का दुरूपयोग करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्री भर्ती में वीरवती पत्नी अमित कुमार निवासी ग्राम टिटौली, विकासखण्ड फतेहगंज पश्चिमी से उत्कोच लिया गया है, जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई है, तथा उनका यह कृत्य राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 के विप.रीत है।

उक्त के दृष्टिगत कृष्ण चन्द्र बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद बरेली को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित करते हुए उनके विरूद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए आरोपों की जांच हेतु जमा त्रिपाठी उप निदेशक, मुख्यालय को जांच अधिकारी नामित किया जाता है।

निलम्बन अवधि में कृष्ण चन्द्र बाल विकास परियोजना अधिकारी को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड दो भाग-2 से 4 के मूल नियम-53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्धवेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी, तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनरा.शि महंगाई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है, भी अनुमन्य होगा, किन्तु ऐसे अधिकारी को जीवन निर्वाह भत्ते के साथ कोई महंगाई भत्ता देय नहीं होगा, जिन्हें निलम्बन से पूर्व प्राप्त वेतन के साथ महंगाई भत्ता अथवा महंगाई भत्ते का उपांतिक समायोजन प्राप्त नहीं था। निलम्बन के दिनांक को प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन की अवधि में इस शर्त पर देय होंगे, जब इसका समाधान हो जाये कि उनके द्वारा उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है, जिसके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य हैं।

उक्त जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान तभी किया जायेगा जब कृष्ण चन्द्र इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि वह अन्य किसी सेवायोजन, व्यापार, वृत्ति एवं व्यवसाय में नहीं लगे हैं। निलंबन अवधि में कृष्ण चन्द्र, बाल विकास परियोजना अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, जनपद- शाहजहांपुर से सम्बद्ध रहेंगे।

# एसपी सिटी ऑटो से पहुंचे , रंगदारी वसूलते रंगे हाथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से जबरन रंगदारी वसूलने वालों को पकड़ने के लिए एसपी सिटी मानुष पारीक ऑटो में सवारी बनकर बरेली जंक्शन पर पहुंचे। उन्होंने मौके से दो लोगों को पकड़ लिया। पांच आरोपी भागने में कामयाब रहे। दोनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

जंक्शन पर ऑटो चालकों से लगातार नंबर लगाने के नाम पर रंगदारी वसूलने और न देने पर मारपीट करने की शिकायतें लगातार एसएसपी अनुराग आर्य के गोपनीय नंबर पर आ रही थीं। इसके अलावा सोमवार देर रात आरोपियों ने एक ऑटो चालक के साथ रुपये न देने पर मारपीट की थी। रंगदारी वसूलने वालों पर कार्रवाई के लिए एसपी सिटी मानुष पारीक मंगलवार रात ऑटो में सवारी बनकर जंक्शन पहुंचे। वहां पर गिरोह के लोगों ने पैसे मांगने शुरू किए तो चालक ने विरोध किया तो सभी उसके साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। इस पर एसपी सिटी से कुछ दूरी पर खड़े सिपाहियों ने दो आरो.पियों को पकड़ लिया। इनमें एक सिविल लाइंस और दूसरा बदायूं का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस फरार आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूछताछ में आरो.पियों ने बताया कि ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से नंबर पहले देने के नाम पर रंगदारी लेते थे। बताया जा रहा है कि अवैध पार्किंग के रूप में भी वसूली की जा रही थी।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ की जिला सतर्कता समिति की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में पूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जिला सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।
बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय योजना के लाभार्थियों को राशन का वितरण निर्धारित मात्रा के अनुसार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने राशन कार्डों का सत्यापन मानकों के अनुसार कराने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि जिन नगरीय क्षेत्रों व विकास खण्डों में सत्यापन का कार्य अभी शेष है, वह शत-प्रतिशत राशन कार्डों का सत्यापन यथाशीघ्र पूर्ण कर लें अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सत्यापन कार्य में अपात्र पाये गये व्यक्तियों का राशन कार्ड यथाशीघ्र निरस्त किया जाये और उनके स्थान पर पात्र व्यक्तियों को राशन कार्ड जारी करें। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में पाये गये मृतक राशनकार्डधारकों के मृतक यूनिटों को भी यथाशीघ्र निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राशनकार्डधारकों की ई-केवाईसी उचित दर विक्रेताओं के द्वारा ई-पॉश मशीन के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके द्वारा अब तक कुल 1703550 के सापेक्ष 1365492 लाभार्थियों की ई-केवाईसी की गई है। जिलाधिकारी ने 31 मई तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निर्मित करायी गयी समस्त 75 अन्नपूर्णा माडल शॉप का संचालन मानकों के अनुसार किया जाये।
उन्होंने तहसील स्तर पर कराये जा रहे राशन कार्ड सत्यापन कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने व लापरवाही बरतने पर पूर्ति निरीक्षक शाहबाद व स्वार को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये।
तहसील सदर के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को कार्यों में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी की गयी। जिला पूर्ति अधिकारी को विभागीय योजनाओं में शिथिल पर्यवेक्षण, अधीनस्थ कर्मियों पर नियन्त्रण न रखने के दृष्टिगत कठोर चेतावनी देते हुए समस्त व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी व समस्त पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहे।

## उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बीएसए कार्यालय का किया औचक निरीक्षण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई के उपरांत जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत महिला अध्यापकों के संबंध में मिल रही शिकायतों के समाधान के दृष्टिगत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से महिला अध्यापकों के सीसीएल, सीएल, ईएल एवं मेडिकल लीव के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में खाद्यान्न आपूर्ति को लेकर भी विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में तैनात महिला कर्मचारी एवं पुरुष कर्मचारियों की संख्या के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कार्यालय के वरिष्ठ सहायक पन्नालाल सैनी बिना किसी प्रार्थना पत्र के कार्यालय में गैरहाजिर मिले तथा उनके कक्ष में भी ताला पड़ा मिला। उन्होंने निर्देशित किया कि विभाग में महिला उत्पीड़न से जुड़े किसी भी प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लिया जाए तथा उनका त्वरित निस्तारण किया जाए।

# बाइक सवार दो भाइयों को अज्ञात वाहन ने रौंदा मौके पर मौत

## फूफा के यहां से शादी से वापस लौट रहे थे मृतक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/ रामपुर।** फूफा के घर बारात में आए दो चचेरे-तहेरे भाइयों को वापस चंडीगढ़ लौटते समय अज्ञात वाहन ने दोनों को रौंद दिया जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई सूचना पर कोतवाली पुलिस घटना स्तर पर पहुंच गई मृतक के शवों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद आई जहां से शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मंगलवार को गांव बेहतरी तहसील चंदौसी जिला सम्भल के रहने वाले 20 वर्षीय अशोक व 18 वर्षीय अजय पुत्र होरी लाल अपने सगे फूफा के यहां से बाइक पर सवार होकर वापस चंडीगढ़ जा है थे कि भगवन्तपुर के पास में किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिसे दोनों की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जिला संभल के चन्दौसी थाना क्षेत्र के ग्राम बेहतरी निवासी अशोक और अजय दोनों सगे चचेरे-तहेरे भाई हैं दोनों चंडीगढ़ में रहकर मेहनत मजदूरी करते थे। दोनों भाई बाइक के द्वारा 12 अप्रैल को जनपद बदायूँ के थाना बजीरगंज क्षेत्र के ग्राम शाहबर अपने फूफा के घर बारात में आए हुए थे। 14 अप्रैल फूफा के पोते की बारात थी। बारात करने के बाद दोनों भाई बाइक द्वारा 15 अप्रैल दिन मंगलवार को वापस काम पर चंडीगढ़ जा रहे थे। चंडीगढ़ जाते समय रास्ते में थाना शाहबाद क्षेत्र के ग्राम भगवन्तपुर के निकट पहुंचने पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके कोतवाल शाहाबाद पंकज पन्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों मृतकों के शव को को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे जहां पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने मृतकों के परिजन को भी सूचित कर दिया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया किसान दिवस आयोजित

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।
इस दौरान गत माह में आयोजित किसान दिवस में कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं/शिकायतों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये निस्तारण से कृषकों को अवगत कराया गया। किसान दिवस में आये कृषकों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अपनी समस्याओं के संबंध अवगत कराया गया। प्रदेश महा सचिव भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) हसीब अहमद ने बताया कि लालपुर बैराइज से निकलने वाली नहरों व दायां भाखड़ा व बाया भाखड़ा बैराइज से निकलने वाली नहरों में पानी न छोड़े जाने के कारण किसानों की फसलें सूख रही है। तथा जंगली जानवर, पशु एवं पक्षी व्याकुल है।
तत्काल नहरों में पानी छोड़ा जाये। आधार कार्ड गांवों में जानकारी के अभाव में गलत बन गये हैं, उनकी दुरुस्ती के लिए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, गांवों में आधार कार्ड दुरुस्ती हेतु कैम्प लगवाया जाये।
गांवों में खतौनी अंश निर्धारण अधिकतर गलत किये गये है, जिनको दुरूस्त कराने हेतु किसान तहसील के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो रहे हैं, जिन्हें सही कराने हेतु गांवों में कैम्प लगाकर खतौनी सही करायी जायें। विरेन्द्र यादव प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा किसानों से अपील की गयी कि अपने गेहूँ की तौल सरकारी काटों पर करायें, जिससे गेहूँ का भण्डारण किया जा सके। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि गन्ना समितियों द्वारा किसानों को बीज हेतु जो गन्ना उपलब्ध कराया जा रहा है, उसमें अगोला और पताई का 14 प्रतिशत कटौती करके दिया जाना चाहिए, जोकि नहीं की जा रही है। कृषक छिद्दा नेता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम मिलक मिर्जा फय्याज विकास खण्ड सैदनगर में गांव से खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते पर स्थित तालाब में वर्षा के मौसम में पानी से भर जाता है और पानी रास्ते पर आ जाता है, जिस कारण रास्ता बन्द हो जाता है। तालाब स्कूल के निकट है, तालाब से पानी की निक. ासी हेतु तालाब पर पुलिया का निर्माण कराया जाये। ग्राम पंचायत अहमदाबाद विकास खण्ड सैदनगर में रहमत अली टावर के नीचे आबादी में मंगुर मछली का पालन कर रहा है, जिस कारण गांव में बदबू फैल रही है और वह उसमें मांस डालता है।
जिसकी बदबू से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। इसके पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी ने किसान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों को गम्भीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याएं यथाशीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया।

## एसडीएम और समाज कल्याण अधिकारी ( वि ) की मौजूदगी में निरस्त दुकानों को खाली कराने का सिलसिला जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** वर्ष 1981- 82 में समाज कल्याण के द्वारा बनाई गई ब्लॉक की चाहर दिवारी से सटी दुक. ानों की बीते दिनों जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह के आदेश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) रामपुर प्रज्ञा वाजपेई ने तहसील शाहाबाद राकेश कुमार चंद्रा के साथ जांच की थी। जिसमें 26 दुकानों का आवंटन निरस्त किया गया। जबकि शेष 11 दुकानों की जांच अभी जारी है। बुधवार को जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह के आदेश के अनुपालन में जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेई संजीव कुमार प्रबंधक सहायक के साथ शाहाबाद पहुंची। निरस्त 26 दुकानो को खाली कराने के लिए जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह ने एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय व पुलिस क्षेत्र अधिकारी हर्षिता सिंह को पत्र जारी कर आदेश दिया था आदेश के अनुपालन में एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय तहसीलदार शाहाबाद राकेश कुमार चंद्र नायब तहसीलदार हरीश जोशी नायब तहसील अंकुर अन्तल, हल्का लेखपाल रमन कुमार, लेखपाल राजकुमार शर्मा, लेखपाल मनोज यादव ,लेखपाल सुनित कुमार व कोतवाल शाहाबाद पंकज पन्त उप निरीक्षक दिलीप कुमार ,राहुल कुमार मचल सिंह व भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुकानों को खाली कराने का काम शुरू हुआ। इससे पहले आवंटी ओर किराएदार तहसील कार्यालय जाकर एसडीएम शाहबाद से मिले थे। जब मौके पर अधिकारी पहुंचे तब दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया। लेकिन राजस्व कर्मी निरस्त दुकानों को लाल रंग से चिन्हित करते रहे। खबर लेकर जाने तक दुकानों को खाली करने का सिलसिला जारी था। समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेई ने बताया कि यह सामूहिक दुकान योजना के तहत 1981- 82 में दुकानों का आवंटन हुआ था और 1987 में ये योजना समाप्त हो गई थी। जांच में 26 दुकाने निरस्त हुई है जिन्हें खाली कराया जाएगा। सभी को विधिवत नोटिस जारी किए गए थे शेष 11 दुकानों की जांच अभी जारी है।

## संकल्प शाखा ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 70 बच्चों का किया गया परीक्षण

**( हरमेश भाटिया )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** भारत विकास परिषद संकल्प शाखा के अध्यक्ष सी ए सजल अग्रवाल ने बताया की शाखा के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर फूटामहल मे एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे बच्चों के स्वास्थ्य का परिक्षण डॉ दीपांशु गुप्ता के द्वारा किया गया और जिन बच्चों को कैल्शियम, बिटामिन और कीड़ो की दवाई की आवश्यकता थी उन्हें वो दवाइयां दी गयी। साथ ही बच्चों को खान पान से सम्बंधित जानकारी भी दी गयी। हर्षित रस्तोगी ने बताया की सभी बच्चों को चेकअप के बाद एक परचा भी दिया गया जिस पर उनका बजन, लम्बाई और माता पिता को अपने बच्चे के स्वास्थ्य से सम्बंधित जानने योग्य कुछ जरुरी सुझावों को लिखा गया। शिविर मे लगभग 70 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर को सफल बनाने मे विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश और सभी शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा।

### पत्रकार पर हमला करने में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार थाना गंज क्षेत्र के रहने वाले पत्रकार गुलवेज उर्फ गुड्डू बीते दिन प्लाटिंग कारोबा. रियों ने प्लाटिंग का वीडियो बनाने से नाराज होकर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया पीड़ित में थाना गंज कोतवाली में कार्यवाही की मांग की थी जिस पर गंज पुलिस ने बीएनएस 115(2) व 352 व 351 (2) धाराओं में निहाल, शोऐब व अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।
समाचार लिखे जाने तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। थानागंज प्रभारी पवन शर्मा ने बताया आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह जगह दबिश दी जा रही है।

# हंगामे के बाद सभी दुकानों पर लगे लाल रंग के निशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** बुधवार को उस वक्त हंगामा हो गया जब उपअधिकारी शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ,तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा ,समाज कल्याण अधिकारी (विकास) प्रज्ञा बाजपेई भारी पुलिस बल के साथ ब्लॉक से सटी समाज कल्याण की दुकानों को खाली करने के लिए मौके पर पहुंची।
बीते दिनों जिला अधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह के आदेश पर समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा बाजपेई शाहबाद पहुंची थी तब दुकानदारों से मालूमात करने पर पता चला था की आवंटियों ने दुकानों की आकृति बदलकर दो-दो मंजिल बना रखा है, किसी ने दुकानों को बेच दिया है तो किसी ने दुकानों को किराए पर उठा दिया है। ब्लॉक की दीवार से सटी समाज कल्याण की 37 दुकान हैं जिसमें से अभी तक जांच में 26 दुकानों को निरस्त किया गया है शेष 11 दुकानों की जांच जारी है।
वहीं जब राजस्व कर्मियों के द्वारा निरस्त दुकानों पर लाल रंग से निशाना बनाए जा रहे थे तब दुकानदारों ने यह कहते हुए हंगामा कर दिया की कुछ दुकानों पर तो निशान बनाये जा रहा है तो कुछ को छोड़ा जा रहा है इस पर एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने सभी दुकानों पर निशाना लगाने के लिए कहा इस पर हंगामा कर रहे लोग शांत हो गए।

### ससुरालियों के द्वारा पीटने के आरोप में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार को नरेंद्रपुर के रहने वाले प्रदीप कुमार ने कोतवाली शाहबाद में आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है कि उसको ससुराल वालों ने पीटा। पीड़ित का विवाह लगभग 7 वर्ष पूर्व संभल जिले के गांव धनारी पट्टी बाल शंकर के रहने वाले राजेंद्र की पुत्री विनीता से हुई था। प्रदीप की पत्नी विनीता से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर विनीता ने अपने मायके वालों को फोन कर बुला लिया। रविवार की सुबह प्रदीप के ससुर राजेंद्र ,साले राहुल, बिचौलिया दलवीर जो कि मधुकर के रहने वाले है और अज्ञात बीस लोग और दो कार आकर दरवाजा खुलवाकर प्रदीप को पीटने लगे। प्रदीप को बचाने में प्रदीप की माता पिता को भी चोट आई। पुलिस प्रशासन प्रकरण की जांच कर रहा है।

# शाहबाद में आवंटियों ने समाज कल्याण कर्मचारी पर लगाया रिश्वत का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेई सहायक प्रबंधक संजीव कुमार के साथ समाज कल्याण की जांच में निरस्त की गई 26 दुकानों को खाली करने के लिए शाहाबाद तहसील कार्यालय पहुंची थी उसके बाद एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा व नायब तहस. ीलदार हरि जोशी ,अंकुर अन्तल व लेखपालों के साथ ब्लॉक स्थित समाज कल्याण स्थित दुकानों पर पहुंची थी।
इससे पहले आदेश के अनुपालन में कोतवाल पंकज पन्त भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहले ही पहुंच चुके थे। अधिकारियों की मौजूद और पुलिस बल को देखकर दुकानदार ने विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान दुकानदारों ने समाज कल्याण कर्मचारी संजीव कुमार पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया वहीं सहायक प्रबंधक संजीव कुमार ने पहले तो इस पर कुछ बोलने से मना किय फिर कहा कि वह इन लोगों को जानते तक नहीं है।

## एक नजर

### मायके गई पत्नी घर वापस नहीं लौटी पति परेशान, एफआईआर दर्ज



**कालागढ़।** नई कालोनी से पत्नी पच्चीस दिन पूर्व अपने मायके दो बच्चों को लेकर गई थी। लेकिन अभी तक ससुराल वापस नहीं पहुंची। पति पत्नी और बच्चों को पाने लिए दरदर की ठोकरे खा रहा है। लेकिन कही नहीं पता चल पाने पर पति ने थाना कालागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। धर्मपाल पुत्र बाबूराम निवासी नई कालोनी ने बताया कि उसकी पत्नी राखी देवी उम्र छत्तीस वर्ष अपने छह वर्षीय पुत्री एवं ग्यारह वर्षीय पुत्र के साथ अपने मायके तुरतपुर थाना अफजलगढ़ बिजनौर गई थी। लेकिन वापस नहीं लोटी पत्नी के वापस नहीं लौटने से पति ने ससुराल वालों से सम्पर्क किया। ससुराल में मौजूद सास ने बताया कि राखी अपने दो बच्चों के साथ दिन के बारह बजे आई थी लेकिन दिन में दो बजे ससुराल जाने का नाम लेकर वापस चली गई। लेकिन ससुराल में नहीं पहुंची। धर्मपत्नी के घर न पहुंचने पर घर पर तीसरा बड़ा बेटा मम्मी के घर न पहचाने पर उसका बुरा हाल है। वही पति धर्मपाल भी पत्नी के घर न पहुचने पर परेशान है। पत्नी को सभी जगह तलाश करने के पश्चात पति ने पत्नी के गुम हो जाने की शिकायत दर्ज कराई।

### आरजेपी में निबंध प्रतियोगिता



**बिजनौर।** राजा वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में अग्नि शमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल के निर्देशन एवं बालेश कुमार चंद्रहास सिंह की देखरेख में एकजुट हो अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें। विषय को लेकर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि ग्रीष्म काल में आग लगने की घटनाएं निरंतर बढ़ती है। जिसकी रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा पूरे भारत में 14 से 20 अप्रैल तक प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले इस सप्ताह का उद्देश्य आग से बचाव के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय है, एकजुट होकर प्रज्वलित करें, अग्नि सुरक्षित भारत, जो अग्नि सुरक्षा में नवाचारों के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी, शिक्षा और तैयारी के महत्व पर जोर देता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार नरेंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, मनोज कुमार यादव, भूपेंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार यादव, विनीत कुमार गहलौत, जय प्रकाश पटेल, दयानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### हादसे में युवक की मौत

**हल्दौर।** गांव पावटी बस अड्डे के पास एक बाइक व कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा अन्य साथी गंभीर रुप से घायल हो। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मंडैयो निवासी नटवरलाल ( 35 वर्ष ) पुत्र जगदीश सिंह बाइक पर सवार होकर अपने साथी ब्रजेश के साथ बिजनौर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुरादाबाद, बिजनौर हाईवे मार्ग पर स्थित गांव पावटी बस अड्डे के पास बुधवार को बिजनौर की ओर से आ रही तेज गति से कार व उनकी बाइक की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें नटवरलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी ब्रजेश कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घायल का उपचार बिजनौर अस्पताल में चल रहा है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### 25 अप्रैल तक चलेगी उत्तम शुगर मिल

**नांगल सोती।** गन्ना भुगतान में सर्वोपरि उत्तम शुगर मिल का पराई सत्र 25 अप्रैल तक चलेगा। यह जानकारी मिल प्रशासन ने दी और किसानों से अपील की अपना गन्ना समय से डाल दे। उत्तम शुगर मिल बरकतपुर का पराई सत्र 2024/25 आने वाली 25 अप्रैल तक चलेगा, जिसके बाद मिल का पहिया आगामी सत्र तक ठहर जाएगा। मिल प्रशासन ने बताया कि उत्तम शुगर मिल अभी तक एक करोड़ पैंतीस लाख कुंतल गन्ने की पराई कर चुका है। जबकि बीते पराई सत्र में मिल ने एक करोड़ तेईस लाख गन्ने की पराई की थी, वहीं मिल ने तीन अप्रैल तक खरीदे गए गन्ने का 457 करोड़ 57 लाख का भुगतान किसानों को कर दिया है, आगे भी समय से किसानों के खातों में भुगतान होता रहेगा। किसानों से अपील है कि किसान मिल को ताजा और साफ और पत्ती रहित गन्ना की सप्लाई करे।

# ताला तोड़कर नकदी व लाखों का सामना चोरी

## नए कोतवाल का चोरों ने किया चोरी करके स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** झालू नगर में नये कोतवाल के आने पर चोरों ने झालू पुलिस चौकी से तीन सौ मीटर दूरी पर नगर के मौहल्ला कानूनगोयान में ताला तोड़कर बीस हजार रुपए नकद तथा लाखों का सामना चोरी कर स्वागत किया। मकान स्वामी ने चोरी की सूचना मिलने पर तहरीर दी। हल्दौर प्रभारी निरीक्षक व चौकी प्रभारी ने मौका-मुआयना करते हुए कहा कि शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार नाहिद पत्नी हसीन मौहल्ला कानूनगोयान झालू निवासी ने हल्दौर प्रभारी निरक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तीन अप्रैल 2025 को रिश्तेदार की शादी में फजलपुर गई हुई थी। सुबह उनके रिश्तेदार याकूब घर पर किसी कार्य से आया था। जिसने ताला खुला देख इसकी जानकारी पडौसी से की तब पता चला कि नाहिद रिश्तेदारी में गई हुई है, तब उसने मकान का ताला खुला होने की सूचना रिश्तेदार द्वारा मिलने पर नाहिद ने झालू घर आकर देखा, तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखे 20 हजार नगद सोने का एक गले का हार, एक अंगूठी, एक नोज पीन, एक लौंग व चांदी की तीन जोड़ी पायल, पीतल तथा तांबे के 10-12 बर्तन गायब थे। जिसकी तहरीर पुलिस को दे दी है। वहीं झालू चौकी प्रभारी सुभाष कुमार राणा ने बताया कि जांच की जा रही है। चोरी का शीघ्र ही खुलासा किया जायेगा। किसी भी बेकसूर को कुछ नहीं होगा। गुनाहगार किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

# अवैध वसूली पर रोक लगाए जाने की मांग

## भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं ने दिया बीआरसी कार्यालय पर धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने नीजि स्कूलों में कोर्स व ड्रेस के नाम पर अवैध वसूली के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर बुधवार को भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बीआरसी कार्यालय पर तालाबंदी करते हुए धरना दिया।

गौरतलब है कि सात अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन टिकट के कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूलों में कोर्स में ड्रेस के नाम पर हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाई जाने की मांग को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकट के जिला उपाध्यक्ष सुजीव कुमार, शीशपाल सिंह, कवि. राज सिंह, मुदित त्यागी, रईस अहमद, शिवनाथ सिंह, आदेश कुमार, बृजपाल सिंह, शराफत हुसैन, नौबहार सिंह, अरुण चौधरी, ऋषभ कुमार, हेमेंद्र राठी, महेंद्र सिंह आदि ने बीआरसी कार्यालय पर पहुंचकर कार्रवाई नहीं होने से नाराज होते हुए बीआरसी कार्यालय पर ताला लगा दिया और धरना शुरू कर दिया।धरने की सूचना पर आए खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह को अपने बीच धरने पर बैठा लिया। करीब पांच घंटे तक धरना चला रहा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने जिला अधिकारी के द्वारा भेजे गए पत्र को कई स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। किसी भी छात्र-छात्रा को पुस्तकें व अन्य सामान आदि किसी विशिष्ट दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। वार्ता होने पर मंगलवार तक स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि कई स्कूलों को नोटिस भेज दिए गए हैं। जो शेष स्कूल बचे हैं उनको नोटिस भेजने के कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों के साथ एक बैठक भी की जाएगी।

# सर्व-शिक्षा अभियान के तहत रैली निकाली




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा 'सर्व- शिक्षा अभियान' के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में एडमिशन कराएं, महंगी फीस से छुटकारा पाएं' आदि नारों के साथ नगर में रैली का आयोजन किया गया। जिसमें घर- घर जाकर अपने विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर के शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की उप प्रधानाचार्या डॉ. रंजना के नेतृत्व में शिक्षिकाओं ने नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर सर्व शिक्षा अभियान की अलख जगाई। इस दौरान शिक्षिकाओं ने परिवार की महिलाओं एवं लड़कियों को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि लड़कियों को शिक्षित करना बहुत जरूरी है। क्योंकि लड़कियां विशेष रूप से दो परिवारों का दृश्य एवं अदृश्य रूप में संचालन करती हैं। उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक एवं संस्कारित ज्ञान का भी बोध कराया जाना चाहिए। जो आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर में भलीभांति कराया जा रहा है। जिस कारण से पिछले कई वर्षों से कॉलेज का परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम आ रहा है। अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षक और शिक्षिकाओं की मेहनत व विशेष योगदान तो है ही, लेकिन अभिभावकों एवं बच्चों की शिक्षा के प्रति लगन अनिवार्य है। हम सबका नैतिक दायित्व है कि लड़कों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। जनसंपर्क के दौरान उप प्रधानाचार्या डॉ रंजना, सुषमा पटेल, दिव्या पांडे, करुणा, सुषमा, मंजू चौधरी, शिंबुल जमील, तरंग गंभीर, शबाना परवीन, रचना रानी, ममता देवी, गरिमा सिंह, उमेश प्रकाश एवं विष्णु मोहन ने अभिभावकों से अपनी लड़कियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कराने के लिए आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रवेश दिलाने का आवाहन किया।

# कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में विदाई समारोह 'गोल्डन मेमोरी' का आयोजन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी बिजनौर के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी थीम 'गोल्डन मेमोरीज़' रखी गई।

विदाई समारोह का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खां, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. एस.सी. जैन, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार सैनी ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

सर्वप्रथम गणेश वंदना की गई। विभाग के छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रवक्तागणों और छात्र छात्राओं का मन मोह लिया। विदाई समारोह में विभिन्न बौद्धिक खेलों, रैंप वक्चक, कैट वक्चक, सोलो डांस, ग्रुप डांस आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

प्रांजली रस्तौगी (बीकॉम ऑनर्स, फाइनल ईयर) को मिस फेयरवेल व मौहम्मद आसिम (बीकॉम ऑनर्स, फाइनल ईयर) को मिस्टर फेयरवेल का ताज पहनाया गया, कनिष्का राठी (बी. बी.ए., फाइनल ईयर) को मिस फेयरवेल व सचिन कुमार (बी.बी. ए., फाइनल ईयर) को मिस्टर फेयरवेल का ताज पहनाया गया, तलबिया परवीन (एम.कॉम., फाइनल ईयर) को मिस फेयरवेल व अदनान रज़ा खान (एम.कॉम., फाइनल ईयर) को मिस्टर फेयरवेल का ताज पहनाया गया। सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति स्वरूप उपहार प्रदान किए गए।

डॉ. एससी जैन ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शित किया कि आप सभी निरंतर प्रयास को जारी रखें ताकि आपके द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हो सके। विभागाध्यक्ष मंदीप चिकारा ने छात्र-छात्राओं को जीवन में उच्च सफलता अर्जित करने को प्रेरित किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका डी.एल.एड. की विभागाध्यक्षा डॉ. दीपशिखा अग्रवाल व गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा ने निभाई। गोल्डन मेमा. 'रीज़' का संचालन बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष के नैंसी राजपूत, हर्षित कुमार तथा सहसंचालन नेहा ने किया।

विदाई समारोह को सफल बनाने में विभाग के प्रवक्ताओं डॉ. डी.के. जैन, मेहरचंद, सौरभ चौधरी, गोपाल स्वरूप सिंह, नीरज अपरवाल, रोहित राजपूत, नूतन मलिक, प्रियंका राजन अग्रवाल, अनुज कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### क्रिकेट टूर्नामेंट में कामराजपुर ने सौफतपुर को हराया



**नांगल सोती।** सोफतपुर स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक मैच में कामराजपुर की टीम ने सोफतपुर को दो रनों से हराकर मैच जीता। मंगलवार की रात्रि अंपायर आशीष व तुषार की देखरेख में कामराजपुर और सोफतपुर की टीम के बीच मैच खेला गया। कामराजपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट पर 58 रन बनाएं। जिसमें रिजवान ने सर्वाधिक 22 रनों का योगदान दिया। सोफतपुर की ओर से गेंदबाज प्रमोद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सोफतपुर की टीम 8 वें ओवर में 56 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें प्रमोद ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। कामराजपुर की ओर से गेंदबाज पिंकू ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। रोमांचक मैच में कामराजपुर की टीम ने दो रनों से जीत दर्ज की। कामराजपुर के बल्लेबाज रिजवान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### हरचंदपुर में सफाई व्यवस्था चौपट, ग्रामीण परेशान



**नांगल सोती।** गांव हरचंदपुर में सड़क के दोनों ओर जल निकासी के लिए बने नालों की सफाई न होने के कारण गंदगी फैल रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। गांव हरचंदपुर में सड़क के किनारे दोनों ओर जल निकासी के लिए एक वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी द्वारा नाला निर्माण कराया गया था। लेकिन आज तक भी सफाई कर्मियों द्वारा नालों की सफाई नहीं कराई गई है। सफाई न होने के कारण नालों में गंदगी जमा हो रही है। जिससे मच्छर पनप रहे हैं। ग्रामीणों राजू, कार्मेंद्र सिंह, गजे सिंह, विवेक कुमार, समर सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि का कहना है कि नालों की सफाई न होने के कारण जल निकासी अवरुद्ध हो रही है। जिसमें गंदगी फैलने से संक्रामक रोग फैलने से आशंका बनी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नालों की सफाई नहीं कराई जा रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर नालों की सफाई की मांग की है। एडीओ पंचायत पंकज शर्मा का कहना है कि गांव में सफाई की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की है। सफाई व्यवस्था से उनका कोई लेना देना नहीं है।

### हनुमान को खुश करना आसान होता है..



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। इंदिरा नगर कॉलोनी में महेंद्र पाल सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। भजन सिंदूर चढ़ाने से हनुमान खुश होते हैं, हनुमान को खुश करना आसान होता है यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में नीरज कुमार, सोनिका कुमारी, महेंद्र पाल सिंह, ओमवती देवी, अदिति सिंह, अदिरमा चौहान, सचिन कुमार, शालू देवी, सीमा सिंह, दीपेश सिंह, पारुल, आराधना आदि शामिल रहे। संस्था के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, सत्येंद्र भारद्वाज, मास्टर सुनील कुमार, प्रवेश मिश्रा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### हार्टअटैक से सरला देवी का निधन



**बढ़ापुर।** शादी कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे नगर पंचायत बढ़ापुर सहायक लिपिल की कार जाम में फंसने से कार में सवार उनकी मां को हार्ट अटैक आ गया। जाम में फंसे रहने के कारण उपचार नहीं मिलने पर उनकी मां सरला देवी 60 वर्ष की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर पंचायत में सहायक लिपिल के पद पर तैनात नीरज कुमार के साले की मंगलवार की शाम शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए वह परिवार सहित कार से बिजनौर जा रहे थे। कस्बे की पुलिस चौकी के पास जाम लगना शुरू हो गया। उनकी कार भी जाम में फंस गई। तभी अचानक सरला देवी को हार्ट अटैक आ गया और वह बेहोश हो गई। कार जाम में फंसे होने के कारण उनको समय पर उपचार नही मिल सका। लगभग एक घंटे जाम में फंसे रहने के बाद रास्ता मिलने पर उन्होंने अपनी कार दूसरे रास्ते से निकाली और स्थानीय चिकित्सक को उपचार के लिए दिखाया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने बाहर ले जाने की सलाह दी। लेकिन रास्ते में ही सरला देवी की मृत्यु हो गई। घटना से परिजनों में को. हराम मच गया। नीरज कुमार का कहना है कि अगर समय पर उनकी मां को उपचार मिल जाता तो यह घटना टल सकती थी। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार का कहना है कि कस्बे का रास्ता तंग होने की वजह से जाम की स्थिति बन जाती है जाम के संबंध में कस्बे के जिम्मेदार लोगों से बात कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। नगरप. 'चायत चेयरमैन डॉ. दिलशाद अंसारी का कहना कि कस्बे के जाम से निजात दिलाने के लिए बाईपास बनाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया था शासन द्वारा उच्च अधिकारियों को जांच के आदेश दिए गए है।

# पंजाब ने रचा इतिहास, 111 रन डिफेंड किए

## ● कोलकाता नाइट राइडर्स को 95 रनों पर समेट दिया, चहल ने रहाणे का विकेट लेकर पलट दिया मैच

**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड कर दिखाया। मंगलवार को मुल्लांपुर में होम टीम 111 रन ही बना सकी थी, लेकिन उन्होंने बालिंग में कमबैक किया और कोलकाता नाइट राइडर्स को 95 रन पर समेट दिया। पंजाब किंग्स से युजवेंद्र चहल ने 4 विकेट लेकर मैच पलटा।

उन्होंने अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने भी 3 अहम विकेट लिए। प्रभसिमरन सिंह ने 30 और प्रियांश आर्या ने 22 रन बनाए। कोलकाता से रघुवंशी ने 37 रन बनाए। रसेल और रहाणे 17-17 रन बनाकर आउट हुए। हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन को 2-2 विकेट मिले। पंजाब से पहले 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स ने 116 रन डिफेंड किए थे। तब सीएसके के सामने पंजाब 92 रन ही बना सका था। पंजाब किंग्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड किया। टीम के नाम आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड भी है। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए युजवेंद्र चहल ने 4 विकेट लिए। उन्होंने शुरुआती 3 ओवर में ही ये विकेट झटक लिए थे। चहल ने अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को पवेलियन भेजा। चहल की बालिंग से ही पंजाब ने मैच में वापसी की और जीत भी दर्ज कर ली। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए मैक्सवेल ने 2 ओवर में महज 5 रन खर्च किए। उन्होंने वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और कोलकाता पर दबाव बढ़ाया। सेकेंड स्पेल में बालिंग करने आए अर्शदीप ने 3 ओवर में महज 11 रन दिए। उन्होंने पारी का 15वां ओवर विकेट मेडन फेंका। अर्शदीप ने ही कोलकाता का 9वां विकेट लिया और वैभव अरोड़ा को कैच कराया। नई गेंद से बालिंग करने आए यानसन ने पहले ओवर में नरेन को बोल्ड किया। उन्होंने फिर हर्षित राणा को भी बोल्ड किया और कोलकाता पर दबाव बनाया। यानसन ने 16वें ओवर में फिर आंद्रे रसेल को बोल्ड किया और अपनी टीम को जिता दिया। कोलकाता से बालर्स ही फाइट दिखा सके। हर्षित राणा ने पावरप्ले में 3 विकेट लेकर पंजाब को बैकफुट पर धकेल दिया था। उन्होंने प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। बालिंग में वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन ने उनका साथ दिया, लेकिन बैटिंग में खराब प्रदर्शन से टीम को हार मिली। 112 रन के टारगेट के सामने कोलकाता ने 62 रन पर 2 ही विकेट गंवाए थे। यहां 8वें ओवर में युजवेंद्र चहल ने अजिंक्य रहाणे को एलबीडब्ल्यू कर दिया। रहाणे ने रिव्यू नहीं लिया, अगर वे डीआरएस लेते तो बच जाते। रहाणे के विकेट से टीम ने 17 रन बनाने में 6 और विकेट गंवा दिए। टीम का स्कोर 79 रन पर 8 विकेट हो गया। यहीं से कोलकाता बिखर गई। अजिंक्य रहाणे के विकेट के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की बैटिंग बिखर गई। लखनऊ के निकोलस पूरन 357 रन बनाकर टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं।

## रहाणे ने ली हार की जिम्मेदारी

### ● केकेआर टीम को हार से लेना चाहिए सबक लेकर आगे के मैचों को जीतने का प्रयास करना चाहिए



**चंडीगढ़, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पंजाब किंग्स से मिली हार की जिम्मेदारी ली और कहा कि टीम को इस हार से सबक लेना चाहिए। मंगलवार रात यहां महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ रोमांचक कम स्कोर के मुकाबले में 16 रन से मिली हार की रहाणे ने जिम्मेदारी ली और कहा कि टीम को इस हार से सबक लेकर आगे के मैचों जीतने का प्रयास करना चाहिए। केकेआर की ओर से शानदार गें.दबाजी की गयी और पंजाब किंग्स को 111 रन बनाने दिये। केकेआर की ओर से हर्षित राणा ने तीन विकेट और सुनील नारायण तथा वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। केकेआर लेकिन 112 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी तरह से लड़खड़ा गई। रहाणे ने हार की जिम्मेदारी ली और कहा कि टीम ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के अनुकूल रूप से बल्लेबाजी नहीं की है। मैच के बाद कप्तान रहाणे ने कहा कि हमने एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में वास्तव में खराब बल्लेबाजी की, हम पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। गेंदबाजों ने जिस तरह से वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, पंजाब की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को 111 पर रोक दिया। हमें इस हार से सबक सीखना चाहिए। टी-20 क्रिकेट सिर्फ छक्के मारने के बारे में नहीं है, स्थिति को समझने और बल्लेबाज के तौर पर खेल के बारे में जागरूकता रखने और फिर खेल को आगे किस तरह से आगे बढ़ाने के बारे में सोचने की जरुरत है। आज हम इसी चीज़ में चूक गए। केकेआर कप्तान ने इस बात पर जोर दिया कि टी-20 क्रिकेट में, कभी-कभी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करने के लिए कम स्ट्राइक रेट के साथ अधिक संतु.लित पारी खे ला ना आवश्यक होता है। रहाणे ने कहा कि हमें यह सीखने की जरूरत है कि किसी भी स्थिति में कैसे परिणाम हासिल किए जाएं। हालांकि कभी-कभी आपको टी-20 क्रिकेट में मेडन ओवर खेलना पड़ता है या 70-80 की स्ट्राइक रेट से खेलना पड़ता है, यह ठीक है, लेकिन आपको इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। रहाणे ने लीग के बाकी मैचों के बारे में जोर देकर कहा कि आत्मसंतुष्टि की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि केकेआर को अभी सात और मैच खेलने हैं। उन्होंने कहा कि हम टूर्नामेंट के आधे मुकाम पर हैं और लीग में अभी सात मैच बाकी हैं। हमें हमेशा अच्छे इरादे के साथ वापसी करने के बारे में सोचना होगा, साथ ही एक बल्लेबाज के रूप में सीखने और सुधार करने और पिछली हार पर मंथन कर अगले मैच में आगे बढ़ने की को.शिश करनी चाहिए। गौरतलब है कि केकेआर ने अब तक टूर्नामेंट में तीन जीत हासिल की हैं।

## 112 रनों के लक्ष्य का बचाव आईपीएल कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत : रिकी पोंटिंग



■ ऐसी जीत में लगभग सभी खिलाड़ियों का योगदान रहता है

**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे छोटे 112 रनों लक्ष्य का बचाव एक रिकॉर्ड है और यह उनके कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता नाइट राइडर्स मंगलवार को पंजाब किंग्स के 112 रन के छोटे से लक्ष्य को भेदने में असफल रही और 95 रन के स्कोर पर पूरी टीम पवेलियन लौट गयी। पंजाब किंग्स ने 16 रनों से जीत हासिल की थी।

पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' बताते हए कहा, ह्अभी भी मेरे ह्दय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगी। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता। यह दिखाता है कि क्रिकेट कितना मजेदार खेल है। तीन दिन पहले ही हम 246 के लक्ष्य को नहीं भेद पाये थे और तीन दिन बाद ही हमने 112 रन के स्कोर को बचा लिया। दूसरी पारी शुरू होने से पहले मैंने लड़कों से कहा था कि कई बार छोटे लक्ष्य बहुत मुश्किल होते हैं। विकेट उतना आसान नहीं था और मुझे लग रहा था कि मैच फंसेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज रात युज़्वेंद्र चहल की बेहतरीन रात थी। उन्होंने शानदार स्पेल किया। आज के मैच से पहले उनका फिटनेस टेस्ट हुआ था क्योंकि पिछले मैच में उनके कंधे में चोट लग गई थी। इस मैच के अभ्यास सत्र से पहले मैंने उनकी आंखों में आंख डाला और उनसे पूछा कि 'क्या तुम ठीक हो?', उन्होंने कहा- 'हां, मैं शत-प्रतिशत ठीक हूं और मुझे खेलने का मौका।' इसके बाद उन्होंने क्या शानदार गेंदबाज़ी की।

उन्होंने कहा, ह्इस मैच में मैच-अप के कारण अर्शदीप (सिंह) की जगह मार्को (यानसन) और (जेवियर) बार्टलेट ने नई गेंद संभाली। हमने बात की अगर ऐसे मैचों में जीत मिलती है तो यादगार होती है। अगर हम जीत दर्ज कर लेते हैं तो ऐसी जीत में लगभग सभी का योगदान होगा। मैंने कई आईपीएल मैचों में कोचिंग की है, लेकिन यह मेरे लिए अब तक की सर्वश्रेष्ठ जीत है।

## राजस्थान के खिलाफ खेल सकते हैं एलएसजी के मयंक

■ चोट से उबरने के बाद टीम से जुड़े, पिछले आईपीएल में चोटिल हुए थे

**नई दिल्ली, वार्ता।** तेज गेंदबाज मयंक यादव मंगलवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) में शामिल हो गए। मयंक लंबे समय से रिहैबिलिटेशन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीईओ) में थे। वे लखनऊ के फिजियो से हरी झंडी मिलने के बाद शनिवार को राजस्थान के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। मयंक ने अपना आखिरी मैच 2024 अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में खेला था। उसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने फिट घोषित किया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीईओ) बेंगलुरु में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें आईपीएल खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। हालांकि, लखनऊ के हेड फिजियो आशीष कौशिक उनकी जांच करेंगे और उनसे हरी झंडी मिलने पर ही वह राजस्थान के खिलाफ खेल पाएंगे। मयंक को रिहैबिलिटेशन के दौरान प्रैक्टिस सेशन में पैर की अंगुली में चोट लग गई थी। पिछले साल सिर्फ चार मैच ही खेल सके मयंक मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान रहे हैं। मयंक ने डेब्यू मैच में ही सबसे तेज गेंद फेंकी मयंक ने पिछले सीजन आईपीएल डेब्यू किया था। अपने डेब्यू मैच में ही 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद से उनका नाम चर्चा में आया। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 प्रति घंटा की रफ्तार से फेंकी।

## सुरुचि सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

### ● मनु भाकर ने रजत और सौरभ ने जीता कांस्य पदक



**लीमा, वार्ता।** निशानेबाज सुरुचि सिंह और मनु भाकर ने मंगलवार को पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में जहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वहीं सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सुरुचि सिंह ने मंगलवार को फाइनल मुकाबला जीतने के लिए कुल 243-6 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को शिकस्त दी, जो 242-3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की याओ कियानक्सुन ने 219-5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

यह सुरुचि सिंह का विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले सप्ताह आईएसएसएफ विश्वकप 2025 ब्यूनस आयर्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। पिछले वर्ष नई दिल्ली में शूटिंग नेशनल्स में सात स्वर्ण जीतने वाली सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में फाइनल में 244-6 का स्कोर बनाकर पहला विश्व कप पदक अपने नाम किया। सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य पदक भी जीता था। 578 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कुल 219-1 अंक हासिल किए।

## पोमोना के फेयरग्राउंड में होंगे क्रिकेट मैच



■ 2028 ओलंपिक-128 साल बाद वापसी, 1900 ओलंपिक में पहली बार खेला गया था क्रिकेट

**लॉस एंजिल्स, वार्ता।** 2028 लास एंजिल्स में आयोजित ओलिंपिक गेम्स में क्रिकेट का आयोजन साउथ कैलिफोर्निया के पोमोना के फेयरग्राउंड में खेला जाएगा। इसके लिए यहां पर अस्थायी तौर पर क्रिकेट स्टेडियम तैयार किया जाएगा। मंगलवार को आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। पोमोना के फेयरग्राउंड जिसे फेयरप्लेक्स के नाम से जाना जाता है। यह लास एंजिल्स से लगभग 50 किमी पूर्व में है। यह 500 एकड़ का इवेंट काम्प्लेक्स है, जिसने साल 1922 से लास एंजिल्स काउंटी फेयर की मेजबानी की है। यह वेन्यू कान्सर्ट, ट्रेड शो, स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट के लिए जाना जाता है। यहां पूरे साल इवेंट आयोजित होते रहते हैं। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच न्यूयाक में खेला गया था पिछले साल यूएसए और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान न्यूयार्क में भारत-पाक का मैच खेला गया था। इसके लिए पाप-अप स्टेडियम बनाया गया था। इसके अलावा लाडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम और टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में भी वर्ल्ड कप के मैच खेले गए थे। मेंस और विमेंस दोनों ही कैटेगरी में होगी 6-6 टीमें ओ.लिंपिक गेम्स 2028 में क्रिकेट के मेंस और विम.ेंस दोनों ही कैटेगरी में कुल 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी। इसका ऐलान इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी पहले ही कर चुकी है। दोनों कैटेगरी में सभी छह टीमें अपने-अपने स्क्वाड में 15 मेंबर्स चुन सकती हैं। ओलिंपिक में क्रिकेट को पिछले साल शामिल किया गया था। इसमें क्रिकेट के टी-20 फार्मेट को चुना गया है। ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार शामिल हुआ था। ओ.लिंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में शामिल हुआ था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला गया था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया गया था। क्वालिफिकेशन प्रोसेस के बारे में अब तक जानकारी नहीं अभी तक 2028 ओ.लिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रोसेस के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। लास एंजिलिस ओलिंपिक में अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा। कामनवेल्थ में दो बार खेला गया क्रिकेट क्रिकेट कामनवेल्थ गेम्स में भी 2 बार 1998 और 2022 में शामिल किया गया है।

## वानखेड़े में अब रोहित शर्मा के नाम पर भी होगा स्टैंड

### ● बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार और अजीत वाडेकर के नाम पर भी स्टैंड बनाया जाएगा

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसका फैसला मंगलवार को एमसीए की वार्षिक आम बैठक के दौरान हुआ।

इसके अतिरिक्त भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार और पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर भी स्टैंड बनाया जाएगा। इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव राजनेता और एमसीए शीर्ष परिषद के सदस्य मिलिंद नार्वेकर द्वारा रखा गया था। मुंबई क्रिकेट संघ ने एक बयान में कहा, वार्षिक आम बैठक के दौरान पारित एक अन्य प्रमुख प्रस्ताव वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड के नामकरण को मंजूरी देना था। यह प्रस्ताव शुरू में मिलिंद नार्वेकर द्वारा रखा गया था और जित.ेंद्र आव्हाड ने इसका समर्थन किया। सदन ने सर्वसम्मति से स्टैंड के नामकरण को मंजूरी दे दी। वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। भारत ने रोहित की कप्तानी में दो आईसीसी खिताब जीते हैं। रोहित ने अपने करियर में 2024 टी-20 विश्व कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, लेकिन वह 2023 में वनडे विश्व कप का खिताब जीतने से चूक गए थे। अगला विश्व कप 2027 में दक्षिण अफीका, जिम्बाब्वे और नाम.ीबिया में होना है। रोहित 2011 में विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने से चूक गए थे। वह 2015 में एक खिलाड़ी और 2019 में उपकप्तान के तौर पर खेलने उतरे थे। रोहित के पास 2023 में वनडे विश्व कप जीतने का अच्छा मौका था और उनके नेतृत्व में टीम ने लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था।

## जांच में नहीं पास हुआ नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला जांच में फेल रहा। आईपीएल के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरु होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा गया। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़े रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा। पहली पारी के दौरान तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लेने वाले नारायण ने अपनी पारी में चार गेंदों में पांच रन बनाए।

## दिल्ली ने राजस्थान को दिया 189 रन का टारगेट

### ● राजस्थान की तेज शुरुआत, 5 ओवर में फिफ्टी बनाई, रिटायर्ड हर्ट हुए सैमसन

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल के 32वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 189 रन का टारगेट दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने 5 विकेट खोकर 188 रन बनाए। अभिषेक पोरेल ने 49 रन बनाए। राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। राजस्थान ने 7 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 65 रन बना लिए हैं। टीम से यशस्वी जायसवाल और रियान पराग पिच पर हैं। संजू सैमसन छठे ओवर में रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर चले गए। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन पावरप्ले के आखिरी ओवर में रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन चले गए। उन्हें कमर में दर्द महसूस हो रहा था। उनकी जगह रियान पराग बैटिंग करने आए। टीम ने 6 ओवर में बगैर नुकसान के 63 रन बनाए।दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 188 रन बनाए। टीम से आशुतोष शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने संदीप शर्मा के खिलाफ 20वें ओवर में 19 रन बटोरे। अभिषेक पोरेल ने 49, केएल राहुल ने 38, ट्रिस्टन स्टब्स ने 34 और कप्तान अक्षर पटेल ने 34 रन बनाए। राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। महीश तीक्षणा और वनिंदू हसरंगा ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रन आउट भी हुआ।दिल्ली कैपिटल्स ने 17वें ओवर में पांचवां विकेट भी गंवा दिया। महीश तीक्षणा ने ओवर की आखिरी बॉल फुलटॉस फेंकी, अक्षर लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। उन्होंने 34 रन बनाए।



## 46 साल के उम्र में पिता बने जहीर खान

### पत्नी सागरिका ने बेटे को दिया जन्म, साझा की पहली तस्वीर



**मुंबई, वार्ता।** पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और उनकी पत्नी सागरिका घटगे ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों ने बेटे का नाम फतेहसिंह खान रखा है। दंपति ने बुधवार को एक संयुक्त पोस्ट साझा किया और इसकी पुष्टि की। इस कपल ने जो तस्वीरें साझा की हैं उसमें जहीर खान को बेटे को गोद में उठाए हुए देखा जा सकता है, जबकि सागरिका जहीर के कंधों पर हाथ रखी हुई हैं। एक और फोटो में जहीर बेटे का हाथ थामे हुए देखे जा सकते हैं। ग्रे-स्केल तस्वीर को साझा करते हुए इस कपल ने लिखा कि आपके प्यार, कृतज्ञता और ऊपर वाले के आशीर्वाद से हम अपने बेटे फतेहसिंह खान का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। इसके बाद यह पोस्ट बधाई संदेशों से भर गया। अंगद बेदी ने लिखा कि वाहेगुरु। हरभजन सिंह ने लिखा कि आप दोनों को बधाई। वाहेगुरु मेहर करे। प्रज्ञा कपूर ने लिखा, बधाई हो। वहीं, सारा तेंदुल.कर ने लिखा, सबसे अच्छी खबर। सुरेश रैना ने लिखा, बहुत-बहुत बधाई। आकाश चोपड़ा ने लिखा, आप दोनों को बधाई। बहुत सारा प्यार और आशीर्वाद। पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह, सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा शेट्टी, अभिनेत्री डायना पेंटी, पूर्व क्रिकेटर राहुल शर्मा, क्विंटन डिकाक की पत्नी शाशा डिकाक, अभिनेत्री हुमा कुरैशी, वीरेंद्र सहवाग की पत्नी आरती सहवाग ने भी कमेंट के जरिये जहीर और सागरिका को बधाई दी है।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

## संयम जरूरी

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की तीन सदस्यीय पीठ ने बुधवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की जो वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली है। इस पर गुरुवार को भी सुनवाई होगी। दोनों पक्षों ने बुधवार को जमकर अपनी दलीलें पेश की। पूरे देश की नजर इस समय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लगी कि वह गुरुवार को क्या फैसला लेता है। इस समय सबसे बड़ी बात है वह यह है कि सभी पक्ष इस पूरे मामले में संयम का परिचय दे। यही सबके हित में होगा। न्यायमूर्ति खन्ना ने भी याचिकाओं की सुनवाई के अंत में इस पर टिप्पणी भी की और उन्होंने विशेषकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का हवाला भी दिया और उस पर चिंता भी जताई। उनका कहना था कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, तो फिर हिंसा का क्या मतलब है। उन्होंने एक तरह से लोगों से अपील भी की वह संयम से काम ले। इसमें कोई दौराए नहीं कि मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई उसकी हमारे लोकतंत्र में कोई जगह नहीं। जिस तरह के समाचार वहां से मिल रहे है वह बेहद चौकाने वाले है। कहां जा रहा है कि बांग्लादेश से आए उपद्रवियों ने वहां माहौल खराब किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुलकर कह रही है केंद्रीय ऐजेंसियों व बीएसएफ ने मिलकर इस तरह का वातावरण तैयार किया जिससे मुर्शिदाबाद की हिंसा भड़क उठी। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार मुर्शिदाबाद की हिंसा के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहरा रही है। देश का गृहमंत्रालय तो यहां तक कह रहा है कि उसके पास इस तरह के इनपुट है कि तुर्कीए से फंडिंग हुई है। अगर इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह बेहद गंभीर मामला हो जाता है। इस समय भारत के पड़ोसी बांग्लादेश के जिस तरह के हालात है और वहां का नेतृत्व भारत के प्रति आए दिन जहर उगल रहा है उसको देखते हुई बेहद सतर्क होने की आवश्यकता है, लेकिन यहां सतर्कता की बात तो छोड़िए एक-दूसरे के आरोप-प्रत्यारोप में इस तरह उलझे हुए दिखाई दे रहे है, जिससे कि किसी भी तरह का राजनीतिक फायदा उठाया जा सके। इस तरह के मामलों में राजनीतिक हित साधने की तनिक भी इच्छा नहीं होनी चाहिए। आखिर देश से सर्वोपरी कुछ भी नहीं हो सकता। सरकारें तो आती-जाती रहती है। हमारे मान्यों को पता नहीं यह समझ कब आएंगी। हम अवसरवाद के जाल में इस तरह फंसते दिखाई दे रह है कि इससे आगे हमे कुछ भी नहीं सुझता है। हर चीज का राजनीतिककरण करने की एक परिपार्टी सी बनती जा रही है। यह देखना भी किसी विडंबना से कम नहीं है कि देश के शीर्ष संवेधानिक पदों पर बैठे लोगों से जहां यह उम्मीद की जाती है कि वह अपनी भाषा व आचरण से लोगों में संयम पैदा करेंगे। उसके उलट वह ऐसे बोलते है जिससे और बात बिगड़े। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका बेहद अहम हो जाती है।

## मुर्शिदाबाद दंगा: भाजपा-बीएसएफ की मिलीभगत



यूपी के सीएम योगी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वह सबसे बड़े भोगी हैं, महाकुंभ में कई लोगों की जान चली गई, उप्र में मुठभेड़ों में कई लोग मारे गए, योगी लोगों को रैलियां नहीं निकालने देते, मुर्शिदाबाद में हुआ दंगा प्री प्लांड था। इसमें भाजपा, बीएसएफ और सेंट्रल एजेंसीज की मिलीभगत थी, बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में बुलाकर ये दंगे करवाए गए, मुझे मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में बांग्लादेश के शामिल होने की खबर मिली है, क्या बार्डर की सुरक्षा बीएसएफ की भूमिका नहीं है, राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय सीमा की रक्षा नहीं करती है, केंद्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, मैं प्रधानमंत्री से अमित शाह पर नियंत्रण रखने का अनुरोध करूंगी, वह अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**ममता बनर्जी**
**मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# लड़खड़ाते व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिए रामदेव ने खेला साम्प्रदायिक कार्ड

**1906 में दिल्ली में रूह अफजा की शुरुआत हकीम हाफिज अब्दुल मजीद द्वारा हमदर्द लेबोरेटरीज की बुनियाद रखने के साथ की गई थी, उन्होंने पारंपरिक यूनानी चिकित्सा की जड़ी-बुटियों और सीरप का उपयोग कर एक ऐसा पेय बनाया, जो गर्मी और हीट स्ट्रोक से राहत दे सके, इसी शीतल पेय का नाम रूह अफजा रखा गया**



निर्मल रानी

गत वर्ष मेरा एक लेख पूर्व 'चतुर ही नहीं बल्कि शातिर भी हैं बाबा रामदेव' शीर्षक के साथ उस समय प्रकाशित हुआ था जब रामदेव व उनके व्यवसायिक सहयोगी बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले एक दवा विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बिना शर्त अपनी ग़लती की माफी मांगी थी। उस समय 'पतंजलि वेलनेस' ने एक विज्ञापन प्रकाशित किया था जिसके माध्यम से एलोपैथी चिकित्सा पद्धति पर ग़लतफ़हमियां फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में 22 नवम्बर 2023 को पतंजलि के बालकृष्ण व बाबा रामदेव की उस पत्रकार वार्ता के विषय में भी बताया गया था जिसमें पतंजलि ने मधुमेह और अस्थमा को 'पूरी तरह से ठीक' करने का दावा किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए यह भी कहा था कि अदालत ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपये तक जुर्माना लगा सकता है।

इसी मामले में अवमानना नोटिस का जवाब न देने जैसी चतुराई करने पर बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण दोनों को 2 अप्रैल को अदालत में व्यक्तिगत रूप में पेश होने का निर्देश दिया था। तब इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कोर्ट में हलफ़नामा दायर कर बिना शर्त माफ़ी मांगी थी और माफ़ीनामे में रामदेव और बालकृष्ण दोनों ने कहा था कि वे आदेश का पूरी तरह से पालन करेंगे और न्याय की गरिमा को बरक़रार रखेंगे। परन्तु अपना उत्पाद बेचने लिए दूसरी कम्पनी के उत्पाद को बदनाम करने जैसा उनका शातिरपन इस बार उन्हें इतना मंहगा पड़ जाएगा यह शायद रामदेव ने सोचा भी न होगा। इसी लिए वे देश और पूरी दुनिया में गर्मियों में घर घर पाए जाने वाले लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड 'रूह अफ़ज़ा' की ओर इशारा करते हुए कुछ ऐसा बोल गए जिससे उनकी साम्प्रदायिक मानसिकता तो उजागर हो ही गई साथ ही रूह अफ़ज़ा की बैठे बिठाए ज़बरदस्त मार्केटिंग भी हो गई। गत दिनों रामदेव ने फ़ेसबुक पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा था कि शरबत के नाम पर एक कंपनी है जो शरबत तो देती है लेकिन शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। अगर आप वह शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे और पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। उन्होंने साथ ही आगे यह भी कहा कि इसलिए मैं कहता हूं ये 'शरबत जिहाद' है। जैसे लव जिहाद, वोट जिहाद चल रहा है वैसे ही 'शरबत जिहाद' भी चल रहा है। रामदेव के इस विवादित व ज़हरीले बयान के बाद काफ़ी हंगामा खड़ा हो गया। देश भर में बिक रहे अन्य शीतल पेय को लेकर भी रामदेव कहते रहे हैं कि गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए सॉफ्ट ड्रिंक के नाम पर लोग ठंडा मतलब 'टॉयलेट क्लीनर' पीते रहते हैं।

दरअसल 1906 में दिल्ली में रूह अफ़ज़ा की शुरुआत हकीम हाफिज अब्दुल मजीद द्वारा हमदर्द लेबोरेटरीज़ की बुनियाद रखने के साथ की गई थी। उन्होंने पारंपरिक यूनानी चिकित्सा की जड़ी-बूटियों और सीरप का उपयोग कर एक ऐसा पेय बनाया, जो गर्मी और हीट स्ट्रोक से राहत दे सके। इसी शीतल पेय का नाम रूह अफ़ज़ा रखा गया। अफ़ज़ा का शाब्दिक अर्थ है वह चीज़ जो आत्मा 'रूह' को तरोताज़ा कर दे। रूह अफ़ज़ा आज पूरे विश्व में लोगों का इतना पसंदीदा व स्वीकार्य पेय बन चुका है कि यह बिना विज्ञापन के ही पूरी दुनिया में छाया हुआ है। और प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा कमाकर भारत की अर्थ व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। शातिर रामदेव को शरबत जिहाद जैसे शब्दों से इसलिए भी परहेज़ करना चाहिए था कि उनके अपने उत्पाद दुनिया के कई मुस्लिम देशों में भी बिक रहे हैं। जिस मदरसे व मस्जिद से उन्हें चिढ़ है उसी मस्जिद व मदरसे से शिक्षित मौलवी मौलानाओं को अपने मार्केटिंग सहयोगी के तौर पर साथ लेकर वे अपने उत्पाद की मार्केटिंग ईरान सहित अन्य मुस्लिम देशों में करवाते देखे जा चुके हैं। परन्तु दरअसल रामदेव के बार बार अनेक प्रोडक्ट फ़ेल होने के कारण और कई बार उनके उत्पाद की विश्वसनीयता संदिग्ध होने के चलते यहां तक कि भारतीय सेना द्वारा उनके कई उत्पादों का सेम्पल फ़ेल किए जाने के बाद उनके पतंजलि ब्रांड की बिक्री बंद होने लगी है। उनके उत्पाद के शोरूम तो हर जगह मिल जाएंगे परन्तु ग्राहक कहीं नज़र नहीं आता। इसीलिए वे निराशा व कुंठा का शिकार होकर पहले तो विदेशी बनाम स्वदेशी का हौव्वा खड़ा कर लोगों में देशभक्ति की भावना जगा कर अपना व्यवसाय खड़ा करने की कोशिश में थे। फिर एलोपैथी बनाम आयुर्वेद का विवाद खड़ा कर उसका लाभ उठाना चाहा जिसपर अदालत में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। आख़िरकार इसी कुंठा व निराशा के शिकार रामदेव ने सुप्रसिद्ध स्वदेशी कम्पनी हमदर्द के विरुद्ध साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलते हुए इसे 'शरबत जिहाद' तक बता डाला और यहीं से इनकी हक़ीक़त उजागर हो गई कि इन्हें अंग्रेज़ी या विदेशी से ही नहीं बल्कि स्वदेशी आयुर्वेदिक कम्पनी से भी आपत्ति है और उसमें भी इन्हें बुराई ही नज़र आती है।वास्तविकता यह है कि झूठ कुंठा व अत्यधिक महत्वाकांक्षा पर खड़ा रामदेव का साम्राज्य अब लड़खड़ाने लगा है। स्वयं रामदेव का व्यक्तित्व अब योगगुरु के बजाय शुद्ध व्यवसाई बाबा का बन चुका है। इसी लड़खड़ाते व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिए ही रामदेव ने यह साम्प्रदायिक कार्ड खेला है। उन्हें उम्मीद तो थी कि 'शरबत जिहाद' कहने से उन्हें देश के बहुसंख्यक समाज का समर्थन मिल जाएगा परन्तु उसी बहुसंख्यक समाज ने रामदेव की इस बदकलामी का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया कि ख़बरों के अनुसार रूह अफ्जा की बिक्री कई गुना बढ़ गई। और अपने डूबते हुए व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिए ही रामदेव को साम्प्रदायिक कार्ड का सहारा लेना पड़ा और शीतल पेय में भी 'शरबत जिहाद' जैसी बेहूदा शब्दावली गढ़नी पड़ी।

**( ये लेखक के निजि विचार है )**

# क्या डे-लाइट सेविंग टाइम जरूरी है?

**सेविले विश्वविद्यालय की भौतिक विज्ञानी जोस मारिया मार्टिन-ओलाला का मानना है कि DST सिर्फ ऊर्जा की बचत से कहीं अधिक है, उनके अनुसार घड़ी में मौसमी बदलाव से आधुनिक समाजों को काम के निर्धारित समय और प्राकृतिक दिन के बदलाव के बीच सामंजस्य बैठाने में मदद मिलती है लेकिन आजकल की भागमभाग वाली दिनचर्या मौसमी बदलावों की अनदेखी करती है, ऐसे में DST हमें सर्दियों में काम और स्कूल बहुत जल्दी शुरू करने और गर्मियों में बहुत देर से शुरू करने से रोकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो भूमध्य रेखा से दूर हैं, जहां दिन की अवधि में बड़े बदलाव होते हैं**

हर साल डे-लाइट सेविंग टाइम प्रथा के चलते मार्च में अमेरिका में घड़ियां एक घंटा आगे बढ़ाई जाती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में डे-लाइट सेविंग टाइम सबसे पहले 1918 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अपनाया गया था। उद्देश्य था ऊर्जा की बचत और दिन की रोशनी का अधिकाधिक उपयोग करना। गर्मी और वसंत ऋतु में घड़ियां आगे बढ़ाकर लोग प्राकृतिक रोशनी का अधिक उपयोग कर सकते थे और बिजली की खपत कम की जा सकती थी।

लेकिन देखा गया है कि घड़ियां आगे बढ़ने पर लाखों लोग थकान और नींद की कमी से जूझते हैं। नींद में एक घंटे की कमी कोई छोटी समस्या नहीं है-यह स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है। 54 प्रतिशत अमरीकियों का मत है कि डे-लाइट सेविंग टाइम (**DST**) को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए।

इसके दो विकल्प हैं: **DST** को पूरे साल लागू रखा जाए। या स्थायी मानक समय पूरे साल वही समय रखना जो प्राकृतिक दिन की रोशनी के अनुसार हो। कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्थायी **DST** का विरोध करते हैं। उनका कहना है कि देर रात तक रोशनी और अंधेरी सुबह जैविक लय (**circadian rhythm**) को प्रभावित कर सकती है। इसकी बजाय आधे से अधिक अमरीकियों और कई वैज्ञानिक संगठनों का मानना है कि स्थायी मानक समय अधिक स्वस्थ विकल्प होगा। रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित एक अध्ययन **DST** समाप्त करने के विचार को चुनौती देता है। सेविले विश्वविद्यालय की भौतिक विज्ञानी जोस मारिया मार्टिन-ओलाला का मानना है कि **DST** सिर्फ ऊर्जा की बचत से कहीं अधिक है। उनके अनुसार घड़ी में मौसमी बदलाव से आधुनिक समाजों को काम के निर्धारित समय और प्राकृतिक दिन के बदलाव के बीच सामंजस्य बैठाने में मदद मिलती है। लेकिन आजकल की भागमभाग वाली दिनचर्या मौसमी बदलावों की अनदेखी करती है। ऐसे में **DST** हमें सर्दियों में काम और स्कूल बहुत जल्दी शुरू करने और गर्मियों में बहुत देर से शुरू करने से रोकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो भूमध्य रेखा से दूर हैं, जहां दिन की अवधि में बड़े बदलाव होते हैं।

इन तर्कों के बावजूद, चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि **DST** हमारी जैविक घड़ी को प्रभावित करता है। पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय की न्यूरोलॉजिस्ट जोआना फोंग-इसरियावोंगसे का कहना है कि सुबह की धूप मेलाटोनिन स्तर को नियंत्रित करने और लोगों को सतर्क रखने के लिए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों में **DST** से जुड़े कुछ गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की पहचान की गई है जैसे, दिल का दौरा और स्ट्रोक के मामलों में वृद्धि उनींदेपन के कारण कार दुर्घटनाओं में वृद्धि, कार्यस्थल दुर्घटनाओं में वृद्धि सालाना स्वास्थ्य सेवा खर्च में वृद्धि और उत्पादकता में क्षति। अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन और अन्य चिकित्सा संगठनों ने स्थायी मानक समय का समर्थन किया है, जो मानव जैविकी के अनुसार बेहतर है। सभी वैज्ञानिक इस पर सहमत नहीं हैं। कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि **DST** के नकारात्मक प्रभावों को बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया है। नींद में विघ्न डालने के लिए अकेला **DST** ज़िम्मेदार नहीं है आधुनिक इनडोर जीवनशैली, कृत्रिम रोशनी, और देर रात तक स्क्रीन का उपयोग नींद को कहीं अधिक प्रभावित करते हैं। बहरहाल, अधिकांश स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि स्थायी मानक समय सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा विकल्प है।


**54% अमेरीकियों का मत है कि डे-लाइट सेविंग टाइम DST को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए, इसके दो विकल्प हैं: DST को पूरे साल लागू रखा जाए**

बहरहाल, फैसला चाहे जो हो, यह बहस इस दृष्टि से वैश्विक महत्व की है कि हम समय का प्रबंधन कैसे करते हैं, यह हमारे दैनिक क्रियाकलापों के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है।



# पायलट थकान और तनाव को गंभीरता से लें...

**पायलट की थकान एक ऐसी स्थिति है जिसमें लंबे समय तक काम करने, अनियमित कार्यसूची, नींद की कमी और मानसिक दबाव के कारण पायलट शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाते है**





रजनीश कपूर

कुछ दिन पहले एयर इंडिया के एक 28 वर्षीय पायलट की दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंड करते ही तबीयत ख़राब हुई और कुछ ही पलों में उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। पायलट के रिश्तेदार इसे मेडिकल चिकित्सा में देरी को कारण बता रहे हैं। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी और एयरलाइन इस बात से इनकार कर रहे हैं। मृत्यु का असली कारण तो जांच के बाद ही आएगा। एयरलाइन पायलटों के सामने कई चुनौतियां होती हैं। परंतु इनमें से सबसे बड़ी चुनौती है पायलट की थकान और तनाव, जो न केवल उनकी सेहत को प्रभावित करता है, बल्कि विमान की सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है। हाल के वर्षों में, तनाव और थकान के कारण पायलटों की मृत्यु व विमान हादसों के कई मामले सामने आए हैं, जिसने इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा को जन्म दिया है।

पायलट थकान एक ऐसी स्थिति है जिसमें लंबे समय तक काम करने, अनियमित कार्यसूची, नींद की कमी और मानसिक दबाव के कारण पायलट शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाते हैं। एविएशन में पायलटों को अक्सर लंबी उड़ानों, रात की डयूटी, और विभिन्न समय क्षेत्रों में काम करना पड़ता है। इससे उनकी जैविक घड़ी (सर्कैडियन रिदम) बाधित होती है, जिसके परिणामस्वरूप नींद की कमी, एकाग्रता में कमी, और निर्णय लेने की क्षमता में कमी आती है। थकान केवल शारीरिक थकावट तक सीमित नहीं है। यह मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। थकान के कारण पायलटों में चिड़चिड़ापन, तनाव, और अवसाद जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। गंभीर मामलों में, यह हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जो अंतत: मृत्यु का कारण बन सकता है। पिछले कुछ वर्षों में, कई पायलटों की मृत्यु तनाव और थकान से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण हुई है।

कई बार, पायलटों को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को छिपाने के लिए दबाव महसूस होता है, क्योंकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उनकी नौकरी को खतरे में डाल सकती हैं। इस डर से वे समय पर इलाज नहीं करवाते, जिसके परिणामस्वरूप स्थिति और गंभीर हो जाती है। इसके अलावा, एविएशन सेक्टर में कड़ी प्रतिस्पर्धा और आर्थिक दबाव के कारण पायलटों पर अधिक उड़ानें भरने का दबाव भी होता है, जो उनकी थकान और तनाव को और बढ़ाता है। पायलटों को अक्सर 12-14 घंटे या उससे अधिक समय तक डयूटी करनी पड़ती है। रात की उड़ानें और लगातार समय क्षेत्र बदलने से उनकी नींद का पैटर्न बिगड़ता है। जेट लैग और अनियमित नींद के कारण पायलटों को पर्याप्त आराम नहीं मिल पाता। इससे उनकी एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। पायलटों पर यात्रियों की सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी होती है। मौसम की खराबी, तकनीकी समस्याएं और समय की कमी जैसे कारक उनके तनाव को बढ़ाते हैं। कई पायलटों को कम वेतन और नौकरी की अनिश्चितता का सामना भी करना पड़ता है, खासकर कम लागत वाली एयरलाइनों में। यह उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। लंबी उड़ानों और अनियमित शेडयूल के कारण पायलट अपने परिवार के साथ समय नहीं बिता पाते जिससे भावनात्मक तनाव भी बढ़ता है।

पायलट थकान न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। थकान के कारण पायलटों की प्रतिक्रिया समय धीमा हो सकता है, जिससे आपातकालीन स्थिति में गलत निर्णय लेने की संभावना बढ़ती है। विश्व स्तर पर कई विमान दुर्घटनाओं का कारण पायलट थकान को माना गया है। उदाहरण के लिए 2009 में कोलगन एयर फ्लाइट 3407 दुर्घटना में पायलट थकान को एक प्रमुख कारक माना गया था। पायलट थकान और तनाव को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं। विमानन नियामक संस्थाओं को पायलटों की डयूटी अवधि को सीमित करना चाहिए और पर्याप्त आराम का समय सुनिश्चित करना चाहिए। उदाहरण के लिए, भारत में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने पायलटों के लिए अधिकतम उड़ान समय और न्यूनतम आराम समय के नियम बनाए हैं, लेकिन इनका कड़ाई से पालन होना चाहिए। पायलटों की नियमित स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य की जांच भी शामिल हो। इसके साथ ही, तनाव प्रबंधन के लिए परामर्श और सहायता कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। पायलटों को नींद प्रबंधन और जेट लैग से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इससे वे अपनी नींद के पैटर्न को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं। एयरलाइनों को ऐसी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए जिसमें पायलट बिना अपनी नौकरी खोने के डर के, अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को खुलकर बता सकें। उन्नत तकनीकों जैसे ऑटोमेटेड सिस्टम और को-पायलट सपोर्ट सिस्टम का उपयोग करके पायलटों पर काम का बोझ कम किया जा सकता है। पायलटों के लिए हेल्पलाइन शुरू की जानी चाहिए, जहाँ वे अपने तनाव और समस्याओं को साझा कर सकें। पायलट थकान और तनाव एक गंभीर मुद्दा है, इस समस्या से निपटने के लिए विमानन उद्योग, नियामक संस्थाओं, और सरकारों को मिलकर काम करना होगा। पायलटों की कार्य स्थितियों में सुधार, नियमित स्वास्थ्य जांच, और तनाव प्रबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से इस समस्या को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही, समाज को भी पायलटों के योगदान को समझना चाहिए और उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। केवल सामूहिक प्रयासों से ही हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे आसमान सुरक्षित रहें और पायलट स्वस्थ व तनावमुक्त जीवन जी सकें।

## गर्मियों में परिवार और दोस्तों के साथ Watermelon Ice Cream का लें आनंद



गर्मी का मौसम आ गया है, और आइसक्रीम खाने का समय भी। अब आप अपने शरीर को ठंडी आइसक्रीम से ठंडा कर सकते हैं। बाजार से आइसक्रीम मंगवाना एक अच्छा विकल्प है, लेकिन घर पर आइसक्रीम बनाना और भी बेहतर है। आप अपनी पसंद के अनुसार सामग्री चुन सकते हैं और स्वस्थ आइसक्रीम बना सकते हैं। बस कच्चा माल मंगवाएं और आइसक्रीम बनाने की तैयारी करें। तरबूज की आइसक्रीम एक अनोखा और ताजा स्वाद है जो आपको बाहर शायद ही मिले। घर पर आइसक्रीम बनाने से आप अपनी पसंद के अनुसार फ्लेवर और सामग्री चुन सकते हैं और इसे और भी स्वादिष्ट बना सकते हैं। तो देर किस बात की? घर पर आइसक्रीम बनाना शुरू करें और गर्मियों का आनंद लें।

### तरबूज की आइसक्रीम बनाने के लिए क्या चाहिए?

- 3 कप कटे हुए तरबूज (बिना बीज वाले)
- 1 कप दानेदार चीनी
- 1 कप क्रीम
- 1 बडा चम्मच नींबू का रस
- एक चुटकी नमक

### तरबूज की आइसक्रीम बनाने का तरीका

1. कटे हुए तरबूज को ब्लेंडर में डालकर चिकना होने तक ब्लेंड करें। प्यूरी को बारीक छलनी से छान लें ताकि अतिरिक्त गूदा और रेशे निकल जाएं।
2. एक बडे कटोरे में, तरबूज की प्यूरी को दानेदार चीनी और नींबू के रस के साथ तब तक मिलाएं जब तक कि चीनी घुल न जाए।
3. फ्लेवर को घुलने देने के लिए मिश्रण को कम से कम 2 घंटे या रात भर के लिए फ्रिज में रख दें।
4. एक अलग कटोरे में, भारी क्रीम को तब तक फेंटें जब तक कि यह सख्त न हो जाए। व्हीप्ड क्रीम को ठंडे तरबूज के मिश्रण में मिलाएं।
5. मिश्रण को उथले धातु के पैन या बेकिंग डिश में डालें। प्लास्टिक रैप या एल्युमिनियम फॉयल से ढकें और फ्रीजर में रखें।
6. हर 30 मिनट में, मिश्रण को फ्रीजर से निकालें और किसी भी बर्फ के क्रिस्टल को तोडने के लिए इसे कांटे से खुरचें। इस प्रक्रिया को 2-3 घंटे तक दोहराएं।
7. जब आइसक्रीम वांछित स्थिरता तक पहुंच जाए, तो इसे एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और कम से कम 1 घंटे के लिए जमने दें।



# टैरिफ के सिरफिरे युद्ध में चीन व अमेरिका परेशान: दुनिया हैरान

**ताजा हालात**

| अमेरिका | V/S | चीन |
|---|---|---|
| 245 % | | 125 % |



**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर और आगे बढ़ गई है। अमेरिका ने अब चीन पर 100 प्रतिशत और टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ अमेरिका इम्पोर्ट होने वाले चीनी सामान पर कुल टैरिफ 245 प्रतिशत हो गया है। चीन ने 11 अप्रैल को अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नया टैरिफ लगाया है। इससे पहले चीन ने कहा था कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा। अमेरिका की तरफ से नए टैरिफ के ऐलान के बाद चीन ने कहा कि हम अमेरिका के साथ ट्रेड वार करने से नहीं डरते। चीन ने दोबारा कहा कि अमेरिका को बातचीत करनी चाहिए। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि चीन को बातचीत की शुरुआत करनी होगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अगर अमेरिका सच में डायलाग और समझौते के जरिए मुद्दे को सुलझाना चाहता है, तो उसे बेमतलब का दबाव बनाना, डराना और ब्लैकमेल करना बंद करना चाहिए और चीन के साथ बराबरी, सम्मान और आपसी हित के आधार पर बात करनी चाहिए। लिन जियान ने पत्रकारों से कहा कि 245 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के तहत अलग-अलग टैक्स रेट क्या होगा, यह आप अमेरिका से ही पूछिए। यह टैरिफ वार अमेरिका ने शुरू की है, हमने नहीं। हम सिर्फ अमेरिका के एक्शन का जवाब दे रहे हैं। हमारे कदम पूरी तरह तार्किक और कानूनी हैं। हम अपने देश के अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में ईमानदारी बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। एक दिन पहले जानकारी सामने आई थी कि चीन ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग ने अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स और डिवाइसेस की खरीद रोकने का आदेश भी दिया है। चीन ने यह आदेश अमेरिका के 145 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में जारी किया है। बोइंग एयरप्लेन एक अमेरिकी कंपनी है, जो एयरप्लेन, राकेट, सैटेलाइट, टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और मिसाइल बनाती है। कंपनी की स्थापना 15 जुलाई 1916 को विलियम बोइंग ने की थी। कई देशों की एयरलाइंस कंपनियां बोइंग के बनाए गए प्लेन का इस्तेमाल करती हैं। बोइंग अमेरिका की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिफेंस डील करने वाली कंपनी भी है। चीन ने इस ट्रेड वार के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात पर भी रोक लगा दी है। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं। यह मटेरियल आटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा।

## ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में शुरू हुआ था टैरिफ वॉर

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प 2017 में पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने। ट्रम्प ने चुनाव में वादा किया था कि वो चीन के साथ व्यापार घाटा कम करेंगे। ट्रम्प जब राष्ट्रपति बने तब अमेरिका का चीन के साथ व्यापार घाटा 355 अरब डालर था। उसी साल अगस्त में ट्रम्प ने चीन पर बौद्धिक संपदा की चोरी यानी अमेरिकी कंपनियों के उत्पादों की नकल करने का आरोप लगाया और इसकी जांच शुरू करवाई। ट्रम्प ने ट्रेड वार की शुरुआत जनवरी 2018 में सौलर पैनल पर 30प्रतिशत और वाशिंग मशीन पर 20 से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर की। इसके बाद ट्रम्प ने स्टील पर 25 प्रतिशत और एल्यूमीनियम पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया। ये सभी देशों पर लागू किए गए, लेकिन इनका सबसे ज्यादा असर चीन पर पड़ा। चीन इनका बड़ा आपूर्तिकर्ता था। 2018 में अमेरिका का चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 419 अरब डालर हो गया। 22 मार्च 2018 को अमेरिकी कंपनियों की नकल से जुड़ी जांच की रिपोर्ट भी आ गई। इसमें पाया गया कि चीन की नीतियां अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रही है। ट्रम्प के ट्रेड वार का चीन के टेक सेक्टर पर सीधा असर पड़ा। अमेरिका ने हुआवे और जेडटीई जैसी टेक कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया।

# इज़रायल विरोधी प्रदर्शन में KFC कर्मी की हत्या

### कट्टरपंथियों के ग्रुप टीएलपी ने दुकान में घुसकर गोली मारी

**इस्लामाबाद।** पाक के पंजाब में इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी फास्ट फूड रेस्टोरेंट केएफसी के आउटलेट पर लूटपाट और तोड़फोड़ की। कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान टीएलपी के हमले में केएफसी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखपुरा में घटी। पुलिस के मुताबिक टीएलपी कार्यकर्ताओं के एक बड़े ग्रुप ने सुबह-सुबह केएफसी आउटलेट पर धावा बोल दिया था। हमलावरों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते हुए स्टाफ पर गोलियां चलाईं। इस दौरान 40 साल के एक कर्मचारी आसिफ नवाज की मौत हो गई, जबकि बाकी स्टाफ दुकान छोड़कर भाग गया। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस जबतक मौके पर पहुंची तो उपद्रवी भाग चुके थे। 3 दर्जन से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

एक दिन पहले ही टीएलपी कार्यकर्ताओं ने रावलपिंडी में केएफसी आउटलेट को भी निशाना बनाया था और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पिछले हफ्ते कराची और लाहौर में भी इसी तरह के हमले हुए थे, जहां केएफसी आउटलेट में आग लगा दी गई थी। पंजाब पुलिस इस मामले में 17 टीएलपी मेंबर को गिरफ्तार किया था। बांग्लादेश में भी कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों पर हमला कुछ दिनों पहले बांग्लादेश में भी इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों में लूटपाट और तोड़फोड़ की थी। प्रदर्शनकारी बाटा, केएफसी, पिज्जा हट व प्यूमा जैसे ब्रांड के शोरूम में घुस गए थे और वहां रखे सामानों को नुकसान पहुंचाया था। यह घटना उस वक्त हुई थी जब हजारों लोग फलस्तीन के समर्थन में सिलहट, चटगांव, खुलना, बरिशाल, कमिला और ढाका में सड़कों पर उतरे थे।

## गाजा के 30% क्षेत्र पर इज़रायल काबिज़

**यरूशलम।** इजरायली रक्षा बलों ने मार्च में लड़ाई फिर से शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी के 30 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। यह जानकारी द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने इजरायली और मिस्र के अधिकारियों के हवाले से दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कब्जा किए गए अधिकांश क्षेत्र गाजा पट्टी के दक्षिण में हैं, जहां इजरायली सेना ने एक सुरक्षा गलियारा बनाया है, जिसमें मिस्र की सीमा पर स्थित राफा शहर भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया कि आईडीएफ ने एन्क्लेव के उत्तरी भाग में सुरक्षा क्षेत्रों का विस्तार करने की भी योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि 18 मार्च को इजरायल ने गाजा पट्टी पर फिर से हमला करना शुरू किया, क्योंकि हमास ने युद्ध विराम को बढ़ाने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से मना कर दिया था, जो एक मार्च को समाप्त हो गया था। इजरायल ने गाजा पट्टी में एक अलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति भी काट दी।

## ट्रम्प को सीधे कवर नहीं कर पाएंगी बड़ी न्यूज एजेंसियां

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने व्हाइट हाउस प्रेस पूल से रायटर्स, ब्लूमबर्ग और एसोसिएटेड प्रेस न्यूज एजेंसी को बाहर करने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने 15 अप्रैल को कहा कि इन न्यूज एजेंसी को प्रेस पूल में अब स्थाई जगह नहीं मिलेगी। प्रेस पूल एक छोटा सा ग्रुप होता है, जिसमें करीब 10 मीडिया संस्थान होते हैं। इसमें कुछ पत्रकार और फोटोग्राफर शामिल होते हैं। ये लोग राष्ट्रपति की हर छोटी-बड़ी गतिविधि को कवर करते हैं और बाकी पत्रकारों को जानकारी देते हैं।

## अमेरिका से वार्ता को खास महत्व नहीं देता ईरान

**तेहरान।** ईरान के उप राष्ट्रपति मोहम्मद रजा अरेफ ने कहा कि अमेरिका के साथ वार्ता के संबंध में ईरान का कोई विशेष रूख नही है और वह इजरायल को छोड़कर अमेरिका सहित सभी देशों के साथ बातचीत करने की योजना बना रहा है। ओमान की राजधानी मस्कट में शनिवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और मध्य पूर्व के लिए अमेरिकी विशेष राष्ट्रपति दूत स्टीव विटकॉफ के बीच मध्यस्थ के जरिए पहले दौर की वार्ता हुई थी। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के हवाले से अरेफ ने मंगलवार को कहा कि ईरान बातचीत और संवाद के लिए तैयार है, लेकिन उचित और समान शर्तों पर और ईरान के साथ संबंधों में रुचि रखने वाले सभी देशों के साथ बातचीत करने की उम्मीद करता है। अरेफ ने कहा कि ईरान की रणनीति आंतरिक मामलों पर केंद्रित है, लेकिन वह इजरायल को छोड़कर अमेरिका सहित दुनिया के सभी देशों के साथ बातचीत करेगा।

## दुबई बेकरी में पाकिस्तानी ने दो भारतीयों को तलवार से मार डाला

**दुबई।** दुबई की एक बेकरी में पाकिस्तानी शख्स ने तलवार से हमला कर दो भारतीयों की हत्या कर दी। हमला करते हुए पाकिस्तानी शख्स से धार्मिक नारे भी लगाए। दोनों मृतक तेलंगाना के रहने वाले थे और दुबई की बेकरी में काम करते थे। एक मृतक का नाम अष्टापू प्रेमसागर (35) था, जो निर्मल जिले के सोअन गांव का रहने वाला था। दूसरे मृतक की पहचान निजामाबाद जिले के निवास के तौर पर हुई है। वहीं, हमले में एक तीसरा शख्स घायल हुआ था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अष्टापू प्रेमसागर के अंकल ने बताया कि 11 अप्रैल को तलवार से उसे मार दिया गया। वह इस बेकरी में पिछले 5-6 साल से काम कर रहा था और आखिरी बार दो साल पहले अपने परिवार से मिलने गया था। प्रेमसागर के घर में उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं। अब तक परिवार को उसकी मौत की जानकारी नहीं दी गई है। उसके चाचा ने उसकी बाडी को भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। उन्होंने सरकार से कहा कि परिवार की गरीब स्थिति को देखते हुए आर्थिक मदद मुहैया कराए। केंद्रीय मंत्री जी। किशन रेड्ड्डी ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री एस। जयशंकर से इस मामले में मदद करने को कहा है।

## परमाणु ऊर्जा महानिदेशक पहुंचे ईरान

**तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी बुधवार को अपनी ईरान यात्रा पर आयेंगे और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची तथा परमाणु ऊर्जा संगठन प्रमुख मोहम्मद इस्लामी से मुलाकात करेंगे। ग्रोसी इस दौरान ईरान के साथ परमाणु सहयोग और निगरानी गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। आईएईए के महानिदेशक की यह यात्रा ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता के दूसरे दौर की योजनाबद्ध बैठक से पहले होगी।

## हांगकांग ने की अमेरिका की शिपमेंट स्थगित

**बीजिग।** हांगकांग पोस्ट ने अमेरिका को हांगकांग से भेजे जाने वाले सामानों के लिए शुल्क-मुक्त डी मिनिमिस व्यवहार को समाप्त करने के अमेरिकी निर्णय के जवाब में अमेरिका को माल की शिपमेंट स्थगित कर दी है। डाक सेवा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि अमेरिका आगामी 02 मई से अपने यहां भेजे जाने वाले डाक सामानों के लिए टैरिफ बढ़ाने जा रहा है। हांगकांग पोस्ट ने एक वक्तव्य में कहा, अमेरिका का रुख अनुचित और धमकाने वाला है। वह अपमानजनक तरीके से टैरिफ लगा रहा है। हांगकांग पोस्ट निश्चित रूप से अमेरिका की ओर से कोई तथाकथित टैरिफ नही वसूलेगा और अमेरिका को भेजे जाने वाले सामान वाले डाक सामानों की स्वीकृति को निलंबित कर देगा। वक्तव्य में कहा गया है कि अमेरिका भेजी जाने वाली वस्तुओं की सतही डाक (भूमि या समुद्र) 16 अप्रैल से निलंबित कर दी जाएगी।

# भारतीय पर्यटकों को लुभाने में लगा जर्मनी



**नई दिल्ली।** जर्मनी ने अपने पर्यटन उद्योग में भारतीय पर्यटकों की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आकर्षित करने की योजना बनाई है। जर्मन नेशनल टूरिस्ट बोर्ड (जीएनटीबी) और भारत में जर्मन दूतावास ने आज संयुक्त रूप से इस योजना का खुलासा किया, जिसमें जर्मनी को भारतीय पर्यटकों के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में पेश किया गया। इस कार्यक्रम में रोमांटिक गेटअवे, प्रकृति से भरपूर और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा का अनुभव चाहने वालों के लिए तैयार किए गए विशेष ऑफर भी पेश किए गए। चालू वर्ष में जीएनंटीबी तीन प्रमुख पर्यटन पहल शुरू करने के लिए तैयार है। इनमें, हनीमून मनाने के लिए आ रहे लोगों के लिए रोमांटिक जर्मनीद्ध देश की समृद्ध कलात्मक एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए कल्चरलैंड जर्मनी और सस्टेनेबल एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखने वाले पर्यटकों के लिए एम्ब्रेस जर्मन नेचर इनीशिएटिव शामिल हैं। जीएनटीओ में भारत के मार्केटिंग एवं सेल्स ऑफिस के निदेशक रोमित थियोफिलस ने कहा, जर्मनी रोमांटिक पर्यटन और सांस्कृतिक गहराई की पेशकश करते हुए भारतीयों की घूमने की तमन्ना को जगाता है। बाते चाहे प्रकृति के बीच सुकून की तलाश कर रहे जोड़ों की हो या यहां की ऐतिहासिक धरोहरों की खोज करने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों की, जर्मनी के पास बहुत कुछ असाधारण है। हमारा मानना है कि सस्टेनेबिलिटी और सांस्कृतिक समृद्धि पर हमारा फोकस भारतीय पर्यटकों, खासकर रोमांटिक ब्रेकअवे की तलाश करने वालों को गहराई से प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि जर्मनी में आने वालों की संख्या बढ़ी है और पिछले साल की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत और जर्मनी के बीच मजबूत एयर कनेक्ट से पर्यटन में काफी विस्तार हुआ है। जनवरी, 2019 में मासिक उड़ानों की संख्या 241 थी, जो जनवरी, 2025 में 309 हो गई है। डायरेक्ट फ्लाइट की बढ़ती मांग भारतीय पर्यटकों के बीच जर्मनी की बढ़ती लोकप्रियता दिखाती है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में भारतीय पर्यटकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए जीएनटीबी ने उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप विशेष रूप से तैयार किए गए पैकेज पेश किए हैं। 2024 में जर्मनी में रातभर ठहरने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 8.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## शिवराज ने ब्राजीली किसानों को दिया भारत का न्यौता

**साओ पाउलो/नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिह चौहान ने ब्राजील के प्रतिष्ठित कृषि व्यापार समुदाय से विस्तृत बातचीत की और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया। ब्राजील की यात्रा पर गए चौहान ने बुधवार को साओ पाउलो में ब्राजील के किसान समुदाय के 27 प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इसमें किसानों के अलावा कृषि कारोबार, नीति निर्धारक और विशेषज्ञ भी शामिल रहे। चौहान ने संवाद में भारत और ब्राजील के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा देने, बेहतर उत्पादन तकनीकों का आदान-प्रदान, खाद्य प्रसंस्करण की उन्नत तकनीकों को अपनाने, जैव ईंधन और जैव ऊर्जा के उत्पादन में सहयोग, तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण जैसी संभावनाओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील के संयुक्त प्रयास वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ब्राजील की कृषि में मशीनों के व्यापक उपयोग, विशेषकर कपास और सोयाबीन की कटाई की सराहना की और इन क्षेत्रों में सहयोग की आशा व्यक्त की। ब्राजील के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार वर्तमान में भारत-ब्राजील कृषि व्यापार लगभग तीन अरब डॉलर का है।

## जज ने ट्रम्प प्रशासन को भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने ट्रम्प प्रशासन को एक भारतीय स्नातक छात्र को निर्वासित करने से रोक दिया है, जिसका स्टूडेंट वीजा उसके स्नातक होने से कुछ ही हफ्ते पहले चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। मैडिसन अदालत के डिस्ट्रिक्ट जज विलियम कॉनले ने कहा कि यूडब्ल्यू-मैडिसन के अंतर्राष्ट्रीय छात्र 21 वर्षीय कृष्ण लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा रद्द नही किया जा सकता और ट्रम्प प्रशासन उसके खिलाफ निर्वासन सहित कोई कानूनी कार्रवाई नही कर सकता। ट्रम्प प्रशासन द्वारा निर्वासन पर अस्थाई रोक लगाने का अनुरोध मैडिसन के वकील शबनम लोतफी द्वारा किया गया था।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा० सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor